राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 युवा क्रिकेटर रजत पाटीदार की कहानी: बल्लेबाजी से मचाई...

इमरान खान की भड़की शहबाज सरकार, इस्लामाबाद पर हमला... 12

वर्ष : 13 | अंक : 142 | पटना, शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022 | आश्विन शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में रावण वध कार्यक्रम का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना के गांधी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वित्त मंत्री विजय चौधरी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा समते कई गणमान्य लोग मौजदू रहे। श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस रावण दहन कार्यक्रम में सबसे पहले आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत पुष्प गुच्छ, धार्मिक पुस्तक, अंग वस्त्र देकर एवं

झांकी के आगमन के बाद सीएम ने भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण की आरती उतारी

पाग पहनाकर किया गया। मुख्यमंत्री ने गुब्बारा उड़ाकर राज्य में शांति एवं सौहार्द्र कायम रखने का संदेश दिया।। राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से भ्रमण के बाद श्रीराम एवं लक्ष्मण की झांकी गांधी मैदान पहुंची। झांकी के आगमन के बाद सीएम नीतीश कुमार भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण की आरती उतारी। मुख्यमंत्री के आरती करने के बाद रावण वध की शुरूआत हुई। 70 फीट के रावण का पुतला दहन किया गया। इसी के साथ 65 फीट का मेघनाथ एवं 60 फीट का कुंभकरण का पुतला भी जलाया गया।रावण वध के मुख्य समारोह से पहले बुधवार को तेज हवा चलने के कारण जलने से पहले ही रावण का 70 फीट ऊंचा विशाल पुतला जमीन पर गिर गया। पुतले के गिरते ही वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। तुरंत क्रेन को बुलाकर पुतले को वापस उठाया गया।

मौसम

अधिकतम तापमान 27.0°C

न्यूनतम तापमान 16.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 55,291

चांदी 55,300

सेंसेक्स 54,306

निफ्टी 22,503

संक्षिप्त खबरें

विजयदशमी सिर्फ शुभकामनाओं का पर्व मात्र नहीं है:दीनदयाल

वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस),काशी महानगर ने 30 से अधिक स्थानों पर विजयदशमी उत्सव और संघ स्थापना दिवस मनाया। शस्त्र पूजन के साथ शहर में पथ संचलन किया गया। आशापुर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में नागपुर मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण स्वयंसेवकों ने देखा। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता प्रांतीय संपर्क प्रमुख दीनदयाल ने कहा कि नई पीढ़ी को हिन्दू धर्म, पर्व.त्यौहारों के सामाजिक महत्व को वैज्ञानिकता के साथ समझाने की जरूरत है, जिससे हर पीढ़ी अपनी संस्कृति को आत्मसात कर सके।

मुख्यमंत्री ने जदयू के मुजफ्फरपुर जिला उपाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू के मुजफ्फरपुर जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे दल के समर्पित कार्यकर्ता थे। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई सोनिया

पदयात्रा

सोनिया कर्नाटक के मांड्या जिले में पदयात्रा में शामिल होकर करीब एक किलोमीटर तक चलीं। वह पहली बार इस यात्रा में शामिल हुईं।

राहुल गांधी के साथ करीब एक किलोमीटर तक पदयात्रा की

मांड्या (कर्नाटक), एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी गुरुवार को यहां भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। राहुल गांधी तथा अन्य भारत यात्रियों के साथ पदयात्रा की। सोनिया कर्नाटक के मांड्या जिले में पदयात्रा में शामिल होकर करीब एक किलोमीटर तक चलीं। वह पहली बार इस यात्रा में शामिल हुईं। सोनिया और राहुल गांधी के साथ कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और कई अन्य नेता भी इस यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के रास्ते में दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। राहुल गांधी ने जगह-जगह लोगों से मुलाकात की। सोनिया का कर्नाटक विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले

मांड्या में पदयात्रा करना इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह देवगौड़ा परिवार के प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता है।

कर्नाटक में और मजबूत होगी कांग्रेस : वेणुगोपाल

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह ऐतिहासिक क्षण है कि सोनिया गांधी इस यात्रा में शामिल हुई हैं। इससे पार्टी कर्नाटक में और मजबूत होगी।

जनता की सकारात्मक प्रतिक्रिया : रमेश

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, सोनिया गांधी के इस यात्रा में शामिल होने से लोगों का उत्साह और बढ़ गया है। कर्नाटक में जनता की बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस यात्रा की सफलता से घबराई हुई है और इसलिए वह झूठ फैला रही है। पदयात्रा के दौरान सोनिया गांधी के जूते का फीता खुल गया, जिसे राहुल गांधी ने बांधा। कांग्रेस ने यह तस्वीर साझा की। राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गत सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। इन दिनों यह यात्रा कर्नाटक में है। यात्रा का समापन अगले साल की शुरूआत में कश्मीर में होगा। इस यात्रा में कुल 3,570 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

कांग्रेस की यात्रा का कोई असर नहीं : बोम्मई

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का कोई असर नहीं होगा। बोम्मई ने इन दावों को खारिज कर दिया कि सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस की यात्रा के जवाब में अपने नेताओं की रैलियों और राज्यव्यापी दौरों की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी योजना बहुत पहले ही बना ली गई थी। बोम्मई ने यात्रा में सोनिया, प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी के शामिल होने के कारण पड़ने वाले प्रभाव को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, सभी दलों के नेताओं का अपने दल के लिए काम करना स्वाभाविक बात है। उन्होंने (सोनिया गांधी) आधा किलोमीटर पदयात्रा की और उसके बाद वह चली गईं। जहां तक हमारी बात है, हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है और इससे कोई असर नहीं पड़ता।

मुंबई-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस भैंसों से टकराई

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई सेंट्रल और गांधीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार को भैंसों के झुंड के रेलवे लाइन पर आने से दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन के सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर हुई जब वटवा और मणिनगर स्टेशनों के बीच चलती ट्रेन के सामने कुछ भैंसें आ गईं। हादसे के चलते करीब 8 मिनट तक रुकी रहने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हुई। भारतीय रेलवे के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने घटना के संबंध में कहा कि मुंबई-गांधीनगर वंदे भारत के रास्ते में अचानक 3-4 भैंसें आ गईं, जिससे एफआरपी से बनी नाक क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, कोई कार्यात्मक हिस्सा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ट्रेन शवों को हटाने के बाद (8 मिनट के भीतर) चली गई और गांधीनगर में समय पर पहुंच गई। घटना 11:18 बजे गैरतपुर-वटवा स्टेशन के बीच हुई। रेलवे प्रवक्ता ने कहा कि रेलवे आस-पास के ग्रामीणों को ट्रैक के पास मवेशियों को न छोड़ने की सलाह दे रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 30 सितंबर को गांधीनगर राजधानी और मुंबई सेंट्रल के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के नए और उन्नत संस्करण को हरी झंडी दिखाई थी।

भाजपा आयोग बनाने की बात कहकर आरक्षण को उलझाना चाहती है: ललन सिंह

बोले, बीजेपी की साजिश के खिलाफ जदयू पूरे राज्य में पोलखोल अभियान चलाएगी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नगर निकाय चुनाव पर रोक के बाद बिहार में सियासत गरमा गई है। इस मसले पर भाजपा और जदयू आमने-सामने है। जदयू ने आरोप लगाया है कि बीजेपी आयोग गठन की बात कह लोगों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा है कि बीजेपी आयोग गठन की बात कह आरक्षण को उलझाना चाह रही है। ललन सिंह ने एलान किया है कि बीजेपी की साजिश के खिलाफ जदयू पूरे राज्य में पोलखोल अभियान चलाएगी।

जदयू कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ललन सिंह ने कहा है कि बीजेपी के लोग सरकार निकाय चुनाव को लेकर सरकार के खिलाफ गलतबयानी कर रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि साल 2006 में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कानून बनाकर महिलाओं, दलित समाज, अनुसूचित जाति और अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण देने की व्यवस्था की थी। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने बिहार में आरक्षण की व्यवस्था को सही करार दिया था। उसके बाद से आज तक बिहार में जो भी चुनाव हुए उसी एक्ट के मुताबिक कराए गए। इस बार का निकाय चुनाव भी उसी एक्ट के तहत हो रहा था। उन्होंने बीजेपी के आरोपों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि बुद्धि कहीं बाजार में नहीं मिलती

है कि बीजेपी के नेताओं को दे दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग गठन करने की बात बिहार के मामले में नहीं बल्कि महाराष्ट्र के मामले में कही थी। जदयू शुरू से ही मांग करती रही है कि पूरे देश में जातिय जनगणना होनी चाहिए लेकिन भारत सरकार ने इस मांग को पूरा नहीं किया। जिसके बाद बिहार सरकार ने निर्णय लेते हुए राज्य में जातीय गणना कराने का फैसला लिया। बीजेपी के नेता जो आयोग गठन की बात कर रहे हैं उससे बिहार का कोई लेना देना नहीं है।

जेडीयू अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी के लोग आयोग बनाने की बात कहकर आरक्षण को उलझाना चाहते हैं। ललन सिंह ने बीजेपी को आरक्षण विरोधी बताते हुए कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी कहा था कि देश में आरक्षण समाप्त कर देना चाहिए। बीजेपी की मंशा है कि किसी तरह से आरक्षण को समाप्त कर दिया जाए। बीजेपी के लोग जो आयोग गठन करने का राग अलाप रहे हैं उन्हे पता होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के आरक्षण एक्ट को पहले ही सही बता चुका है। नीतीश कुमार ने बिहार के पिछड़े समाज के लोगों से जो वादा किया था वे उससे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

भाजपा की नियत में खोट है, आरक्षण को लटकाना और गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित, महादलित वर्ग व महिलाओं को मुख्य धारा में नहीं आने देना इनका मुख्य लक्ष्य है। सामाजिक न्याय के साथ विकास नीतीश कुमार का कमिटमेंट, इसे हम पुरा करके रहेंगे। भाजपा को बेनकाब करेंगे। कहा कि स्पष्ट है कि आरएसएस प्रमुख को गुरु मानने वाली भाजपा की मोदी सरकार पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, महादलित, महिला और गरीब सवर्ण विरोधी है। ये सिर्फ. दो कॉरपोरेट व्यक्ति को लाभ पहुंचाते हैं। चुनावों में प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ नौकरियों का वादा और जीतने के बाद जुमला बताना इनका पेशा है।जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि भाजपा से जुड़े व्यक्ति ने ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस आरक्षण विरोधी है। दोनों सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण समाप्त करने की साजिश में लगे हैं। उन्होंने पूछा कि जब केंद्र सरकार जाति आधारित गणना से मुकर गई है तो देश के स्तर पर जातियों की संख्या का निर्धारण कैसे होगा? राज्य सरकार जातियों की गणना करा रही है। लेकिन, इसका परिणाम तुरंत नहीं आने जा रहा है। उन्होंन कहा कि राज्य में बिना आरक्षण के निकाय चुनाव नहीं होंगे। कुशवाहा ने कहा कि भाजपा के दो चेहरे हैं। ऊपरी चेहरा आरक्षण समर्थक का है। दूसरा और असली चेहरा आरक्षण विरोधी है। भाजपा और आरएसएस कोर्ट के माध्यम से सरकारी नौकरियों में पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को भी समाप्त करने के प्रयास में है। उन्होंने संकेत दिया कि चुनाव पर रोक के लिए याचिका दायर करने वाले व्यक्ति का भी भाजपा से संबंध है। आरक्षण की न्यायिक समीक्षा की मांग इसी साजिश का हिस्सा है।

जयशंकर ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री अर्डर्न के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की

ऑकलैंड/नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न से बृहस्पतिवार को मुलाकात की और इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापारिक सहयोग बढ़ाने एवं लोगों के बीच आपसी सपंर्क को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई। जयशंकर ने अर्डर्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से व्यक्तिगत शुभकामनाएं भी दीं। यह विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की न्यूजीलैंड की पहली यात्रा है। जयशंकर ने ट्वीट किया, न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न से मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग गहरा करने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और लोगों के बीच आपसी संपर्क को प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई। जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अर्डर्न के साथ एक कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को हिस्सा लेंगे, जिसमें उस देश में अभूतपूर्व योगदान देने एवं उपलब्धियां हासिल करने वाले भारतीय समुदाय के लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

पदभार कृषि मंत्री ने कृषि विभाग का किया कार्यभार ग्रहण

9 हजार खाली पदों को भरना पहली प्राथमिकता होगी : कुमार सर्वजीत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत द्वारा गुरुवार को विकास भवन नया सचिवालय अवस्थित कृषि मंत्री के कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग का कार्यभार ग्रहण किया गया। कृषि विभाग के सचिव डॉ एन सरवण कुमार ने कृषि मंत्री का विभाग की ओर से स्वागत किया तथा उन्हें कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

कृषि मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि किसानों की खुशहाली सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत दिया जायेगा। मंत्री ने पदभार ग्रहण करने के साथ डीजल अनुदान में अतिरिक्त 100 करोड़ रुपए माँग से संबंधित पहली संचिका को मंत्रिपरिषद् की बैठक हेतु अनुमोदित किया। सभी पात्र किसानों को तुरंत डीजल अनुदान का भुगतान किया जायेगा, ताकि सुखाड़ जैसी उत्पन्न स्थिति में

खेती को फिर से वापस पटरी पर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय लीला के आगे किसी का कोई वश नहीं चलता है, किसानों को जलवायु परिवत्र्तन से बचाने के लिए कम पानी में ज्यादा-से-ज्यादा खेती से चल रही योजनाओं पर और फोकस किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में लगभग 9000 विभिन्न स्तर के खाली पदों को भरना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जिन क्षेत्रों में धान की खेती नहीं हो पायी है, उन क्षेत्रों में वैकल्पिक फसल की खेती के लिए राज्य सरकार द्वारा बीज उपलब्ध कराया गया है। प्रभावित किसानों को हरसंभव मदद दिया जायेगा। भारत सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर विभाग समय से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। विभाग द्वारा बीज की आपूर्ति समय से सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि 25 नवम्बर तक सभी पंचायतों में किसान चैपाल का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में विभागीय अधिकारी/कर्मचारी के साथ ही कृषि विष्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों के कृषि वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। राज्य में फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जायेगा। चैथा रोड मैप का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों से व्यापक विचार विमर्श होगा। श्री कुमार ने कहा कि दक्षिण बिहार के शुष्क क्षेत्रों में बागबानी को बढ़ाने के लिए विशेष कार्य किया जायेगा। ड्रिप तथा स्प्रिंकलर सिंचाई का लाभ अधिक-से-अधिक किसानों तक पहुँचे, इसके लिए अभियान चलाया जायेगा। दक्षिण बिहार के जिलों में जलछाजन का विकास किया जायेगा। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए डिजिटल कृषि को बढ़ावा दिया जायेगा। राज्य में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा को प्रोत्साहित किया जायेगा। जरूरत के हिसाब से कृषि के क्षेत्र में नए महाविद्यालय खोले जायेंगे।

इस अवसर पर विशेष सचिव रवीन्द्र नाथ राय एवं बिजय कुमार, कृषि निदेशक डॉ आदित्य प्रकाश, निदेशक उद्यान नन्द किशोर, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र कुमार, निदेशक बसोका सुनील कुमार पंकज, निदेशक भूमि सरंक्षण बैंकटेश नारायण सिंह सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार में पर्यटन की असीम संभावनाएं : तेजस्वी यादव

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आज पर्यटन विभाग के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। इस मौके पर उन्होंने कहा की पर्यटन के क्षेत्र में बिहार में असीम संभावनाएं हैं। तेजस्वी ने कहा की हम सभी को ब्रांड एम्बेसडर बनकर बिहार की ब्रांडिंग और प्रमोशन करना है। हमारी सरकार की कोशिश है कि राज्य में बुनियादी सुविधाओं, शानदार व्यवस्थाओं एवं विश्व स्तरीय ट्यूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन केंद्रों की संख्या बढ़ायें। उन्होंने कहा की बिहार माता सीता, गुरु गोविंद सिंह, महात्मा बुद्ध, भगवान महावीर और सूफी संतों तथा सम्राट अशोक, चाणक्य, आर्यभट्ट, जेपी, कपूर्री ठाकुर जैसे महापुरुषों की पावन भूमि है। यहाँ अनेक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। बिहार सरकार पर्यटकों की यात्रा और पर्यटन को सुगम, सरल, सुरक्षित एवं अनुकूल बनाने के लिए हर स्तर पर प्रयत्नशील है। जिनके विकास के लिए कई कदम उठाये जाएंगे। बता दें की कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के इस्तीफे के बाद पर्यटन मंत्री कुमार सर्वजीत की उनका विभाग सौंपा गया है। वही, पर्यटन विभाग का प्रभार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मिला है।

संक्षिप्त खबरें

बेटर माइंड्स कोचिंग संस्थान का उद्घाटन

फतुहा। शहर के स्टेशन रोड, सरकारी अस्पताल के पास में बेटर माइंड्स कोचिंग संस्थान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन अतिथि सुप्रसिद्ध व साहित्यकार एवं शिक्षाविद् रामयतन यादव, राजीव रंजन, डायरेक्टर राजदेव प्रसाद के गरिमामय उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन करते हुए रामयतन यादव ने कहा कि हम अपने जीवन में जो भी उपलब्धियां हासिल करते हैं उनमें शिक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने बेहतर माइंड्स के जरिए फतुहा के शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा पद्धति आरंभ करने हेतु संस्कार को मिशन के तौर पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर चंद्र भूषण प्रसाद, डॉ विनीत कुमार, संजय कुमार, अनिता पाटनी, राणा राजेंद्र पासवान, डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन ई. राहुल कुमार ने किया।

चुनाव स्थगित होने से प्रत्याशियों में मायूसी

फतुहा। निकाय चुनाव में आरक्षण रोस्टर पालन नहीं होने के कारण हाई कोर्ट द्वारा चुनाव पर फिलहाल रोक लगा दिया गया। जिसके कारण नगर परिषद फतुहा में होने वाले 10 अक्टूबर के चुनाव नहीं होने से प्रत्याशियों में मायूसी और रोष देखा जा रहा है। वहीं प्रत्याशियों द्वारा नगर में जनसंपर्क और प्रचार में काफी मेहनत कर रहे थे। चुनाव पर रोक लगने से प्रत्याशी चुनाव आयोग के अगले नोटिफिकेशन की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। गली-गली में प्रचार का शोर अचानक थम गया। चाय और चौक-चौराहों पर चुनाव के गतिविधियों पर चर्चा जारी है।

दशहरा पर श्रद्धालुओं की किया सेवा

पटना सिटी। दशहरा पर हाजीगंज व्यवसाय संघ और चौक थाना शांति समिति की ओर से मेडिकल सेवा शिविर लकी बिस्कुट मोड़ पर लगाया गया। इसका उद्घाटन विधायक नंदकिशोर यादव ने फीता काट कर किया। मौके पर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कैंप में चिकित्सा सुविधा, पीने के पानी की सुविधा, खोया-पाया की जानकारी देने का काम किया गया। शांति समिति और हाजीगंज व्यवसाय संघ के सदस्यगण मौजूद रह अपनी सेवा देने का काम किया। चार दिवसीय कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्वक किया गया। मौके पर चौक थाना अध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता भी उपस्थित हुए। संघ के अध्यक्ष प्रकाश पासवान, तत्कालीन वार्ड पार्षद मनोज उर्फ मुन्ना कुमार जायसवाल, विनय कुमार बिट्टू, जगरनाथ शर्मा, रवि रंजन जायसवाल, शशिकांत शुक्ला, विनय गुप्ता, पप्पू जी, संतोष जायसवाल, सुमित कुमार सोनी, आलोक रंजन, मिथिलेश जयसवाल, हरिमोहन यादव, प्रफुल्ल पांडेय, अनिल शर्मा, दिलीप शर्मा, अजय मेहता लगातार चार दिनों तक सप्तमी से लेकर 11वीं तक व्यवस्था में लगे रहे।

पहले कलश व भगवती की प्रतिमाओं का विसर्जन जारी

● गायघाट, भद्र घाट, कंगन घाट व लॉ कालेज घाट पर की गई विसर्जन की व्यवस्था

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

प्रशासनिक सुरक्षा और पुलिस की मुस्तैदी के बीच भद्र घाट, गायघाट, कंगन घाट और लॉ कालेज घाट पर दशहरा पर स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम तालाब के साथ गंगा नदी में भी गुरुवार को देर रात तक प्रतिमा का विसर्जन चलता रहा। प्रतिमा विसर्जन के लिए अनुमंडल प्रशासन ने भद्र घाट और गायघाट पर अस्थायी थाना खोला रखा है। यहां पर तैनात दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो के अलावा नगर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार, एएसपी अमित रंजन, एसडीओ मुकेश रंजन, वरीय उप समाहर्ता के साथ प्रशासन व पुलिस के आलाधिकारी, अर्धसैनिक बल के जवान देर रात तक डटे दिखे। एसडीओ ने बताया कि दो दिनों के अंदर करीब 363 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है। इसके पूर्व सुबह से ही नवरात्र के पहले दिन स्थापित कलश का विसर्जन बुधवार को पूजा और आरती करने के साथ किया गया। श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी, विकास गिरी, छोटी पटनदेवी में आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी व विवेक द्विवेदी, दीरापर काली मंदिर में शशिकांत मिश्र, शीतला माता मंदिर में सुनील पुजारी, पंकज पुजारी, बबलू आदि और विभिन्न पूजा पंडाल से लेकर घर में स्थापित कलश का विसर्जन किया गया। इसके बाद सोनार टोली की चांदी की देवी जी का, कसेरा टोली, कमंगर गली, खाजेकला अखाड़ा की श्री बड़ी देवी जी, नंदगोला, दलहट्टा की श्री बड़ी देवी जी सहित अन्य बड़ी व छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक जारी रहा। गुरुवार को भी गुरहट्टा श्री बड़ी देवी जी, हाजीगंज, रानीपुर की काली जी से लेकर अन्य पश्चिम की ओर से आने वाली प्रतिमाओं का विसर्जन गायघाट और भद्र घाट में बनाए गए कृत्रिम तालाब से लेकर गंगा नदी में किया गया। इन घाटों पर बनाए गए कृत्रिम तालाब में जैसे ही प्रतिमा का विसर्जन होता था, उसके बाद जेसीबी की मदद से ढढर को निकाल कर किनारे कर दिया जाता था, ताकि अन्य प्रतिमाओं का विसर्जन भी सुनिश्चित हो सके। प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर गुरुवार को रात 11 बजे के बाद तक जारी रहा। इस बीच बंगाली समाज के द्वारा गायघाट गौरी शंकर मंदिर कालोनी में स्थापित भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमा के साथ महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली। इसके बाद विसर्जन शोभायात्रा में भी नाचते, झूमते वह जयकारा करते हुए विसर्जन को ले गईं।

ट्रॉली खराब होने से को में हुई देरी

पटना सिटी। करुणा के कारण पिछले दो साल से तो दुगार्पूजा के अवसर पर पूजा तो हो पा रहा था, मगर शोभायात्रा नहीं निकाला जा रहा था। इस कारण से श्री बड़ी देवी जी, मारूफगंज के विसर्जन में इस्तेमाल होने वाला ट्रॉली का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा था। समिति के लोगों ने बुधवार को ट्रॉली निकालकर चलाने का काम किया, तो सब कुछ ठीक-ठाक था। जब विसर्जन शोभायात्रा निकालने की बारी आई और ट्रॉली पर भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमा रखी गई। जब ट्रॉली को खींचा जाने लगा, तब उसका पहिया फंस गया। काफी मशक्कत के बाद देखा गया कि उसका बेयरिंग टूट कर फंस गया है। इसके बाद बेल्डिंग मशीन और बेयरिंग मंगवा कर उसे ठीक कराया गया। तीन-चार बार ट्रॉली को थोड़ा आगे ले जाने के बाद ही फिर खराब हो जाता। अंततः इसे रात करीब 11 बजे दुरुस्त करने के बाद अपने स्थान से भगवती विसर्जन के लिए प्रस्थान कर पाई। इस कारण से अशोक राजपथ के दोनों ओर फुटपाथ पर बैठी और घर की छतों पर भगवती के दर्शन और पुष्प वर्षा के लिए मौजूद लोगों को भी खासा इंतजार करना पड़ा। आयोजकों ने भी भगवती की प्रतिमा को बिना देर किए हुए लगातार आगे बढ़ाने का काम किया, ताकि और देर रात न हो जाए। हालांकि इसके बावजूद जगह-जगह श्री मारूफगंज की बड़ी देवी जी का स्वागत में पुष्प वर्षा की गई और आरती भी उतारी गई।

दुर्घटना में पूर्व पार्षद तारा व उमेश घायल

पटना सिटी। पटना नगर निगम के वार्ड 62 की तत्कालीन पार्षद तारा देवी अपने पति उमेश मेहता के साथ मोटरसाइकिल से विभिन्न प्रतिमाओं के दर्शन के लिए बुधवार की रात जा रही थीं। गुरु गोविंद सिंह पथ के सिटी स्कूल के पास अचानक ई-रिक्शा चालक ने वाहन को घुमा लिया। इससे मोटरसाइकिल में ब्रेक लगाने पर उमेश मेहता उसकी चपेट में आ गए। वह गाड़ी पर बैठे रहे और उनके चेहरे पर चोट आई। खासकर नाक में चोट आने से खून बहने लगा। वहीं बाइक पर पीछे बैठी तारा देवी गिर गईं। उनके बाएं पैर में फैक्चर हो गया। दोनों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया। हालांकि सूचना मिलते ही लोगों ने ई-रिक्शा चालक को घेर लिया, मगर उमेश मेहता ने उसकी पिटाई करने से मना करते हुए उसे जाने दिया। दरअसल पटना सिटी में चलने वाला अधिकांश ई-रिक्शा रात में न तो हेड लाइट और न ही टेल लाइट जलाता है। यहां तक कि वाहन को मोड़ने के दौरान भी इंडिकेटर का भी इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इससे आए दिन लोग उक्त वाहन के चालक की लापरवाही का शिकार होकर घायल हो रहे हैं। ठंड का मौसम दबिश दे रहा है। ऐसे में गिरने वाले कुहासा से और भी परेशानी होगी। यातायात पुलिस या स्थानीय थाना की पुलिस भी बिना हेड और टेल लाइट के चल रहे ई-रिक्शा और नाबालिग चालकों पर कार्रवाई करने से कभी भी सक्षम नहीं देखी गई।

रानीपुर की काली जी शोभायात्रा में घोड़ा, ऊंट व बैंड

हुआ स्वागत, पुष्प वर्षा व हुई आरती

पटना सिटी। काली कला मंदिर, रानीपुर के काली जी की प्रतिमा के विसर्जन शोभायात्रा विजयादशमी की रात निकली।

यह पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद सुदर्शन पथ, गुरु गोविंद सिंह पथ होते हुए शहीद भगत सिंह चौक के रास्ते अशोक राजपथ के मच्छरहट्टा, खाजेकलां, गुरहट्टा, पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज, पुरानी सिटीकोर्ट होते हुए भद्र घाट गंगा नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसमें घोड़ा, ऊंट से लेकर हाजीपुर का बैंड बाजा के साथ ही बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को मेहंदीगंज थाना के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी और बल मुस्तैद दिखा। हालांकि इसके बाद भी दी-तीन बार मारपीट की घटना हुई, जिसे तुरत नियंत्रित किया गया। इस शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष

अमरनाथ यादव, महासचिव सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष देवानंद, बलराम यादव, गोरख यादव, राजकुमार यादव आदि थे। शोभायात्रा को धीरे-धीरे भद्र घाट को ले जाया गया। अपराह्न में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। काली जी की प्रतिमा का जगह-जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई और आरती उतारी गई।

शिया समाज ने निकाला जुलूसे अमारी व चुप ताजिया

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

हजरत इमाम ए हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत पर बुधवार को शिया सुमदाय की ओर जुलूसे अमारी निकाला गया। अंजुमने पंजेतनी के आयोजन में चोआ लाल लेन स्थित याहिया मंजिल से निकला जुलूसे अमारी का जुलूस नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुंचा। यहां पर ईरान से आए मौलाना जमीर अब्बास जाफरी, दिल्ली के मौलना काजी असकरी, लखनऊ के मौलाना सैयद रहमत हुसैन नकवी, मौलाना सज्जाद हुसैन, गोपालपुर के मौलाना सैयद तक्की रजा, मौलाना मुजफ्फर रजा और मौलाना मुराद रजा ने तकरीर किया। मुसा अली हाशमी ने सलाम पढ़ा। जुलूस में अंजुमने पंजेतनी के अध्यक्ष तनवरूल हसन तन्नू, सचिव सैयद अली इमाम ने नौहा किया। आयोजन में चमडोरिया इमामाबाड़ा के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी, डॉ सिकंदर अली, शाह

सरबर इमाम, जावेद अहमद बबलू, सैयद हसन अली के साथ अन्य अंजुमन के लोग शामिल हुए। अंजुमने हुसैनिया ने चुप ताजिया का जुलूस बावली इमामबाड़ा से निकाला। जुलूस अशोक राजपथ के मुख्य मार्ग होते हुए नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुंच कर समाप्त हुआ। यहां पर मजलिस हुई। जुलूस में अध्यक्ष प्रो अकबर, प्रधान महासचिव मुस्ताक हुसैन, अशफाक अली, करामत हुसैन के साथ दूसरे अंजुमन से जुड़े लोग भी शामिल थे। जुलूस के नौजर कटरा इमामबाड़ा पहुचंने पर अलविदा की नौहा अंजुमन के लोगों ने पढ़ी। अंजुमने अब्बासिया की ओर से अलविदाई मजलिस का आयोजन कर्नल साहब के इमामाबाड़ा नौजर कटरा में हुआ। इसमें तकरीर के बाद अंजुमन के लोगों ने अलविदा नौखा पढ़ी।

छात्रों के बीच हुआ तकरीर व फातिया मुकाबला

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

मदरसा अहमद रजा जामा मस्जिद बाग कालू खां में छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित तकरीर, फातिया मुकाबला व धार्मिक सवाल-जवाब का मुकाबला हुआ। इसमें प्रथम स्थान मो शाहीद, शफा रहमत, शाद अहमद, ईशा आफसाना, हुमैरा, दूसरा स्थान एसएम एहराज, मजीद, आएशा हसन, आजमत जहरा, फातमा फैजान कादरी, जहरा फातमा, तीसरा स्थान मो दानिश, रजा मुराद, दर्खशा रेहान, मुस्तफा अरमान, अफसाना इब्राहिम, आएशा सायमा ने हासिल किया। मुकाबला के विजेता प्रतिभागियों को हाफिज कारी दानिश रजा एमादी, डा एकबाल अहमद, एस हुसैन मजीद, हाफिज जिबरिल, मौलाना शाहनवाज, मौलाना फारूक, मौलाना साकीर, मौलाना अबदुल जलील, मो रेयाजउद्दीन, मो वसीम, जाहिद सौकत, वली अल्लाह, कमाल बंदी, मो आदिल, मो राजा, वसीम बरकाती आरिस शारीक इन सभी लोगों के दस्ते मुबारक से पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मौलाना हाफिज कारी दानिश रजा एमादी ने कहा कि इस्लाम ने हर परिस्थिति में लड़के और लड़कियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अनिवार्य किया है। उसके बाद सलातो सलाम और दुआ पर कार्यक्रम समाप्त हुआ। सभी आए मेहमानों का शुक्रिया व स्वागत दानिश रजा एमादी ने किया।

चंडी पाठ का समापन, शस्त्र का हुआ पूजन

● गुरु महाराज के शस्त्रों का कराया गया दर्शन

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

नवरात्र पर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में पहली पूजा से चल रहे श्री चंडी दी वार पाठ का दशमी को समाप्त हुआ। पाठ के दौरान डेली करीब डेढ़ सौ नारियल और ईख चढ़ाया गया। दशम ग्रंथ में आए चंडी दी वार पाठ की समाप्ति के बाद संगतों के बीच नारियल और ईख के प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौरान गुरु महाराज के शस्त्रों का पूजन हुआ।संगतों को पूरे शस्त्र का दर्शन भी कराया गया। कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने शस्त्र पूजन व दर्शन कराया। आयोजन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड समेत अन्य प्रांत से

पहुंचे सिख संगत शामिल हुई थी। इसी प्रकार बाललीला गुरु द्वारा मैनी संगत में बाबा गुरबिंदर सिंह की देखरेख में भी शस्त्रों की पूजा की गई। फिर संगतों को भी इसका दर्शन कराया गया। दशहरा पर देश के विभिन्न हिस्सों से संगत तख्तश्री पटना साहिब दर्शन को पहुंचती है। इस दौरान कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह खनूजा, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, पपिंदर सिंह, प्रेम सिंह, बलराम सिंह, त्रिलोक सिंह, तेजेंदर सिंह बंटी आदि संगत मौजूद रही। दूसरी ओर दशहरा के चार दिनों तक स्थानीय लोगों की भीड़ भी दरबार साहिब में में मत्था टेकने और प्रसाद चढ़ाने को रही।

लावारिस अवस्था में दिव्यांग बच्चा को सड़क किनारे छोड़कर परिजन हुआ फरार

दानापुर खगौल। दुर्गा पूजा में घुमाने निकले अपने परिवार के एक दिव्यांग मासूम को गुरुवार की अहले सुबह खगौल के नेऊरा कॉलनी रोड नंबर 25 के सड़क के किनारे छोड़कर भाग निकले। बच्चे की उम्र लगभग 6 साल बताई जा रही है। बच्चा पूरी तरह से मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग है। गुरुवार की सुबह उस बच्चे को देखने के लिए आसपास के लोगों पहुंचने लगे वही किसी ने स्थानीय थाना को फोन कर इसकी सूचना दी। इस संबंध में खगौल अपर थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बतलाया कि बच्चे को मेडिकल चेकअप करवाने के बाद चाइल्ड केयर के हवाले कर दिया गया है। वही इस संबंध में पुलिस छानबीन कर रही है।

● पटना के डेढ़ लाख छात्रों को डिजिटल पाठशाला का लाभ

आपके द्वार कार्यक्रम के तहत होगी शिक्षा की व्यवस्था : वीणा

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

विजयादशमी पर गायघाट सेवा समिति द्वारा दुगार्पूजा शोभायात्रा सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए पटना भावी मेयर प्रत्याशी वीणा कुमारी ने कहा कि शक्ति स्वरूपा मां की उपासना करने से तन-मन सब स्वस्थ होता है। पूरी तरह से वैज्ञानिक है यह 10 दिवसीय माता का विजय पर्व। इसी अवसर पर डिजिटल पाठशाला आपके द्वार कार्यक्रम का भी शुभारंभ मेयर प्रत्याशी वीणा कुमारी, चिकित्सक डॉ अजय प्रकाश एवं अनफोल्ड यू के डायरेक्टर सौरभ कुमार गायघाट सेवा समिति के अध्यक्ष गंगाधर गिरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत पटना के डेढ़ लाख, जो कक्षा एक से 12वीं तक के छात्र के लिए निःशुल्क डिजिटल एजुकेशन देने की व्यवस्था की गई है।

अब सभी बच्चे ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप में पढ़ सकेंगे। उनकी पहुंच के अंदर भी डिजिटल एजुकेशन हो सकेगा। आयोजन में भद्र घाट पर विसर्जन के लिए पहुंचीं सभी पूजा समितियों को सम्मानित किया गया। इसमें गोपाल कुमार गोल्डन, विजय कुमार, मोहन, गोलू गौरी, छोटू गिरी आदि कार्यकताओं का सहयोग सराहनीय रहा।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई खोइंछा की अदला-बदली व आरती

● बड़ी देवी जी मारूफगंज की ट्राली खराब होने से हुई देरी

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

दी बड़ी दुर्गा प्रतिमा बड़ी व छोटी (मारूफगंज व महाराजगंज) का खोइंछा मिलन देखने को श्रद्धालुओं को खासा इंतजार करना पड़ा। दरअसल मारूफगंग की देवी जी को विसर्जन शोभायात्रा को ट्राली पर रख दिया गया। उसमें खराबी आने के कारण शोभायात्रा निकल लेंगे खर्चा देर हुई अपने स्थान से भगवती रात करीब 11 बजे प्रस्थान की। पुरानी सिटीकोर्ट के समीप में श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व छोटी बहन महाराजगंज की बड़ी देवी जी का मिलन व खोइंछा की अदला-बदली देर रात हुई।महाराजगंज बड़ी देवी जी की प्रतिमा अपने स्थान से चलकर पश्चिम दरवाजा से होते हुए बेलवरगंज के शेख बूचर की चौराहे के पास पहुंची और यहां अपनी बड़ी बहन मारूफगंज की देवी जी का

इंतजार करने लगी। मध्य रात्रि के बाद जैसे ही मारूफगंज की बड़ी देवी जी पहुंची उन्हें उनके बगल में खड़ा किया गया। इसी के साथ जय माता दी की जयघोष और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज से माहौल और भक्तिमय हो गया था। मिलन स्थल पर बड़ी बहन मारुफगंज की प्रतिमा ढाई बजे रात को पहुंचते ही पूजा प्रबंधक अंजन साहा और महाराजगंज के पुजारी आचार्य पंडित रमाकांत मिश्र व सिद्धि मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवती की फूल-माला व खोइंछा की अदला-बदली की गई। आयोजन में बड़ी देवी जी मारूफगंज के उपाध्यक्ष संत लाल गोलवारा, सचिव डॉ राजेश कुमार, बड़ी देवी जी महाराजगंज के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रमोद गुप्ता, पूर्व पार्षद विनोद गुप्ता समेत अन्य शामिल थे। इसी श्री श्री बड़ी देवी जी मिलन समारोह समिति की ओर से पुरोहित मनोज कुमार भट्ट ने भगवती की आरती उतारी। कार्यक्रम का संचालन जगत किशोर प्रसाद ने किया। आयोजन में पूर्व महापौर सीता साहू, शिशिर कुमार, रिंकू सिन्हा, बद्री गुप्ता, जगतकिशोर समेत अन्य लोग सक्रिय थे। इस आयोजन के बाद श्री बड़ी देवी जी की प्रतिमा आगे और महाराजगंज की पीछे भद्र घाट के लिए प्रस्थान की। शोभायात्रा के आगे श्रद्धालु सड़क को पानी से साफ करते व पुष्पा की वर्षा करते हुए चल रहे थे। भद्र घाट पर नवयुवक विकास सेवा समिति की ओर से पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा के नेतृत्व में पूजा आयोजकों के द्वारा स्वागत किया गया। इस दृश्य को देखने के लिए घंटों विभिन्न आयु वर्ग के लोग रोड के दोनों किनारे डटे दिखे। भीड़ ऐसी कि पैर रखने को जगह भी नहीं मिल पा रही थी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022

संक्षिप्त खबरें

उपमुख्यमंत्री ने मुहम्मद शकूर के निधन पर जताया शोक

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूर्व विधायक मुहम्मद शकूर के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और अपने शोक संदेश मे कहा कि वे हरदिल अजीज नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे वे लंबे समय तक विधायक रहे और सक्रिय रूप से अपने छेत्र की समस्याओं के निदान के लिये सदन मे आवाज उठाई। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति दे तथा खुदा उन्हें जन्नते फिरदौश अता करे। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी पूर्व विधायक मुहम्मद शकूर के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है।

मुजफ्फरपुर जिला जदयू उपाध्यक्ष के निधन पर उमेश कुशवाहा ने जताया शोक

पटना। मुजफ्फरपुर जिला जदयू के उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह के आकस्मिक निधन पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि उनके आकस्मिक निधन से पार्टी को बड़ी क्षति हुई है। उन्होने शोक प्रकट करते हुए कहा कि जनता दल यूनाइटेड ने एक सच्चा एवं पुराना ईमानदार साथी खो दिया है। उन्होंने उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया है तथा भगवान से उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया है। शोक प्रकट करने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह सविप रवीन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह एवं अरूण कुमार सिंह, प्रदेश सचिव वासुदेव कुशवाहा एवं मनीष कुमार सम्मलित थे।

उपचुनाव को लेकर लोजपा रामविलास के संसदीय बोर्ड की बैठक

पटना। लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के संसदीय बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश में दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर पार्टी के प्रदेश कार्यालय स्थानीय श्री कृष्णापुरी पटना में आयोजित की गई। यह बैठक पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संसदीय बोर्ड की बैठक में तमाम उम्मीदवारों के नाम पर विस्तार से चर्चा की गई संसदीय बैठक की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसे संसदीय बोर्ड में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया है पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि उक्त उपचुनाव को लेकर अंतिम फैसला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान लेंगे।

बिजली विभाग को 2022- 23 के प्रथम छमाही में 6237 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ

बिजली सुविधा ऐप के कारण लोगों को बिजली जमा करना हुआ आसान : संजीव हंस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य की बिजली कंपनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022- 23 के प्रथम छमाही में 6237 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति की है। ऊर्जा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बीएसपीएचसीएल को वित्तीय वर्ष 2022 -23 के प्रथम छमाही में 6237 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जबकि विगत वर्ष 2021-22 के इसी अवधि में 4521 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई थी इस प्रकार वितरण कंपनियो द्वारा 1716 करोड़ रुपए (38%) अधिक राजस्व वसूली हुई है। कोरोना काल के बाद दो वर्षो में राजस्व संग्रहण मे सालाना 36 फीसदी उछाल देखने को मिला है। जबकि पिछले 10 वर्षों के प्रथम छमाही में लगातार 12.5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीएसपीएचसीएल ने विगत वित्तीय वर्ष में 2021-22 में कुल 19637 लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर 41 करोड़ रुपए की वसूली की थी जबकि चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम छमाही में ही लगभग 25 हजार लोगों से अधिक पर प्राथमिकी दर्ज कर पिछले साल के वसूली के आंकड़े को पार कर लिया गया है। बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस ने पदाधिकारियों / कर्मचारियों तथा सभी सम्मानित ग्राहकों को बधाई देते हुए कहा कि यह वृद्धि सभी के बेहतरीन प्रयासों एवं विश्वास का नतीजा है। बिजली के लगातार बढ़ते दामों के बावजूद नागरिकों को तत्परता से बिजली मुहैया कराने के लिए कंपनियां सदैव तत्पर हैं। श्री हंस ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम छमाही में नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने 2844 करोड़ रुपए और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने 3393 करोड़ रुपए राजस्व की वसूली की है। बिहार की दोनों डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों द्वारा संग्रहण का महत्वाकांक्षी वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करना हेतु लगातार उच्चतम स्तर पर अनुश्रवण किया जा रहा है। हमारी बेहतर प्रबंधन ने लोगों को बिजली बिल जमा करने के प्रति जागरूक किया है। बिहार बिजली सुविधा ऐप के कारण लोगों को बिजली जमा करने में काफी सुविधा हो गई है तथा ऑनलाइन विकल्प का उपयोग कर उपभोक्ता अतिरिक्त छूट का लाभ उठा रहे हैं। समय से बिल भुगतान करने पर 1.5 प्रतिशत एवं डिजिटल (ऑनलाइन) माध्यम से राशि जमा करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट उपलब्ध है। इसप्रकार प्रत्येक उपभोक्ता अपने बिजली बिल पर 2.5 प्रतिशत की छूट प्राप्त कर सकते हैं। दुर्गा पुजा के दौरान खराब मौसम होने के बावजूद राज्य भर मे निर्बाध विद्युत आपूर्ति कायम रखने के लिए सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को धन्यवाद तथा विद्युत व्यवस्था पर धैर्य बनाए रखने हेतु सभी उपभोक्ताओं का आभार।

आरक्षण विरोधी भाजपा की साजिश व अतिपिछड़ों के प्रति ढोंग का माले करेगा भंडाफोड़ : कुणाल

8 अक्टूबर को राज्यव्यापी विरोध दिवस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों-अतिपिछड़ों को दिए जा रहे आरक्षण के मसले पर पटना उच्च न्यायालय का जो फैसला आया है, उसके पीछे भाजपा है। आरक्षण को खत्म करने की भाजपाई साजिश से हम सब वाकिफ हैं। यहां तक कि आरक्षण पर कई बार सुप्रीम कोर्ट भी उसकी साजिश का शिकार होता रहा है। आरक्षण पर उसकी अड़ेंगेबाजी ने नगर निकाय चुनाव को उलझाकर सभी प्रत्याशियों व आम जनता को भारी परेशानी में डाल दिया है। पटना उच्च न्यायालय ने ट्रिपल टेस्ट नहीं कराए जाने को आधार बनाकर आरक्षित सीटों पर चुनाव रोक दिया था। बाद में निर्वाचन आयोग ने पूरे चुनाव को ही स्थगित कर दिया। वोटिंग के 5 दिन पहले चुनाव का स्थगन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा अब अतिपिछिड़ों के प्रति प्रेम का ढोंग कर रही है। नगर निकाय का यह चुनाव 2007 के प्रावधानों के अनुसार ही हो रहा था। इस आधार पर 2012 व 2017 में चुनाव हो चुके हैं। लंब अर्से से नगर विकास विभाग की जिम्मेवारी भाजपाई मंत्रियों के ही जिम्मे रही है। तब इसका जवाब भाजपा को ही देना होगा कि उसने अभी तक ट्रिपल टेस्ट के लिए कमीशन का गठन क्यों नहीं किया था? आज जब वह बिहार की सत्ता से बाहर है तो बौखलाहट में नगर निकाय चुनाव को स्थगित करने की उसने गहरी साजिश रचने का काम किया। आरक्षण को हर स्तर पर कमजोर करने की भाजपाई साजिश के खिलाफ भाकपा-माले व्यापक स्तर पर भंडाफोड़ अभियान चलाएगी। इसके तहत आगामी 8 अक्टूबर को पूरे राज्य में विरोध दिवस का आयोजन करेगी।

सोहन कुशवाहा बने कुशवाहा समाज के जमुई जिला सचिव

पटना/जमुई। सामाजिक राजनीतिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए जमुई सदर प्रखंड के नीमनवादा निवासी सोहन कुशवाहा को अखिल भारतीय कुशवाहा समाज (भारत) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने जमुई जिला का जिला सचिव पद पर मनोनीत किया है।सोहन कुशवाहा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा को इसके लिए धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे नेतृत्व में अखिल भारतीय कुशवाहा समाज (भारत) राजनीतिक क्षेत्र,सामाजिक क्षेत्र एवं आर्थिक क्षेत्र में मजबूत करने का काम करेंगे। जिला सचिव बनने पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष शिशुपाल कुशवाहा,प्रदेश उपाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर ओंकार कुशवाहा,बसंत कुमार समेत कई लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

राज्य सरकार अब बिना समय गंवाए विशेष आयोग बनाये : मोदी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि निकाय चुनाव पर रोक के बाद नीतीश कुमार अपनी गलतियाँ छिपाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाकर समय बर्बाद न करें। उन्हें इस मुद्दे पर एजी और राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र सार्वजनिक करने चाहिए। मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर निकाय चुनाव कराने की नीतीश कुमार की जिद के कारण चुनाव पर रोक लगी और अतिपिछड़ों का दो साल बर्बाद हुआ। उम्मीदवारों के करोड़ों रुपये भी डूब गए।

उन्होंने कहा कि क्या सरकार इस नुकसान की भरपायी करेगी? मोदी ने कहा कि पिछड़ों को ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आरक्षण देने के बाद ही निकाय चुनाव कराने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश केवल महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के लिए नहीं, बल्कि बिहार सहित पूरे देश के लिए लागू होता है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग और एजी (महाधिवक्ता) ने भी ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आरक्षण देने के बाद निकाय चुनाव कराने की बात कही थी, लेकिन मुख्यमंत्री के दबाव में दोनों को अपना मंतव्य बदलना पड़ा। मोदी ने कहा कि निकाय चुनाव में राजनीतिक आरक्षण देने के लिए सरकार अब बिना समय गँवाये विशेष आयोग बनाये और इस मुद्दे पर सारे पत्राचार सार्वजनिक करे, ताकि सच जनता के सामने आए।

केंद्र द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशें को लागू नहीं किए जाने से हो रहा नुकसान : निषाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद सुशील मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग में वर्गीकरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 2 अक्टूबर 2017 को जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया था। रोहिणी आयोग को 12 सप्ताह के अंदर यानि तीन माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश केंद्र सरकार की ओर से था। नरेंद्र मोदी सरकार ने 13वीं बार जस्टिस रोहिणी आयोग का कार्यकाल बढ़ाया। रोहिणी आयोग के 5 वर्षों के कार्यकाल में सरकार के करोड़ों रुपए डूब गए और आजतक रोहिणी आयोग का रिपोर्ट सार्वजनिक नही हुआ।

रोहिणी आयोग के विचारार्थ विषयः पिछड़ा वर्ग में असमानता की जॉच करना।पिछड़ा वर्ग की मापदंडो का निर्धारण करना। पिछड़ा वर्ग का वर्गीकरण करना।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने नरेन्द्र मोदी सरकार को वर्ष 2015 में ओबीसी को अत्यंत पिछड़े वर्गों, अधिक पिछड़े वर्गों एवं पिछड़े वर्गों में वगीर्कृत करने के लिए सिफारिश किया था। संवैधानिक अधिकार प्राप्त राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लागू नहीं किया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशें लागू नहीं होने से बिहार सहित देश के अति पिछड़ा समुदाय अपने हक और अधिकार से वंचित है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के शपथ पत्र में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना कराने का सुझाव दिया था। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा विरोधी मानसिकता एवं चरित्र प्रदर्शित करते हुए संवैधानिक संस्थाओं के सुझावों को भी दरकिनार करते हुए जातीये जनगणना नहीं कराने का फैसला कर हाशिये पर खड़े समुदाय के विकास में सबसे बड़ा बाधक है।

श्री निषाद ने कहा कि वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विशेष पहल से सुप्रीम कोर्ट के मुहर के उपरांत बिहार में अतिपिछड़ा वर्ग को नगर निकायों में आरक्षण प्राप्त हुआ था।

श्री निषाद ने कहा कि सुशील मोदी से बिहार की जनता जानना चाहती है कि भाजपा को केंद्र सरकार में सत्तासीन हुए 8 साल बीत जाने के बाद कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण से संबंधित कौन से कार्य हुए हैं?

पुण्यतिथि पर कल लोजपा संस्थापक रामविलास पासवान की प्रतिमा का शहरबन्नी में होगा अनावरण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा संस्थापक सह पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.रामविलास पासवान की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक ग्राम खगड़िया जिले के शहरबन्नी में 8 अक्टूबर को उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस प्रतिमा का अनावरण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान करेंगे। उक्त जानकारी पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने पत्रकारों को बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारीगण और पार्टी के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में खासा उत्साह है। कल 8 अक्टूबर को इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के सभी जिलों के पदाधिकारियों द्वारा खगड़िया स्थित शहरबन्नी पहुंचने के तैयारी की सूचना मिल रही है। इस अवसर पर पार्टी के सभी नेता और पदाधिकारीगण अपने दिवंगत नेता को अपने अपने तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री भट्ट ने इस अवसर पर दिवंगत नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के परिजनों के शामिल होने की बात कही है।

उक्त कार्यक्रम में लोगों की भारी संख्या में पहुंचने की सूचना को ध्यान में रखते हुए शहरबन्नी स्थित कार्यक्रम स्थल पर बृहद तैयारी की जा रही है इस भव्य कार्यक्रम को लेकर पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता विगत एक सप्ताह पूर्व से तैयारी में जुटे हुए है। इस अवसर पर स्वर्गीय रामविलास पासवान जी को चाहने वाले और उनके साथ राजनीति में सक्रिय रहने वाले देश और प्रदेश के कई दलों के वरिष्ठ नेता इस कार्यक्रम में शामिल शिरकत करेंगे। इस अवसर पर देश के जाने-माने संत और महात्माओं के आने की खबर है जिनके द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की जाएगी। श्री भट्ट ने कहा कि पार्टी के दिवंगत नेता की पुण्यतिथि कार्यक्रम कई मायनों में भव्य और ऐतिहासिक सफल होगी।

दानापुर से तिरूनेलवेली और तांबरम के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

पटना/हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पूजा के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दानापुर एवं तिरूनेलवेली तथा तांबरम के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह पूजा स्पेशल ट्रेन पूर्व में सूचित 30 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त है।06190 तिरूनेलवेली-दानापुर पूजा स्पेशल 18 अक्टूबर एवं 25 को तिरूनेलवेली से 03 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 14.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं, 06189 दानापुर- तिरूनेलवेली पूजा स्पेशल 21 अक्टूबर को दानापुर से 18.50 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 04.20 बजे तिरूनेलवेली पहुंचेगी।

अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, आसनसोल सहित अन्य स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

06187 दानापुर-तांबरम पूजा स्पेशल 28 शुक्रवार को दानापुर से 18.50 बजे प्रस्थान कर रविवार को 14.45 बजे तांबरम पहुंचेगी। यह पूजा स्पेशल ट्रेन पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, आसनसोल सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी।

महत्वकांक्षा व अहंकार के कारण बढ़ी प्रशासनिक अराजकता : विजय सिन्हा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अपनी कमियों को छिपाने के लिए सरकार नए मुद्दे की तलाश में है, जिससे राज्य में वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा की जा सके।

उन्होंने कहा कि जनहित की भावनाओं का तिरस्कार कर महागठबंधन के नेता प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनने में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि दशहरा में सरकार ने राज्य में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के दावे किए थे, लेकिन पिछले 24 घंटे में एक पूर्व मुखिया सहित एक दर्जन लोगों की हत्या कर दी गई। कटिहार और गोपालगंज में दो लोगों की पीट-पीटकर मार डाला गया। कई जगहों पर दुष्कर्म की घटनाएं घटी हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार की मंशा समाजिक तनाव पैदाकर राज्य में नफरत का वातावरण बनाने का है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्वार्थ, महत्वकांक्षा व अहंकार के कारण राज्य में प्रशासनिक अराजकता बढ गई है, जिससे भ्रष्टचारियों और अपराधियों का मनोबल बढ गया है। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद ही लोगों के मन में यह आशंका थी कि बिहार फिर से 17 वर्ष पूर्व वाली स्थिति में पहुंच जाएगा और वही आशंका अब सच साबित होने लगी है।

उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि जो सरकार ही भ्रष्टाचारी व्यक्ति के रहमोकरम से चल रहा है, उसमें भ्रष्टाचार और अपराध पर अंकुश लगाने की आशा करने भी बेमानी है। उन्होंने कहा कि जो लोग ट्रिपल सी यानी क्राइम, करप्शन, और कम्युनलिज्म से कभी समझौता नहीं करने का दंभ भरते थे वही आज ऐसे तत्वों से समझौता कर अपनी महत्वकांक्षा की पूर्ति में लगे हैं और इसे स्वार्थवश जनता राज बता रहे हैं। लेकिन, बिहार की जनता इसे गुंडा राज अनुभव कर रही है, मुख्यमंत्री जी इसका जवाब दें, इसका जिम्मेदार कौन है?

रालोजपा कार्यालय में कल मनायी जायेगी रामविलास पासवान की पुण्यतिथि

लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक पद्मभूषण रामविलास पासवान की द्वितीय पुण्यतिथि 8 अक्टूबर को राष्ट्रीय लोजपा के राज्य कार्यालय पटना में मनायी जायेगी। उक्त जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने दी।कहा कि पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान की द्वितीय पुण्यतिथि को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बनाने के लिए बिहार के सभी जिलों से लेकर पंचायत तक राष्ट्रीय लोजपा एवं दलित सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। सभी नेता एवं कार्यकर्ता 08 अक्टूबर को पटना के पार्टी कार्यालय में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर पूरे जोर-शोर से लगे हुए हैं। पार्टी कार्यालय में पूरे राज्य-भर से एवं देश के अन्य राज्यों से भी 20 हजार से भी ज्यादा की संख्या में पहुँचेगें और अपने दिवंगत नेता रामविलास पासवान को याद कर उनकों श्रद्धांजली अर्पित करेगें। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के द्वारा भारतीय जनता पार्टी एवं बिहार के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं एवं अन्य पार्टी के प्रमुख नेताओं को पूण्य तिथि कार्यक्रम का निमंत्रण कार्ड भेजा गया है तथा भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार ने स्व पासवान जी को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए फोन कर एनडीए के नेताओं सहित अन्य दलों के नेताओं को भी आमंत्रण दे रहे हैं। पार्टी एवं पार्टी के द्वारा जो निमंत्रण कार्ड भेजा जा रहा है उस निमंत्रण कार्ड प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज पासवान, कृष्ण राज पासवान, यश राज पासवान का भी नाम निमंत्रण कार्ड में अंकित है। पशुपति कुमार पारस ने आज एक संदेश जारी कर कहा कि हमारे पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान अपने 50 वर्षो के संसदीय जीवन के सफर में देश के छह प्रधानमंत्रियों के साथ उनकों कैबिनेट मंत्री के रूप में सौभाग्य प्राप्त हुआ वे आजीवन गरीबों, दलितों, मजदूरों, पिछड़ों की लड़ाई लड़ते रहे, उन्होनें डॉ. राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, जननायक कपूर्री ठाकुर, चैधरी चरण सिंह सहित देश के कई समाजवादियों के साथ काम करते हुए कांग्रेस के भ्रष्टाचार और अन्याय और जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़नें का काम किया और आजीवन संघर्षरत रहे। पशुपति पारस ने कहा कि रामविलास पासवान जी के जैसे विराट व्यक्तित्व और कृतित्व वाले जननेता को किसी पार्टी की विचारधारा और दलीय सीमाओं और दलों के बंधन में नहीं बांधा जा सकता, देश में सभी पार्टी के बड़े नेताओं से लेकर छोटे कार्यकर्ता तक उनका बड़ा सम्मान करते थे, सभी दलों के लोग उनका आदर और सम्मान करते थे और सभी पार्टियों के नेताओं के साथ उनका मधुर संबंध था और खासकर उनकों जब-जब केन्द्र में मंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ तो उन्होनें बिहार और बिहारियों के विकास और प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण भूमिका उनकी रही। बिहार के विकास में उनके उल्लेखनीय कार्य योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। रालोजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद प्रिंस राज ने आज पटना में महामहिम राज्यपाल फागू चौहान जी से मुलाकात कर रामविलास पासवान जी की पुण्यतिथि का निमंत्रण कार्ड देकर उनको आमंत्रित किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज लगातार पटना पार्टी कार्यालय में रहकर पुण्यतिथि कार्यक्रम के तैयारी को लेकर पार्टी नेताओं को निर्देशित कर रहे हैं एवं प्रदेश कार्यालय में रालोजपा एवं दलित सेना के प्रदेश पदाधिकारियों एवं वरीय नेताओं के साथ 08 अक्टूबर के कार्यक्रम के तैयारी को लेकर प्रिंस राज ने आज महत्वपूर्ण बैठक की। पार्टी प्रवक्ता अग्रवाल ने बताया कि पूरे पटना शहर को रालोजपा एवं दलित सेना के के होर्डिंग, बैनर, तोरण द्वार, झंडे से सजाया जा रहा है।

संपन्न | कन्याओं को दक्षिणा के रूप में राशि एवं अन्य उपहार भेंट किए गए

108 कन्याओं की पूजा व महाप्रसाद के साथ संपन्न हुआ इस्सयोग का देवी-आराधना अनुष्ठान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

108 कन्याओं के पूजन और महाप्रसाद के साथ, अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में विगत 26 सितम्बर को आरंभ हुए देवी-आराधना का अनुष्ठान मंगलवार को तीसरे पहर संपन्न हो गया। संस्था की अध्यक्ष और ब्रह्मनिष्ठ सदगुरुमाता माँ विजया जी की दिव्य उपस्थिति में इस्सयोग की इन सभी साधिका कन्याओं को इस्सयोगी-स्त्रियों ने विधिपूर्वक पाद-प्रच्छालन कर उनको तिलक लगाकार और चुनरी ओढ़ाकर उनकी अभ्यर्थना की और हलवा-पूड़ी और चने की शब्जी का भोग अर्पित किया।

यह जानकारी देते हुए, संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया है कि जिन पात्रों अथवा वर्तनों में पूजित कन्याओं को भोग अर्पित किया गया, वे सभी पात्र कन्याओं को भेंट स्वरूप दे दी गयी। भोजन के पश्चात सभी कन्याओं को इस्सयोगियों द्वारा भोजन-दक्षिणा के रूप में राशि एवं अन्य उपहार भेंट किए गए। संस्था के गोला रोड स्थित एम एस एम बी इस्सयोग भवन में संपन्न हुए इस कन्या-पूजन के पूर्व दो घंटे का अखण्ड भजन-संकीर्तन और सदगुरुदेव, गुरुमाँ, महादेवी एवं सदगुरु महादेव की आरती की गई। इसके पूर्व कंकड़बाग स्थित गुरुधाम में पूणार्हुति के भजन और आरती के साथ 9 दिवसीय इस पूजनोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर संस्था के संयुक्त सचिव उमेश कुमार, अनंत कुमार साहू, सरोज गुटगुटिया, श्रीप्रकाश सिंह, कपिलेश्वर मण्डल, मंजू देवी,किरण झा, गायत्री कृष्ण मोहन राय, अजित कुमार पटनायक, चौरसिया चंद्र शेखर आजाद, किरण प्रसाद, मीरा देवी, आनंद कुमार खरे, प्रभात चंद्र झा, ममता जमुआर, राकेश कुमार, राजीव कुमार, रविकान्त, संगीता राधेश्याम ठाकुर, बीरेन्द्र राय, किरण प्रसाद, गायत्री प्रदीप, गीता देवी, आर के गुप्ता, रवि प्रभाकर, आदि संस्था के अधिकारी, स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में इस्सयोगी साधकगण उपस्थित थे।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

पटना। खाजपुरा इलाके में बेली रोड पर तेज रफ्तार कार ने बीते मंगलवार की रात एक मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उस पर सवार एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। मरने वाले युवक की पहचान राजीवनगर निवासी चंद्र प्रकाश सिंह (31) के रूप में हुई है। वह दवा लाने बाजार गया था। घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक की बुरी तरह धुनाई कर दी। गांधी मैदान यातायात थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि कार जब्त कर ली गई है। मामले की छानबीन जारी है। चंद्र प्रकाश सिंह परिवार के साथ राजीव नगर रोड संख्या-14 में रहते थे। उनकी गत वर्ष ही शादी हुई थी। वह चार अक्टूबर की रात अपनी मोटरसाइकिल से दवा लेने बाजार गए थे। मोटरसाइकिल वह खुद चला रहे थे, जबकि पीछे उनका एक साथी बैठा था। रात करीब 7.30 बजे जैसे ही वे बेली रोड खाजपुरा शिव मंदिर के समीप पहुंचे, एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर बेहोश हो गये। बाद में दोनों को स्थानीय अस्पताल में ले गए।

मानसिकता निकाय चुनाव लटकाने की : जायसवाल

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल ने पटना हाईकोर्ट द्वारा नगर निकाय चुनाव पर रोक के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट जाने के फैसले पर टिप्पणी की है। उन्होंने फेसबुक पोस्ट के जरिए तंज किया कि हाईकोर्ट द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में दिए गए फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी। आरोप लगाया कि अपनी गलती न मानते हुए अब भी आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के नियमानुकूल लागू करने के बजाए मानसिकता केवल निकाय चुनाव लटकाने, अटकाने और भटकाने की है। डॉ. जायसवाल ने इसे गलथेथरई करार देते हुए कहा है कि पिछले साल से ही नगर विकास विभाग और एडवोकेट जनरल के कहने के बावजूद राज्य सरकार ने कोई चिंता नहीं की। निकाय चुनाव का सबसे आसान तरीका मध्य प्रदेश की तरह विधानसभा में एक संकल्प लाकर आरक्षण के अधिकार का कागज बनाकर चुनाव कराना था। लेकिन जब मंशा ठीक न हो तो क्या कहा जा सकता है।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना

ई. निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअनि–उत्तर–ईटीएन–35–22–23 भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण **क्र.सं. 1 कार्य का नामः बिड सिक्योरिटीः** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ नि0/उत्तर, पूर्व मध्य रेल के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के बी.जी. ट्रेक हेतु राजग्राम क्वेरी से 100000 घनमीटर, 50 मिमी आकार की मशीन द्वारा तोड़ी गयी गिट्टी जो आर.डी. एस. ओ. के मापदंड को पूरा करती हो, की आपूर्ति एवं रेलवे के किसी भी वैगन में लदान। **2 कार्य का आकलित मूल्य :** रू. 13,16,11,000/– **3 कार्य का बिड सिक्यूरिटीः रू.** 8,08,100/– **4 निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 26. 10.2022, चौदह तीस बजे। **5 वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि।** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/उत्तर/पूमरे/ महेन्द्रुघाट, पटना के कार्यालय मे देखा जा सकता है। **द्रष्टव्यः** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/01181/कॉन/इंजी./टी/22–23/36

संक्षिप्त खबरें

नम आंखों से विसर्जित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा

मोरवा, समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड अंतर्गत ताजपुर क्षेत्र मोरवा उत्तरी पंचायत में गरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। दुर्गा पूजा पंडालों में पूजा समाप्त होने के बाद भक्त नम आंखों से मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन। वहीं क्षेत्र के चिकनी पोखर तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर दर्जनों की संख्या में भक्त मौजूद थे।

उजियारपुर सांसद सह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने विजयादशमी के मौके पर कई मंदिरों में की पूजा-अर्चना

विभूतिपुर, समस्तीपुर। उजियारपुर सांसद सह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत दुर्गा पूजा विजयदशमी के शुभ अवसर पर दर्जनों मंदिर में पूजा अर्चना की। उजियारपुर सांसद सह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने मुस्तफापुर, कल्याणपुर, नरहन, सिंघिया, भरपुरा पटपारा सहित दर्जनों दुर्गा पूजा पंडाल में पहुंचकर मां भगवती के दर्शन व पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। साथ हैं मौके पर उपस्थित पूजा कमेटी के कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों से रूबरू हुए। मौके पर दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

तेज रफ्तार बोलेरो की ठोकर से 6 वर्षीय बच्ची की मौत

रोसड़ा, समस्तीपुर। हसनपुर थाना क्षेत्र के परोड़िया पंचायत में गुरुवार को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने एक 6 वर्षीय बच्ची को ठोकर मार दी। जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची की पहचान कमलेश यादव की 6 वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। ज्योति अपने घर के सामने सड़क पार कर रही थी इसी दौरान सिंघिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे ठोकर मार दी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सिंघिया-रोसड़ा मुख्य पथ को जाम कर दिया। घटना की सूचना उपरांत पहुंचे पुलिस ने उन लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त करवाया और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया।

जलजमाव से मुखिया ने दिलवाया निजात

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज चोरा टभका के मुखिया वीणा देवी ने मध्य विद्यालय चांद सुरारी के निकट एवं चौराहे के निकट सड़क पर जलजमाव की समस्या से लोगों को निजात दिलवाई। बता दें कि पीडब्ल्यूडी एवं आर ई ओ सड़क पर घुटनों भर पानी का जमाव बना हुआ था। जहां हमेशा साइकिल व मोटरसाइकिल की दुर्घटना होती रहती थी। जिसे मुखिया ने तत्काल पहल करते हुए पंप सेट की सहायता से पानी निकलवाया। वहीं इस कार्य में भागीदारी निभाने के लिए मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष अशोक पटेल, मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, वार्ड सदस्य रितेश कुमार, पूर्व सरपंच एवं पंच राम पदारथ राय, धर्मेंद्र कुमार, बबलू कुमार सिंह, दीप नारायण राय, विनोद कुमार सिंह, रामसागर सिंह सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

खेतिहर मजदूर यूनियन का दूसरा शाखा सम्मेलन संपन्न

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सोनवारचक में बिहार राष्ट्रीय खेतिहर मजदूर यूनियन अंचल विभूतिपुर का दूसरा शाखा सम्मेलन कॉमरेड उमेश दास की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वहीं झंडात्तोलन कामरेड बासुदेव प्रसाद ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए राज्य कमेटी सदस्य रामदयाल भारती ने मजदूरों की समस्या, जन वितरण प्रणाली में अनियमितता, मनरेगा मजदूरी में कटौती, पीएम आवास योजना में लूट घसोट खिलाफ संघर्ष करने का अपील की। सम्मेलन को अंचल सचिव क्रांति कुमार, दिलीप पंजियार, वासुदेव प्रसाद, बिहारी दास, नथुनी दास आदि ने संबोधित किया। वहीं समिति गठन में अध्यक्ष के रूप में उमेश दास, सचिव पोलेन्द्र पासवान, कोषाध्यक्ष मंटूश दास, संयुक्त सचिव नथनी दास उपाध्यक्ष के रूप में कलवा देवी का चयन किया गया।

कल्याणपुर में बाइक एजेंसी में 42 हजार और लैपटॉप की चोरी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना के निकट स्थित हीरो बाइक एजेंसी में बुधवार की रात चोरी की घटना को अंजाम देते हुए चोरों ने 42 हजार रुपए नगद और लैपटॉप की चोरी कर ली। बताया गया कि सभी चोर नकाबपोश थे और उनके द्वारा ज्योति हीरो एजेंसी के मकान के सीढ़ी घर के ऊपरी भाग में स्टील शीट को उठाकर अंदर प्रवेश कर बारी-बारी से पहले गोदरेज का ताला तोड़कर, फिर ड्रॉल का ताला तोड़कर 42 हजार रुपये व काउंटर पर रखे लेपटॉप उठाकर चले गए। चोरी की यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस बाबत थाना अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि एजेंसी संचालक के द्वारा सूचना के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

समस्तीपुर सदर अस्पताल में हड़ताल पर रहे डॉक्टर, ओपीडी सेवा रही ठप

- दूरदराज से आने वाले मरीज भटकते हुए दिखे, इमरजेंसी सेवा को हड़ताल से रखा गया था मुक्त

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बायोमेट्रिक अटेंडेंस के विरोध और 11 सूत्री मांगों के समर्थन में गुरुवार को समस्तीपुर सदर अस्पताल में हड़ताल करते हुए डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा को ठप रखा।

गौरतलब हो कि बिहार स्वास्थ्य संघ के आह्वान पर 6 अक्टूबर को राज्यभर के डॉक्टर बायोमेट्रिक अटेंडेंस के विरोध और 11 सूत्री मांगों के समर्थन में हड़ताल कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा को ठप रखा है। समस्तीपुर सदर अस्पताल की ओपीडी सेवा ठप होने से मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है। वहीं, हड़ताल से आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मुक्त रखा गया है। ताकि आपातकालीन चिकित्सा के जरूरत के मरीजों को कोई दिक्कत ना हो। इस बाबत हड़ताल पर बैठे समस्तीपुर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार ने कहा कि डॉक्टरों ने हमेशा सरकार के निदेर्शों का अक्षरसः पालन किया है।

उन्होंने वैकेंसी रहने के बावजूद डॉक्टरों के पद रिक्त रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा देने में डॉक्टरों ने कभी कोई कोताही नहीं बरती और न ही कभी जरूरत पड़ने पर छुट्टी मांगी। बावजूद इसके सरकार के द्वारा डॉक्टरों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरन अपनी मांगों के समर्थन में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने को लेकर राज्य भर के डॉक्टर हड़ताल पर हैं। लेकिन आपातकालीन मरीजों की चिकित्सा जरूरतों को देखते हुए आपातकालीन सेवा को इस हड़ताल से मुक्त रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा डॉक्टरों को आवास मुहैया नहीं कराया जा रहा है और न ही डॉक्टरों की सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर दिखाई दे रही है। मजबूरन अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए डॉक्टरों को हड़ताल करना पड़ा है। उन्होंने सरकार से डॉक्टरों की कार्य अवधि निर्धारित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर डॉक्टरों की हड़ताल के संबंध में संघ के द्वारा सरकार को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था। उन्होंने सरकार से अविलंब डॉक्टरों की मांगों पर विचार करने की अपील की। मौके पर डॉ गिरीश के साथ डॉ चंदन कुमार व अन्य डॉक्टर हड़ताल पर थे। समस्तीपुर सदर अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल के दौरान मरीज व उनके परिजन भटकते दिखे। सदर अस्पताल के ओपीडी में चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज नहीं किया। इस वजह से मरीजों को बिना इलाज कराए ही वापस लौटना पड़ा। ओपीडी सेवा में इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीजों का पंजीयन काउंटर पर पूर्जा भी नहीं काटा गया। मरीज मेडिसिन, सर्जरी, डेंटल, टीबी, ईएनटी, महिला विभाग एवं सर्जरी विभाग के पास खड़े रहे और इधर-उधर भटकते दिखे। हालांकि इमरजेंसी सेवा जारी रही।

रावण दहन कार्यक्रम में विधानसभा के उप मुख्य सचेतक शाहीन रहे उपस्थित, कहा- बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को जितवारपुर हाउसिंग बोर्ड के मैदान जिला दशहरा कमिटी, समस्तीपुर के तत्वावधान में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर रावण, कुंभकर्ण तथा मेघनाथ का पुतला दहन किया गया। मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दशहरा केवल त्योहार नहीं बल्कि भरतीय सभ्यता का प्रगटीकरण है, जो हर साल हमें यह याद दिलाता है कि हम अपने अन्दर के दानव को खत्म करें। दशहरा पर्व अच्छाई की बुराई पर विजय, धर्म की अर्धम पर विजय का प्रतीक है। आज के दिन हम सभी को संकल्प लेते हुए अच्छाई के रास्ते पर चलते हुए समाज का कल्याण करने का संकल्प लेना चाहिए। यदि कोई बुराई समाज में पनपती तो अच्छाई उसका अंत अवश्य करती है। विधायक ने शहरवासियों को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए कहा कि जब भी समाज में बुराई पनपती उसी समय अच्छाई भी जन्म लेती है, कई बार बुराई को समय लग जाता है, लेकिन बुराई का अंत निश्चित होता है। आज के दिन हम सभी को सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। किसी के बारे में भी बुरा नहीं सोचना चाहिए। मौके पर दशहरा कमिटी के सदस्यगण, विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनो के कार्यकर्ता सहित 50 हजार से अधिक लोग मौजूद थे।

भाजपाइयों ने नीतीश कुमार का पुतला फूंका

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर भाजपा द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नगर निकाय चुनाव में सही ढंग से आरक्षण लागू नहीं करवाने, नगर निकाय को अफसर के माध्यम से चलाने व केन्द्र सरकार के द्वारा आवंटित राशि का बंदरबांट करने के उद्देश्य से षड़यंत्र करने के साथ-साथ नगर निकाय चुनाव में हजारों उम्मीदवार के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ साथ बिहार में बढ़ते अपराध पर भी कुंभकर्णी निंद्रा के खिलाफ आक्रोशपूर्ण मार्च व पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता भाजपा समस्तीपुर जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने किया। इस पुतला दहन व आक्रोश मार्च में एमएलसी तरुण कुमार, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रभात कुमार ठाकुर, राजीव कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष कौशल पांडे, रामयाज शांडिल्य, कैप्टन कमलेश सहनी, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, रविरंजन पांडे, अंशु अकेला, सोनू चौधरी, अभिषेक कुमार, हरेराम चौधरी, आदित्य प्रकाश, बबलू झा, राजेश कुमार, प्रदीप शाह शिवे, अनिल दास, राम किशोर राय, सुधीर शर्मा, अजय निषाद, बेचन कुमार, सुमन गिरी, भरत ठाकुर, राजू पटेल, दीपक सत्यार्थी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कई दुगार्पूजा पंडालों का किया उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने सोमवार को तथा मंगलवार को समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के चकनूर, पोखरैरा, वाजितपुर, पुनास, सिंघिया, बेला, लगुनिया सूर्यकंठ, समस्तीपुर शहर, हरपुर एलौथ, बांदे, बेझाडीह, हकीमाबाद, विशनपुर, मोरदीवा, केवस, छतौना आदि पंचायतो के विभिन्न दुर्गा पूजनोत्सव के पंडालों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया। वहां के कई पंडालों के पास मेला का उद्घाटन किया साथ ही पंडाल व मेला में मौजूद लोगो की समस्याओ को सुनकर आवश्यक व अपेक्षित पहल का भरोसा दिलाया। मेला व सांस्कृतिक कार्यकर्मो के उद्घाटन के क्रम में उदगार व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा की कोई भी पावन पर्व हमें प्रेम, इंसानियत, मुहब्बत, भाईचारे, सामाजिक सद्भाव का सन्देश देती हैं। उन्होंने लोगो से पर्व को सौहार्दपूर्ण और प्रेमपूर्वक मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा की विजयादशमी बुराई पर अच्छाई व अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक हैं। पूजा पंडालों में भ्रमण के दौरान आम -अवाम को शुभकामनाये दिया। मौके पर बिहार विधान सभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के साथ जिला राजद प्रवक्ता कुमार ठाकुर, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार शोले, ट्रेड यूनियन नेता राजाराम राकेश उर्फ चुलबुल यादव, जिला राजद सचिव राकेश यादव, युवा राजद के प्रदेश महासचिव पप्पू यादव, मुखिया राजीव कुमार राय, मुन्ना यादव, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव डॉ० रजनीश कुशवाहा, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, राजद नेता सैयद एहसानुल हक चुन्ने, ज्योतिष महतो, रविन्द्र कुमार रवि, मनोज पटेल, मो० आसिफ इकबाल, मो० अमरोज आलम, रंजीत कुमार रम्भू, मो० बशीर, मो० कादिर, सुरेश राय, अरविन्द राय, अशोक साह, राकेश कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, जितेन्द्र कुशवाहा, अंकित वर्द्धन, विश्वेश्वर राय, प्रमोद कुमार पप्पू, शशि यादव, सतीश यादव, जयलाल राय, मुकेश यादव, सुमन अधिकारी, अरविन्द शर्मा, विमल पासवान, गोपाल महतो, विनोद महतो, सुदेश्वर पासवान, सत्यनारायण राय, राहुल राय, मनोज पासवान तथा राजेश महतो आदि मौजूद थे।

बाइक सवार अपराधियों ने की युवक की गोली मारकर, घर से बुलाकर दिया घटना को अंजाम

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंजना पंचायत के बांकीपुर गांव में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने घर से बुलाकर एक युवक को बुधवार की शाम गोली मार दिया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में पीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक की पहचान बांकीपुर गांव निवासी सुरेंद्र राय के 25 वर्षीय लाल बाबू राय के रुप में हुई है। लोगों का बताना है कि उक्त युवक किशनपुर से मेला देखकर छह बजे शाम में अपने घर पंहुचा था और अपने घर में टीवी देख रहा था। इसी दौरान एक अपाचे बाईक पर सवार तीन युवक उसके घर के सामने की सड़क पर रुके। वहीं, उनमें से एक युवक बाइक से उतर कर टीवी देख रहे लालबाबू राय को घर से बुलाया और कहा कि तुम्हारे दोस्त दरवाजे पर बुला रहे हैं। वहां पहुंचने पर पहले से घात लगाकर बैठे तीनों बदमाशों ने लालबाबू पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जिससे मौके पर ही लालबाबू राय की मौत हो गई। बदमाशों ने लाल बाबू के सिर में, गर्दन और पेट सहित अन्य जगहों पर गोली मारी और फरार हो गए। बताया गया कि गोलीबारी की घटना के दौरान उसके घर पर उसकी चचेरी बहन की विदागिरी का कार्यक्रम चल रहा था और उसके दरवाजे पर करीब 20 से 25 लोग बैठे हुए थे। जब तक लोग गोली की आवाज सुनकर दौड़ कर आते तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। बताया गया कि अपाचे बाइक सवार तीन बदमाश किशनपुर की तरफ से आए थे और फिर किशनपुर की तरफ से भाग गए। घटना की सूचना उपरांत पहुंचे कल्याणपुर थानाध्यक्ष के द्वारा मृतक युवक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और तीन कारतूस बरामद किया है। हत्या की इस घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस के द्वारा हत्या के विभिन्न पहलुओं की जांच और बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी करने की बात कही गई है। गुरुवार की दोपहर डीएसपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। लोगों का बताना है कि मृतक युवक जेसीबी चलाकर अपने और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

सिंघिया में धूमधाम से मना दुर्गा पूजा, विजयादशमी को लोगों ने निकाली यात्रा

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता

श्रीराम सिंह

सिंघिया नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम, उत्साह, श्रद्धाभाव व शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न हुए। नौ दिवसीय उक्त पूजनोत्सव के अवसर पर पूरे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस दौरान पूजा के अंतिम दिन बुधवार को विजयादशमी के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में माता दुर्गा (कुलदेवता) की पूजा अर्चना कर यात्रा निकाली। इस क्रम में बच्चे बुजुर्ग समेत सभी लोग एक-दूसरे के घर जाकर कुल देवी का दर्शन करते व अपने से बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त करते व बच्चों को शुभाशीष देते हैं।

सभी लोग एक दुसरे के यहाँ पान- प्रसाद भी ग्रहण करते हैं। परंपरा के अनुसार इसके बाद गांव के लोग सामूहिक रूप से एकत्रित होकर नीलकंठ पक्षी की दर्शन को लेकर यात्रा के शुभ मुहूर्त व दिशा में उक्त पक्षी की खोजबीन में जुट जाते हैं। हालांकि उक्त पक्षी का पिछले कई सालों से दर्शन दुर्लभ रहा है। इस बार भी लोगों ने मोबाइल पर ही इसके दर्शन कर यात्रा को सम्पन्न किए। इस अवसर नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता रहा है। इस तरह का आयोजन खासकर प्रखंड के बंगरहट्टा, मिल्की, हरदिया आदि गांवों में विशेष रूप से किए जाते हैं। वहीं प्रखंड के लगमा, जहांगीरपुर आदि स्थानो पर विजयादशमी के दिन रावण दहन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रखंड के दर्जनों दुर्गा मंदिरों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन प्रशासन की देखरेख में बुधवार से लेकर गुरुवार की अहले सुबह को ही हो गए हैं।

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक-एक कर हो रही हैं हत्याएं

पुलिस अपराधी को पकड़ने में नाकामयाब

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल भोला राय के नेतृत्व में बांकीपुर ग्राम निवासी सुरेंद्र राय के 26 वर्षीय पुत्र लालबाबू राय की गोली मारकर निर्मम हत्या की घोर निंदा की है। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग किया गया कि लगातार समस्तीपुर जिले के अंदर विभिन्न प्रखंडों में हत्या, लूट और बलात्कार की घटना घट रही है। कल्याणपुर प्रखंड में पिछले 15 दिन भी नहीं बीते हैं कि लगातार तीन हत्याएं हो गई हैं। पुलिस, अपराधी को पकड़ने में नाकाम हो रही है। अपराधियों के दिल से पुलिस का डर खत्म हो गया है। मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू राय, सीपीएम नेता राघवेंद्र यादव, जिला परिषद सदस्य हेमंत राय, उमाशंकर यादव, राजकिशोर शर्मा, राजकुमार राय, मुन्ना महतो इत्यादि सैकड़ों लोगों ने यह मांग किया है यदि एक सप्ताह के अंदर अपराधी को पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है तो इसके खिलाफ में आंदोलन किया जाएगा।

भाजपा नेता के पुत्र के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़क पर उतरेगी भाजपा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वारिसनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पलटन राम के तीसरे पुत्र संदीप कुमार के निर्मम हत्या पर प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा है कि पूरे प्रदेश में हत्या होना अब आम बात हो गई है। लोग फिर से भय के वातावरण में जी रहे हैं। उपेंद्र कुमार कुशवाहा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हर हालात में 48 घंटे में पलटन राम के बेटे की हत्यारे की गिरफ्तारी हो अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। भाजपा नेताओं का दल पीड़ित परिवार के घर जाकर घटना पर संवेदना व्यक्त किया है। जिसमें वरीय नेता शशिकांत आंनद, जिला महामंत्री प्रभात कुमार ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष कौशल कुमार पांडेय, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, वारिसनगर दक्षिणी के मंडल अध्यक्ष अभय प्रकाश, मंडल महामंत्री मुकेश भाष्कर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी रतन शुक्ला आदि शामिल थे। इस आशय की जानकारी समस्तीपुर भाजपा के जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने प्रेस को दी।

मुख्यमंत्री आगमन को लेकर डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से किया स्थल का निरीक्षण

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के नारघोघि इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में बृहस्पतिवार की शाम जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने पदाधिकारियों एवं कॉलेज कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की है। मालूम हो कि आगामी 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन होना सुनिश्चित किया गया है। जिसको लेकर जिलाधिकारी उद्घाटन स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते नजर आए। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आगमन को लेकर हेलीपैड ग्राउंड एवं गाड़ी पार्किंग के लिए ग्राउंड का भी समीक्षा की हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। खासकर मुख्यमंत्री द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन को लेकर स्थानीय लोगों में हर्षोल्लास देखा जा रहा है। बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने बताया कि ने बताया कि आगामी 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री का आगमन है जिसको लेकर स्थल की समीक्षा की जा रही है साथ ही साथ उन्होंने बताया कि पूरी तरह से प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की तैयारी चल रही है। कितने की भीड़ जुटने की संभावना वाली सवालों पर उन्होंने बताया कि अभी इसकी आकलन नहीं किया गया है दो दिन बाद पुनः इन सब बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि में सम्मिलित होने के लिए रालोजपा की हुई बैठक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के ताजपुर रोड स्थित आयकर कार्यालय के सामने रालोजपा कार्यालय में गुरुवार को रालोजपा पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष विनय चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सबके प्रिय नेता पद्म भूषण पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पुण्यतिथि पूर्ण श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार प्रदेश कार्यालय पटना में 8 अक्टूबर को 11:00 बजे से श्रद्धा सुमन अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने समस्तीपुर जिले से अधिक से अधिक की संख्या में रालोजपा कार्यकताओं को पटना चलने का आह्वान किया। बैठक में जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष शेखर पांडे, छात्र जिलाध्यक्ष मुरारी तिवारी, छात्र राष्ट्रीय सचिव ऋषि सिंह, एससी-एसटी नेता राजा पासवान, गोपाल शर्मा, अशोक कुमार, आदित्य कैशव, माशंकर प्रसाद सिंह, विश्वनाथ झा, बिनोद सिंह, कमलेश पासवान सहित दर्जनों रालोजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक ने किया इमरजेंसी हॉस्पिटल का उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार विधान सभा के उप मुख्य सचेतक ने कहा कि यह अत्याधुनिक उपकरणों एवं संसाधनों से युक्त एक मल्टी स्पेशयलिटी अस्पताल है। जहां हृदय तंत्रिका तंत्र, नेत्र, अस्थि, स्त्री एवं प्रसव हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों का समूह है। इसके अतिरिक्त जटिलतम तथा सामान्य रोगों का उपचार किया जायेगा।

समस्तीपुर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मोहनपुर-धुरलख रोड में शिव गंगा इमरजेंसी हॉस्पीटल का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने फीता काट कर तथा नारियल फोड़ कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिहार विधान सभा के उप मुख्य सचेतक ने कहा कि यह अत्याधुनिक उपकरणों एवं संसाधनों से युक्त एक मल्टी स्पेशयलिटी अस्पताल है। जहां हृदय तंत्रिका तंत्र, नेत्र, अस्थि, स्त्री एवं प्रसव हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों का समूह है। इसके अतिरिक्त जटिलतम तथा सामान्य रोगों का उपचार किया जायेगा। जिससे शहर के लोगो को बेहद सुविधा होगी तथा शिव गंगा इमरजेंसी हॉस्पीटल के शुभारंभ होने से समस्तीपुर शहरवासियों को इलाज के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अस्पताल के संस्थापक प्रमोद कुमार राय ने कहा कि इस अस्पताल में आधुनिक आईसीयू, इमरजेर्सी केयर तथा प्रोटोकॉल आधारित उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा व्यवस्था है। कहा कि मरीजों को कम खर्च में ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराना उनका उद्देश्य है। मौके पर स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, अस्पताल के संस्थापक प्रमोद कुमार राय, पैक्स अध्यक्ष जयशंकर राय, राजद जिला सचिव राकेश यादव, समाजसेवी राजन कुमार, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव डॉ रजनीश कुशवाहा, ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, राजद नेता रंजीत कुमार रम्भू, राहुल कुमार उर्फ नेता यादव तथा अरविन्द राय आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

हेलो मिथिला कार्यक्रम को देख झूम उठे श्रोता

मधुबनी/हरलाखी। मधुबनी जिला के हरलाखी बासोपट्टी प्रखंड के कौआहा गांव में दसवीं की रात नेपाल जनकपुर के हेलो मिथिला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जय जय भैरवी भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो उठा। भव्य देवी जागरण व मैथिली गीतों पर पूरी रात दर्शक झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोक गीत झिझियां की शानदार प्रस्तुति से कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं एक से बढ़कर एक कॉमेडी प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व मां की पूजा में अहले सुबह से श्रद्धालु नर-नारियों की भीड़ उमड़ी थी। पूजा-अर्चना के बाद भंडारा का आयोजन किया गया था। भंडारा में प्रसाद लेने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी थी। पूजा-अर्चना एवं भंडारा के बाद आचार्य गिरीश मिश्रा व पंडित प्रशांत झा के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ मां का विसर्जन कराया गया। उसके बाद रात में लोकप्रिय मैथली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें नामचीन कलाकार नवीन मिश्रा, सुनीता झा, अजगरुआ आदि कलाकारों की शानदार प्रस्तुति पर उपस्थित लोग झूम उठे। वहीं कार्यक्रम को देखने व सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भीड़ थी। इस मौके पर पूजा कमिटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र झा उर्फ नुनू झा सचिव बिनोद झा परीक्षण मंडल छोटे झा सुधीर झा बेचू मंडल मो. गुलाम अजदानी मो. रबानी गौतम झा कारी मंडल भागेश्वर कामत मंटू झा देवन मंडल सुमित मंडल हीरा सदा, देवेन्द्र सदा रामसेवक मंडल विमल यादव समेत पूजा कमिटी के अन्य सदस्य कार्यक्रम में मौजूद थे।

तेज आवाज गाने ने ली एक महिला की जान

संग्रामपुर । प्रखंड के पंचायत दुगार्पुर ग्राम मोजमा की रहने वाली 65 वर्षीय महिला मुद्रीका देवी का निथन 3 अक्टूबर को तेज गाने की आवाज के कारन हो गया। उनके पुत्र डॉक्टर कुमोद कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दुर्गा पूजा के मौके चार लाउडस्पीकर मंजू देवी के घर के छत पर लगाया गया था उसे मंजू देवी ने उतरवा कर मेरे घर के निकट स्थित पुस्तकालय के छत पर लगवाया दिया । बाजा का साउंड इतना तेज था कि कई बार मना करने के बावजुद तेज आवाज से गाना बजया जा रहा था। इस कारण मुद्रिका देवी का दिल की धड़कन बढ़ गई वे हार्ड का परसेंट थी इस कारण उनका हार्ट फेल होने से उनकी मृत्यु हो गई है । डॉक्टर कुमुद कुमार सिन्हा ने बताया कि मां के मृत्यु के जिम्मेदार मंजू देवी हैं। क्यो की देवी को पता था की मेरी मां हाट की परसेंट थी। विदित हो कि मुद्रिका देवी और मंजू देवी के परिवार के बीच एक मुकदमा भी चल रहा हैं जिसका स्वर्गीय मुद्रिका देवी गवाह दार थी।

स्कॉर्पियो एवं जुगाड़ गाड़ी की आमने सामने टक्कर में युवक की हुई मौत

सदर मुंगेर। बुधवार की देर रात नौवागढ़ी भगत चौकी मुसना पुल के पास बरियारपुर की ओर से आ रही जुगाड़ गाड़ी एवं मुंगेर की ओर से जा रही स्कॉर्पियो का आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें जुगाड़ गाड़ी पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल बताया जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार मृतक युवक की पहचान प्रिय शुभम कुमार पिता कौशल कुमार सिंह इंग्लिश चडौन अकबर नगर भागलपुर निवासी के रूप में पहचाना गया है। बता दें कि शुभम अपने घर से ट्रेन पकड़ कर कल्याणपुर मेला देखने आया था कल्याणपुर के बाद वह जुगाड़ गाड़ी पर सवार होकर मुंगेर मेला देखने जा रहा था वही नौवागढ़ी भगत चौकी के पास स्कॉर्पियो ने जुगाड़ गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी और स्कॉर्पियो अनबैलेंस होकर गड्ढे में जा गिरा। जुगाड़ गाड़ी पर सवार शुभम का मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए स्कॉर्पियो छोड़कर चालक भागने में सफल रहे मौके पर नया रामनगर थाना अध्यक्ष कौशल कुमार एवं मुफस्सिल थाना अध्यक्ष दल बल के साथ पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजें दिए।

अतिपिछड़ा विरोधी के विरोध में मुख्यमंत्री का भाजपा गया जिला ने किया पुतला दहन

नगर निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री के अतिपिछड़ा को अनदेखी के विरोध में पुतला दहन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। भाजपा गया जिला की ओर से भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा के नेतृत्व में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन टावर चौक गया में किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि जब बिहार में एनडीए की सरकार सत्ता आई थीं तब 2006में हमलोगों ने अतिपिछड़ा को आरक्षण का लाभ देने काम किया था। तबसे अतिपिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिल रहा है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने 2011में एक फैसला दिया की किसी भी लोग को आरक्षण देना है तो आयोग गठित कर उसे सार्वजनिक कर उसे लाभ दिया जा सकता है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न मानते हुए अपने हठधर्मिता के कारण अतिपिछड़ा को परेशान कर रहे हैं। बिहार में नगर निकाय का चुनाव नीतीश कुमार के कारण स्थगित हुआ है। अगर आयोग का गठन कर आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाता तो माननीय उच्च न्यायालय और माननीय उच्चतम न्यायालय चुनाव स्थगित करने आदेश पारित नहीं करती। अतिपिछड़ा का आरक्षण हो या नगर निकाय चुनाव स्थगित करने का मामला हो इसके जिम्मेवार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है।

भाजपा जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अतिपिछड़ा विरोधी हैं।जब भाजपा के साथ थे तब अतिपिछड़ा को आरक्षण का प्रावधान किया गया था। आज जब महागठबंधन में है तो साजीशन आयोग गठित न कर जल्द बाजी में चुनाव का घोषणा करवा दिया गया है। नीतीश कुमार को मालूम था कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के स्थानीय निकाय के चुनाव में माननीय उच्चतम न्यायालय आरक्षण रोस्टर के कारण रोक लगाई गई थी।अतः नीतीश कुमार अतिपिछड़ा विरोधी हैं । अतिपिछड़ा का आरक्षण जारी रहना चाहिए। नीतीश कुमार की वजह से आरक्षण के कारण चुनाव स्थगित हुआ है।यह सरकार अतिपिछड़ा विरोधी हैं।इन कारणों को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया है।

इस अवसर भाजपा नेता पूर्व सांसद रामजी मांझी, पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद,डॉ अनुज कुमार, जिला मिडिया प्रभारी युगेश कुमार,, जिला मंत्री संतोष ठाकुर, अशोक कुमार सिंह,सरयु रजक, दीपक पाण्डेय, पप्पू चंद्रवंशी, पुकार सिंह, मुकेश कुमार अधिवक्ता, चंदन भदानी, उपस्थित थे।

कमतौल के समीप बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी/हरलाखी। मधुबनी जिला के हरलाखी स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलहर कमतौल के समीप एनएच 227 पर बाइक चालक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे के बाद साइकिल सवार के साथ ही बाइक भि गिर पड़े। मौके से बाइक सवार बाइक को छोरकर फरार हो गये।

जब की बाइक को जब्त कर लिया गया है। स्थानीय लोगो ने बताया साइकिल सवार गगैंर गांव से फुलहर गांव में समान बेचने बजार आया था। जहां समान बेचकर वापस घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को जोरदार ठक्कर मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया टक्कर इतनी जोरदार थी की साइकिल परकचा हो गया। मृतक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगौर गांव निवासी 70 वार्षिय विश्वनाथ साह के रूप में बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना वुधवार करीब देर शाम की बताई जा रही है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही थाना के एएसआई आरपी प्रसाद दलबल के घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया। इधर मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के घर पहुंचकर लोग पीड़ित परिवार को ढांढस दे रहे है। इस बाबत थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

महिला विकास मंच मधुबनी एवं रोटी बैंक द्वारा कन्या भोजन का अयोजन जय माता दी के नारों से गुंजायमान हुआ परिसर

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी /जयनगर। मधुबनी बिहार सहित देशभर में महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए उनपर हो रहे घरेलू हिंसा अत्याचार के खिलाफ मजबूती से एवं प्रखरता पूर्वक आवाज उठाने वाली संस्था महिला विकास मंच की मधुबनी शाखा एवं गरीब असहाय निर्धन भूखे लोगों के लिए लगभग 5 सालों से अनवरत निशुल्क भोजन कराने वाली संस्था रोटी बैंक जयनगर के संयुक्त तत्वावधान में नवमी के प्रांजल एवं पवित्र अवसर पर जयनगर रेलवे स्टेशन परिसर में अवस्थित दुर्गा मन्दिर प्रांगण में 501 कन्या भोजन का अयोजन किया गया।आपको बता दें कि सनातन धर्म के मान्यताओं के अनुसार अविवाहित कन्या को भगवती रूप में माना गया है, और इसीलिए नवमी के अवसर पर कन्या भोजन कराया जाता है।आपको बता दें कि इस बाबत महिला विकास मंच मधुबनी एवं रोटी बैंक जयनगर द्वारा जयनगर के रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित दुर्गा मन्दिर प्रांगण में कुमकुम चुनरी के साथ धार्मिक एवं उत्सवी माहौल में विधिवत कन्या भोजन कराया गया और उन्हें कॉपी पेंसिल कलम एवं पठन सामग्री दी गई। उक्त अवसर पर महिला विकास मंच मधुबनी टीम की जिलाध्यक्ष दीपशिखा सिंह समेत पुरी टीम एवं रोटी बैंक जयनगर के मुखिया लक्की राउत सहित टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।।

फिट इंडिया फ्रीडम रन में एसएसबी जवानों ने लगाई दौड़

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी/हरलाखी। मधुबनी जिला के हरलाखी भारत नेपाल सीमा पर तैनात 48 वी बटालियन गगैंर एसएसबी जवानो के द्वारा फिट इंडिया फ्रीडम रन में एसएसबी जवानों ने दौड़ लगाई है। इस दौरान स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया। सशस्त्र सीमा बल गंगौर कैम्प के कैम्प इंचार्ज मनीष कुमार के निर्देशन पर गुरुवार को वाहिनी समेत सभी सीमा चौकियों की ओर से फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में एसएसबी अधिकारियों व जवानों ने तीन किलोमीटर की दौड़ लगाई। कमान्डेंट ने जवानों व स्थानीय जनता को बताया कि फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वास्थ्य और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता न होना नहीं है नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और और सामाजिक खुशहाली की स्थिति होती है। एक स्वस्थ व्यक्ति रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अनुकूलन करने में सक्षम होता है। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस की तलाश में लोंगो में चलने और दौड़ने की आदत पैदा करना है। मौके पर लेखराज जमवाल रजनीश तिवारी सत्यपाल वीरेंद्र मुनु त्यागी अनीश कुमार सुनील कुमार विनोद कुमार सोनिया रानी धनलक्ष्मी अनीता सुनीता समेत दर्जनों एसएसबी जवान मौजूद रहे।

गया के गांधी मैदान में धू-धू कर जल उठे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले

प्रात: किरण संवाददाता

गया। जिले भर में दशहरा पर्व धूमधाम से जा रहा है। गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भगवान राम ने एक वाण से रावण का वध कर दिया गया है . रावण, कुंभकरण और मेघनाद का जैसे ही वध हुआ उनके प्रतीकात्मक स्वरूप पुतले धू-धू कर जल उठे. पूरा मैदान पर जलकर आग की चिंगारियां पड़ रही थी।50 फुट ऊंचा रावण का पुतला 20 सैकंड में जलकर राख हो गया। शाम 6:57 बजे पुतले को आग लगाते ही आतिशी धमाके गूंज उठे। बुराई पर अच्छाई की जीत के तौर पर दशहरे का पावन पर्व रावण दहन के साथ संपन्न हो गया है।. रावण वध के दौरान पुरा गांधी मैदान पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया. पुतले को आग लगाते ही शोर शराबा होने लगा। दर्शकों ने पुतला दहन आतिशबाजी का जमकर आनंद लिया है पुतला दहन देखने के लिए आस पास के मकानों की छतों पर भी लोगों की भीड़ रही है।रोड से अंदर तक हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इसका लुत्फ उठाया. पूरा गांधी मैदान महिलाओं, पुरूषों और बच्चों से भरा हुआ था. रावण कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही लोग जाकर जम गए। रावण वध से पूर्व शहर के आजाद पार्क से पूरे गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक विशाल जुलूस निकाला गया है. यह जुलूस गया शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा और गांधी मैदान तक पहुंचा. गांधी मैदान में रावण वध को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे. वहां मौजूद लोग राम की जयजयकार कर रहे थे।इस मौके पर मगध प्रमंडल आयुक्त मयंक वरवड़े, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर, बिहार विरासत विकास समिति के सभापति डॉक्टर प्रेम कुमार, डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव श्री दशहरा कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार तर्वे, संरक्षक रामजी प्रसाद अधिवक्ता, संयोजक संजय कुमार सेठ, महामंत्री शिरीष प्रकाश संगठन मंत्री दीपक चर्चा, रंजीत बरहमपुरिया, शिव कैलाश डालमिया, मनीष अग्रवाल, संजय भारद्वाज, संदीप पुरी, नीरज कुमार गुप्ता, संजय अग्रवाल, राजकुमार, पूजा भदानी, सोनल भदानी, पूनम भदानी, संजय पाल, राहुल नवोदया, अंकित कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के देख रेख पर मूर्ति विसर्जन हुआ शांतिपूर्ण

कड़ी सुरक्षा के बीच 5 लाइसेंसी मां दुर्गा की मूर्ति दुखहरनी द्वार से कराया गया पास

प्रात: किरण संवाददाता

गया। नवरात्र के मौके पर पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए शहर के 5 लाइसेंसी मां दुर्गा की प्रतिमा दुख हरणी मंदिर द्वार से पास कराया जाता है। इसी क्रम में गया शहर के उत्तरी क्षेत्र के 5 लाइसेंसी प्रतिमा को नवरात्र के विजयदशमी के दिन बुधवार को दुखहरणी द्वार से पास कराया गया है। यह सिलसिला बुधवार की देर रात तक दो बजे तक चलता रहा है। प्रतिमा दुखरनी द्वार से होते हुए जामा मस्जिद से गुजरती है। इसे लेकर यहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बंदोबस्ती की गई थी।

जिला पदाधिकारी, गया डॉक्टर त्यागराजन एस एम और वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर इस स्थल पर मौजूद थे। दोनों पदाधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से दुखहरणी मंदिर द्वार से प्रतिमा बारी बारी से पास कराया गया है। जिला पदाधिकारी देर रात 2:00 बजे तक इस स्थल पर मौजूद रहे। मूर्ति पास कराने को लेकर बारीकी से नजर बनाए रखें ताकि सामाजिक सद्भाव और शांति बना रहे हैं।जिला पदाधिकारी की मौजूदगी रहने से उनके अधीनस्थ पदाधिकारी भी उत्साहित रहे हैं। ऐसे तो दुखहरणी मंदिर द्वार से पास कर जामा मस्जिद के समीप पदाधिकारी मौजूद रहे हैं। लेकिन प्रतिमा पास होने में थोड़ी सी भी विलंब होने पर खुद जिलाधिकारी अपने स्थान से उठकर आम लोगों के बीच चले जाते थे। लोगो को समझाते और जल्दी-जल्दी प्रतिमा को आगे बढ़ाने का आग्रह कर रहे थे। डीएम के प्रयास को समाज के सभी लोगों ने सराहना की है। जब तक अंतिम प्रतिमा दुखहरणी मंदिर द्वार से पास नहीं हुआ तब तक जिलाधिकारी वहां पर मौजूद रहे हैं। प्रतिमा पास कराते समय डीएम अपने जगह से उठकर अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों की हौसला अफजाई के लिए वहां पहुंच जाते हैं। करीब 4 घंटे की मशक्कत जिला पदाधिकारी के अथक प्रयास के बाद शांतिपूर्ण तरीके से दुखरनी मंदिर द्वार से मां दुर्गा की 5 प्रतिमाएं पास कराई गई है। इस पूरे कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, नगर पुलिस उपाधीक्षक पीएन साहू, सदर अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रवीर कुमार, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप समाहर्ता अमित पटेल, उप समाहर्ता नजारत अभिषेक कुमार के साथ-साथ काफी संख्या में सुरक्षा बल के जवान और सामाजिक कार्यकर्ता एवं मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कि गया शहर के उत्तरी क्षेत्र के दुख हरणी मंदिर, तुतबाड़ी, नई गोदाम, गोल पत्थर और झीलगंज में स्थापित लाइसेंसी प्रतिमा दुखरनी मंदिर द्वार से पास पास होती है।

माँ दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं के प्रतिमा विसर्जन यात्रा में आस्था और भक्ति का उमड़ा जनसैलाब

मधुबनी/जयनगर। मधुबनी जिला के सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजनोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ श्रद्धापूर्वक भक्तिभाव से मनाया गया। मन्दिरों और पूजा पंडालों में निर्मित कर स्थापित माँ देवी दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना एवं आरती की और प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कमिटियों के द्वारा देवी देवताओं के प्रतिमाओं का विसर्जन को ले पूजा पंडालों और मन्दिरों से प्रतिमाओं के साथ भव्य आकर्षक झांकियां एवं बैण्ड बाजे गाजे ढोल नगारे के साथ प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। वही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और महिलाओं ने सिंदूर लगाया। प्रतिमा विसर्जन यात्रा को ले लोगों के द्वारा सड़क को झाड़ू लगा कर पानी की बौछार से साफ करते दिखे एव सड़क को माता के विदाई को ले अबीर गुलाल रंगोली बना कर फूलों से सजाया गया था। प्रतिमा विसर्जन यात्रा वीभन्न चौक चौराहों पर पहुँची और यात्रा के दौरान मन्दिरों के समीप महिलाओं श्रद्धालु भक्तजन आम लोगों के द्वारा माँ दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। भक्ति भाव से श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर यात्रा में शामिल होकर नम आखों से विदाई देते हुए एवं सभी के शुभ मंगलकामना, विश्व मे शांति, सुख समृद्धि वैभव का आशीर्वाद मांगा एवं पुनः अगले वर्ष शुभ आगमन को ले माता रानी एवं देवी देवताओं से याचना कर कामना की गई।

सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया दुर्गा पूजा

प्रात: किरण संवाददाता

बोधगया।धनावां स्थित 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय में बड़े ही धूमधाम के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई।इस मौके पर सशस्त्र सीमा बल के डीआईजी छेरिंग दोरजे, कमांडेंट एचके गुप्ता, सहित अधिकारियों जवानों एवं उनके परिजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।अपने पुराने परंपरागत रीति रिवाज को आज भी कायम रखे हुए नवरात्र के मौके पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते हैं। विजयादशमी के दिन खोईंचा देकर मां को यहां से विदा की जाती है। विदाई के वक्त समाज की महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा के लिए मां के साथ-साथ आपस में महिलाएं सिंदूर की होली खेली है। यह परंपरा सशस्त्र सीमा बल में बुधवार को देखने को मिली। जब मां की विदाई इन स्थानों से हो रही थी। महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर होली खेल रही थी। साथ ही हाथ जोड़कर मां से अपने सुहाग की रक्षा करने की आरजू विनती भी करते देखी गई।इस मौके पर सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एके गुप्ता ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम पहली बार 29 वी वाहिनी में किया गया है और यह कार्यक्रम को लेकर वाहिनी के लोगों में काफी उत्साह देखा गया है उन्होंने बताया कि आज महिलाओं के द्वारा सिंदूर की होली भी खेली गई है साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें आम नागरिक भी बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर सशस्त्र सीमा बल के डीआईजी छेरिंग दोरजी, कमांडेड एचके गुप्ता, सहित अधिकारी जवान व उनके परिजन मौजूद थे।

कड़ी सुरक्षा के बीच 5 लाइसेंसी मां दुर्गा की मूर्ति दुखहरनी द्वार से कराया गया पास

देर रात तक सुरक्षा का जायजा लेने के लिए मौजूद रहे डीएम व एसएसपी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। नवरात्र के मौके पर पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए शहर के 5 लाइसेंसी मां दुर्गा की प्रतिमा दुख हरणी मंदिर द्वार से पास कराया जाता है। इसी क्रम में गया शहर के उत्तरी क्षेत्र के 5 लाइसेंसी प्रतिमा को नवरात्र के विजयदशमी के दिन बुधवार को दुखहरणी द्वार से पास कराया गया। *यह सिलसिला बुधवार की देर रात तक दो बजे तक चलता रहा।* प्रतिमा दुखरनी द्वार से होते हुए जामा मस्जिद से गुजरती है। इसे लेकर यहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बंदोबस्ती की गई थी। जिला पदाधिकारी, गया डॉक्टर त्यागराजन एस एम और वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर इस स्थल पर मौजूद थे। दोनों पदाधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से दुखहरणी मंदिर द्वार से प्रतिमा बारी बारी से पास कराया गया। *जिला पदाधिकारी देर रात 2:00 बजे तक इस स्थल पर मौजूद रहे। मूर्ति पास कराने को लेकर बारीकी से नजर बनाए रखें ताकि सामाजिक सद्भाव और शांति बना रहे।* जिला पदाधिकारी की मौजूदगी रहने से उनके अधीनस्थ पदाधिकारी भी उत्साहित रहे। ऐसे तो दुखहरणी मंदिर द्वार से पास कर जामा मस्जिद के समीप पदाधिकारी मौजूद रहे , लेकिन *प्रतिमा पास होने में थोड़ी सी भी विलंब होने पर खुद जिलाधिकारी अपने स्थान से उठकर आम लोगों के बीच चले जाते।* उन्हें समझाते और जल्दी-जल्दी प्रतिमा को आगे बढ़ाने का आग्रह कर रहे थे। *डीएम के प्रयास को समाज के सभी लोगों ने सराहना की है। जब तक अंतिम प्रतिमा दुखहरणी मंदिर द्वार से पास नहीं हुआ तब तक जिलाधिकारी वहां पर मौजूद रहे। प्रतिमा पास कराते समय डीएम अपने जगह से उठकर अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों की हौसला अफजाई के लिए वहां पहुंच जाते। करीब 4 घंटे की मशक्कत जिला पदाधिकारी के अथक प्रयास के बाद शांतिपूर्ण तरीके से दुखरनी मंदिर द्वार से मां दुर्गा की 5 प्रतिमाएं पास कराई गई।* इस पूरे कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, नगर पुलिस उपाधीक्षक पीएन साहू, सदर अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रवीर कुमार, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप समाहर्ता अमित पटेल, उप समाहर्ता नजारत अभिषेक कुमार के साथ-साथ काफी संख्या में सुरक्षा बल के जवान और सामाजिक कार्यकर्ता एवं मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। जानकारी हो कि गया शहर के उत्तरी क्षेत्र के दुख हरणी मंदिर, तुतबाड़ी, नई गोदाम, गोल पत्थर और झीलगंज में स्थापित लाइसेंसी प्रतिमा दुखरनी मंदिर द्वार से पास पास होती है।

आतंक का डीजी आरक्षण

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजौरी की जनसभा में ऐलान किया है कि राज्य के गूर्जर, बक्करवाल और पहाड़ी समुदायों को आरक्षण दिया जाएगा। उन्हें अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मिलेगा। जम्मू-कश्मीर में गूर्जर और बक्करवाल को 1991 से ही 10 फीसदी आरक्षण हासिल है, लेकिन पहाड़ी देश का पहला भाषायी समुदाय होगा, जिसे जनजाति का दर्जा और आरक्षण मिलेगा। आरक्षण का आधार भाषा नहीं, जाति माना जाता रहा है, लिहाजा पहाड़ी समुदाय अभी तक आरक्षण से वंचित रहा है। पहाड़ी समुदाय में हिंदू-मुसलमान, ब्राह्मण, राजपूत आदि कई वर्ग आते हैं। तीनों समुदायों का विशेष उल्लेख इसलिए किया गया है, क्योंकि किसी का आरक्षण दूसरे समुदाय के आरक्षण को प्रभावित नहीं करेगा। प्रत्येक वंचित, हाशिए के समुदाय को उसके हिस्से की धूप जरूर मिलेगी, यह सार्वजनिक आश्वासन देश के गृहमंत्री ने दिया है। प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रियाओं के बाद आरक्षण लागू हो जाएगा, जिससे सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में इन समुदायों को भी लाभ मिल सकेगा। परिसीमन के जस्टिस शर्मा आयोग ने भी अनुशंसा की थी कि गूर्जर, बक्करवाल, पहाड़ी समुदायों को जनजातीय आरक्षण की जरूरत है। तीनों की आबादी 11-11 फीसदी के करीब है।

राज्य के पीर पंजाल, राजौरी, पुंछ, उत्तरी कश्मीर के बारामूला, कुपवाड़ा आदि इलाकों में इन समुदायों का काफी प्रभाव है, जो चुनावी संभावनाओं को निश्चित तौर पर तय करता है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक विषमताओं को दूर कर समानता स्थापित करने की दिशा में यह ऐलान और आरक्षण, यकीनन, एक सुखद और सकारात्मक खबर है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35-ए को समाप्त करने के बाद दलित आरक्षण को भी नए सिरे से लागू किया गया था, लेकिन गृहमंत्री के महत्त्वपूर्ण प्रवास से एक दिन पहले ही पुलिस महानिदेशक (डीजी), जेल हेमंत लोहिया की हत्या ने हमें लगभग स्तब्ध कर दिया। राज्य में डीजी स्तर के अधिकारी को जेड सुरक्षा मुहैया कराई जाती है। वह 24 घंटे सुरक्षा घेरे में रहता है। उसके पीएसओ भी साथ में रहते हैं। ऐसे अधिकारी को बंद कमरे में, उनका ही नौकर, गला घोंट कर और रेत कर हत्या कर दे और फिर जलाने की भी कोशिश करे, यह वारदात हम पचा नहीं पा रहे हैं, क्योंकि यह सामान्य हत्या का मामला नहीं है। यदि जम्मू-कश्मीर में डीजी स्तर के अधिकारी का इस तरह कत्ल किया जा सकता है, तो हम राज्य को ह्यआतंक-मुक्तह्ण करार नहीं दे सकते। बेशक पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने ह्यआतंकी कोणह्ण को खारिज कर दिया है, लेकिन एक ही रात में इस निष्कर्ष तक पहुंचना कैसे संभव है? यदि सम्यक जांच के बाद आतंकियों की भूमिका सामने आती है, तो चौंकने की जरूरत नहीं है।

संभव है कि आतंकी कोण को गृहमंत्री के दौरे के मद्देनजर खारिज कर दिया गया हो, अलबत्ता पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने डीजी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। संभव है कि यह दावेदारी भी फर्जी साबित हो, लेकिन अनुच्छेद 370 के बाद इस आतंकी गुट का नाम बार-बार उभरता रहा है। यह पाकिस्तान के जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन का सहायक गुट ही है। इसका सरगना भी मौलाना मसूद अजहर ही है। आतंकियों का दावा बताया जा रहा है कि राज्य में हाई प्रोफाइल लोगों के खिलाफ विशेष ऑपरेशन की यह शुरूआत भी है। जिस तरह आतंकी कश्मीरी हिंदुओं और पंडितों को निशाना बनाकर मारते रहे हैं, उसी तर्ज पर यह ऑपरेशन चलाया जाएगा। इसे भी घुडकी माना जा सकता है, लेकिन डीजी की हत्या करने से पहले रणनीति का अभ्यास कितनी बार किया गया होगा, इसकी कल्पना ही कर सकते हैं। कश्मीर के इन हालात पर गहन चिंतन करने के बाद ही निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति दुर्गा देवी वोहरा

भगत सिंह और उनके साथियों पर पुलिस अधिकारी साण्डर्स की हत्या का आरोप था। वह साण्डर्स जिसने साइमन कमीशन का विरोध कर रहे लाला लाजपत राय को इस हद तक पीटा की चंद दिनों के बाद ही उनकी मृत्यु हो गयी। क्रांतिकारियों ने ठान लिया कि वे लाला लाजपत राय की शहादत का बदला लेकर रहेंगे। फिर क्या था चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में भगत सिंह, राजगुरु और जयगोपाल ने लाहौर में एक पुलिस स्टेशन के सामने ही साण्डर्स को गोलियों से उड़ा दिया। देश सोए से जाग उठा। साण्डर्स की मौत के दूसरे दिन ही लाहौर शहर के दीवारों पर पोस्टर लग गए और पर्चे बांटे गए, जिनपर लिखा था कि साण्डर्स मारा गया और लालाजी की शहादत का बदला ले लिया गया। पर क्रांतिकारियों के समक्ष मौंजू सवाल यह था कि आखिर भगत सिंह को लाहौर से बाहर कैसे निकाला जाए। इसकी जिम्मेदारी दुर्गा भाभी ने अपने कंधो पर ली। उन्होंने कमाल की योजना बनायी।

अरविंद जयतिलक
लेखक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं

बात उन दिनों की है जब भगत सिंह और उनके क्रांतिकारी साथियों को पकड़ने के लिए ब्रिटिश हुकूमत जमीन-आसमान एक कर दी थी। भगत सिंह और उनके साथियों पर पुलिस अधिकारी साण्डर्स की हत्या का आरोप था। वह साण्डर्स जिसने साइमन कमीशन का विरोध कर रहे लाला लाजपत राय को इस हद तक पीटा की चंद दिनों के बाद ही उनकी मृत्यु हो गयी। क्रांतिकारियों ने ठान लिया कि वे लाला लाजपत राय की शहादत का बदला लेकर रहेंगे। फिर क्या था चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में भगत सिंह, राजगुरु और जयगोपाल ने लाहौर में एक पुलिस स्टेशन के सामने ही साण्डर्स को गोलियों से उड़ा दिया। देश सोए से जाग उठा। साण्डर्स की मौत के दूसरे दिन ही लाहौर शहर के दीवारों पर पोस्टर लग गए और पर्चे बांटे गए, जिनपर लिखा था कि साण्डर्स मारा गया और लालाजी की शहादत का बदला ले लिया गया। पर क्रांतिकारियों के समक्ष मौंजू सवाल यह था कि आखिर भगत सिंह को लाहौर से बाहर कैसे निकाला जाए। इसकी जिम्मेदारी दुर्गा भाभी ने अपने कंधो पर ली। उन्होंने कमाल की योजना बनायी। जिसके मुताबिक भगत सिंह ने अपना केश कटवायी और सिर पर हैट लगाकर अंग्रेजी दा बन गए। उनको इस नई वेशभूशा में देखकर कोई नहीं कह सकता था कि यह वही भगत सिंह हैं। दुर्गा भाभी ने बड़ी दिलेरी से भगत सिंह के साथ उनकी पत्नी बनकर लाहौर से कलकत्ता तक की सफर की और ब्रिटिश खुफिया तंत्र को इसकी हवा तक न लगी। दुर्गा भाभी के साथ उनकी गोद से चिपका हुआ उनका तीन वर्षीय बेटा शची भी था। कलकत्ता पहुंचने पर उनके पति भगवती चरण बोहरा ने उनकी बहादुरी की जमकर दाद दी। 7 अक्टुबर 1907 को इलाहाबाद में जन्मी दुर्गा बचपन से ही असाधारण प्रतिभा की धनी थी। उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना कूट-कूटकर भरी थी। युवा होने पर उनका विवाह महान क्रांतिकारी भगवती चरण बोहरा से हुआ। भगवती चरण वोहरा आजादी के उन नायकों में से एक हैं जिनके जीवन का उद्देश्य देश को आजादी दिलाना था। कहा जाता है कि उन्हें बम बनाने में महारत हासिल था। 28 मई, 1930 को रावी नदी के तट पर बम परीक्षण के दौरान वे षहीद हो गए। उस समय दुर्गा महज 27 साल की थी। लेकिन इस कठिन घड़ी में भी उन्होंने अपना धैर्य नहीं छोड़ा। उन्होंने मन में ठान लिया कि वे अपने पति की शहादत और उनके मिशन को बेकार नहीं जाने देंगी। सो उन्होंने क्रांतिकारियों के साथ कदमताल मिलाना शुरू कर दिया। दुर्गा भाभी की बहादूरी के किस्से भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। कलकत्ता में रहते हुए उन्होंने क्रांतिकारियों के साथ मिलकर आजादी का ताना-बाना बुनना शुरू कर दिया। इसी दरम्यान 8 अप्रैल, 1929 को भगत सिंह ने संसद भवन में बम विस्फोट कर गुंगी-बहरी ब्रिटिश सरकार को अंदर से हिला दिया। कहा जाता है कि इस घटना को मूर्त रुप देने में दुर्गा भाभी का महान योगदान था। भगत सिंह चाहते तो संसद भवन से फरार हो सकते थे लेकिन उन्होंने अपनी गिरफ्तारी देना ज्यादा जरुरी समझा। क्रांतिकारियों ने भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की जुगत बनायी और योजना पर काम करना शुरू कर दिया। रणनीति के मुताबिक भगत सिंह को जबरदस्ती जेल से छुड़ाने के लिए बम विस्फोट की योजना बनी। लेकिन ईश्वर के विधान में कुछ और ही बदा था। दुर्गा भाभी के पति भगवती चरण बोहरा जो बम बनाने में दक्ष थे, बम परीक्षण के दौरान ही शहीद हो गए। दुर्गा भाभी पर विपत्ति का पहाड़ टुट पड़ा। लेकिन उन्होंने अपने आंसूओं को थाम लिया। वे लाहौर जाकर भगत सिंह से मिली और फिर दिल्ली वापस आकर गांधी जी से। गांधी जी ने भाभी को सुझाव दिया कि वे अपने आपको पुलिस के हवाले कर दे। लेकिन दुर्गा भाभी का मकसद तो कुछ और ही था। उन्होंने गांधी जी से अपील की कि जिस तरह आप अन्य राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की रिहाई के लिए भी वायसराय पर दबाव डालें। लेकिन गांधी जी को क्रांतिकारियों के हिंसा दर्शन में विश्वास नहीं था। सो उन्होंने दुर्गा भाभी को मना कर दिया। लेकिन दुर्गा भी दुर्गा ठहरी। वह भला हार कैसे मान सकती थी। 9 अक्टुबर, 1930 को उन्होंने मुंबई में लेमिंग्टन रोड पर पृथ्वी सिंह आजाद उर्फ नाना साहब और सुखदेव राज से मिलकर गवर्नर पर गोलियां चला दी। लाख सिर पटकने के बाद भी पुलिस का खुफिया तंत्र इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाया कि इस कांड के पीछे किसका हाथ है। पुलिस के हाथ सिर्फ यही सूत्र लगा कि गोली चलाने वालों में से एक लम्बे बाल वाला लड़का भी था। लेकिन एक षड़यंत्र के तहत दुर्गा भाभी को ब्रिटिश सरकार ने फरार घोषित कर दिया। तकरीबन ढ़ाई वर्ष फरारी जीवन गुजारने के बाद उन्हें 12 सितंबर, 1931 को गिरफ्तार कर लाहौर जेल भेज दिया गया। रिमाण्ड की 15 दिन की अवधि पूरा होने पर मजिस्ट्रेट ने उन्हें रिहा तो कर दिया लेकिन ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें फिर गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया। तकरीबन एक वर्ष तक वह नजरबंद रही। दिसंबर 1932 में वह रिहा की गयी। लेकिन उन्हें लाहौर की म्यूनिसिपल सीमा में तीन वर्ष तक नजरबंद रखा गया। 1935 ई0 में उन्हें पंजाब और दिल्ली की सीमा से बाहर जाने का आदेश दिया गया। इस दरम्यान दुर्गा भाभी ने गाजियाबाद के एक स्कूल में बतौर शिक्षिका अध्यापन कार्य किया। 1937 में उन्हें दिल्ली प्रांतीय कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। बाद में उन्होंने अपनी सदस्यता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में स्थानांतरित करा ली। शिक्षा के प्रति उनका गहरा लगाव था। सो उन्होंने मद्रास के अड्यार में मांटेसरी शिक्षा पद्धति का प्रशिक्षण प्राप्त किया और जब वह 1940 में लखनऊ आयी तो कैण्ट रोड पर एक किराए के मकान में पांच बच्चों को लेकर ह्यलखनऊ माण्टेसरीह्ण नामक एक शिक्षण संस्था की बुनियाद रखी। आज यह विद्यालय ह्यलखनऊ माण्टेसरी इण्टर कालेजह्ण के नाम से जाना जाता है। दुर्गा भाभी इस विद्यालय को जीवन भर सींचा। अब उनकी बस यादें शेष रह गयी हैं। आज से डेढ़ दशक पहले वह इस दुनिया से विदा हो चुकी हैं। लेकिन देश आज भी उनकी असाधारण वीरता और राष्ट्रभक्ति पर गर्व करता है।

भारत जोड़ो यात्रा: देश को एक करने में चुनौतियां

राम पुनियानी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है. ऐसा लगता है मानो सांझा राष्ट्रवाद में अपने यकीन को रेखांकित करने के लिए लोग इस तरह के किसी आयोजन का इंतजार ही कर रहे थे. पिछले कुछ दशकों में, और विशेषकर कुछ वर्षों में, सांझा भारतीय राष्ट्रवाद कमजोर हुआ है. राहुल गांधी की यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन को राष्ट्रीय मीडिया और प्रमुख टीवी चैनल भले ही नजरअंदाज कर रहे हों परंतु सोशल मीडिया इस कमी को काफी हद तक पूरी कर रहा है. सोशल मीडिया पर ऐसे चित्रों और वीडियो की भरमार है जो यह बताते हैं कि हर आयु वर्ग के लोग इस यात्रा से जुड़ रहे हैं।

यात्रा को मिल रहे व्यापक जनसमर्थन का एक कारण यह है कि पिछले कई वर्षों से देश में आईडिया ऑफ इंडिया को कमजोर किया जा रहा है. भारतीय संविधान के मूल्यों को भी किनारे कर दिया गया है. इसके साथ ही सरकार सामाजिक समानता स्थापित करने और गरीबों और अमीरों के बीच खाई को पाटने के लिए कुछ नहीं कर रही थी. संविधान राज्य से यह अपेक्षा भी करता है कि वह वैज्ञानिक समझ को बढावा देगा. इस दिशा में भी सरकार कोई प्रयास नहीं कर रही थी.

भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है जो जातिगत और लैंगिक समानता के लिए प्रतिबद्ध है. भारत में दैवीय प्राधिकार से शासन करने वाले राजाओं का युग औपनिवेशिक काल में ही समाप्त हो गया था. जहां औपनिवेशिक शासकों ने भारत को लूटने में कोई कसर नहीं उठा रखी वहीं यह भी सच है कि उनके शासनकाल में हमारा समाज बदला. आवागमन और संचार के साधनों के विकास और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था व प्रशासनिक प्रणाली ने जातिगत और लैंगिक समीकरणों को बदला और विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच एकता को बढ़ावा दिया. सामंती मानसिकता वाले लोगों ने राष्ट्र निर्माण की इस प्रक्रिया से सुरक्षित दूरी बनाए रखी. उन्होंने फूट डालो और राज करो की नीति को लागू करने में ब्रिटिश सरकार की मदद की जिसकी अंतिम परिणिती था देश का विभाजन और दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे त्रासद पलायन.

राष्ट्र के रूप में भारत का विकास, औपनिवेशिक शासन के विरूद्ध संघर्ष के दौर में ही शुरू हो गया था. स्वतंत्रता के बाद देश का औद्योगिकरण हुआ और शिक्षा, सिंचाई व स्वास्थ्य अधोसंरचना विकसित की गई. इस दौरान साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी, चाहे वे हिन्दू हों या मुसलमान, पहचान से जुड़े मुद्दों पर ही बात करते रहे. समय के साथ हिन्दू सम्प्रदायवादियों ने देश पर अपना वर्चस्व कायम कर लिया. उनके प्रति वफादार लोग हर क्षेत्र में घुसपैठ बनाने लगे. राज्य तंत्र में भी उनके समर्थक विभिन्न पदों पर काबिज हो गए. उन्होंने कारपोरेट जगत में अपने मित्रों की सहायता से मीडिया पर भी कब्जा जमा लिया. उन्होंने सोशल मीडिया सेल भी बनाए ताकि सोशल मीडिया का उपयोग भी उनकी विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए किया जा सके. उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की हमारी विरासत को कमजोर किया. उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता पर प्राणघातक चोट की और सामाजिक न्याय की स्थापना की राह में रोड़े अटकाए. इसके साथ ही, क्षेत्रीय सिपहसालार भी उभर आए जिनका एजेंडा स्थानीय मुद्दों पर आधारित था और जिनका लक्ष्य केवल एक सीमित क्षेत्र में सत्ता हासिल करना था. वामपंथी दलों, जिन्हें हाशियाकृत वर्गों के अधिकारों का रक्षण करना था, खुद ही हाशिए पर खिसक गए. कुल मिलाकर आज स्थिति यह है कि भाजपा की विघटनकारी राजनीति हाशियाकृत समुदायों को भी अपने झंडे तले लाने का पुरजोर प्रयास कर रही है. उसकी पितृ संस्था, आरएसएस दलितों और आदिवासियों को हिन्दू राष्ट्रवाद से जोड़ने में जुटी हुई है. उसने जमीनी स्तर पर सोशल इंजीनियरिंग के जरिए अगणित सूक्ष्म पहचानें विकसित कर दी हैं ताकि समाज को बांटा जा सके. इसके साथ ही एक विशद और व्यापक हिन्दू पहचान को भी बढ़ावा दिया जा रहा है. इस पहचान को मजबूती देने के लिए राममंदिर, लव जिहाद, गाय-बीफ जैसे मुद्दे उठाए जा रहे हैं एवं हिन्दुओं में यह डर पैदा किया जा रहा है कि देश में मुसलमानों की आबादी जल्दी ही हिन्दुओं से ज्यादा हो जाएगी.कई दशकों बाद भारत जोड़ो यात्रा, हवा के एक ताजा झोंके की तरह आई है. इससे निश्चित तौर पर देश मजबूत होगा और कांग्रेस एक बेहतर पार्टी बनेगी. इस यात्रा से वे सामाजिक समूह सामने आएंगे जो कमजोर और हाशियाकृत समुदायों के अधिकारों, प्रजातांत्रिक मूल्यों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के गरिमापूर्वक जीवन बिताने के हक के समर्थक हैं. यह यात्रा उन्हें एक मानवीय प्रजातांत्रिक समाज को आकार देने के उनके अभियान के लिए एक मंच प्रदान करेगी - ऐसा मंच जो समाज के सभी तबकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने का काम करेगा।

कमजोर कभी माफ नहीं कर सकते; क्षमा ताकतवर की विशेषता है

गांधीजी का मानना था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। एक क्रूर, भारी सैन्यीकृत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ते हुए, उन्होंने समझा कि हिंसा समाधान नहीं हो सकती। इसके अलावा, उनका मानना था कि मनुष्य स्वाभाविक रूप से हिंसक नहीं हैं, और इस प्रकार उन्होंने एक परिवर्तन लाने की मांग की। गांधीजी इस बात पर जोर देते हैं कि हिंसा का प्रतिकार न करने से कोई व्यक्ति कमजोर या कायर नहीं हो जाता, जो आम धारणा के विपरीत है। अधिक हिंसा या बड़े अन्याय के साथ हिंसा या अन्याय का जवाब देना एक दुष्चक्र है, सच्ची बहादुरी नहीं। असली बहादुरी अपराधी को क्षमा करने में है; उसके द्वारा, हम हिंसा का सहारा लेने की अपनी वृत्ति पर विजय प्राप्त करते हैं। यह हमें अपनी भावनाओं और कार्यों और इंद्रियों के नियंत्रण में होने का प्रतीक है, जो किसी भी अन्य की तुलना में एक बड़ी जीत है।



डॉ सत्यवान सौरभ
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

महात्मा गांधी का कथन कमजोर कभी माफ नहीं कर सकते; क्षमा ताकतवर की विशेषता है। अहिंसा के साथ-साथ सत्याग्रह (सत्य पर जोर) की उनकी अवधारणा की आधारशिला थी। गांधीजी का मानना था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। एक क्रूर, भारी सैन्यीकृत औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ते हुए, उन्होंने समझा कि हिंसा समाधान नहीं हो सकती। इसके अलावा, उनका मानना था कि मनुष्य स्वाभाविक रूप से हिंसक नहीं हैं, और इस प्रकार उन्होंने एक परिवर्तन लाने की मांग की। गांधीजी इस बात पर जोर देते हैं कि हिंसा का प्रतिकार न करने से कोई व्यक्ति कमजोर या कायर नहीं हो जाता, जो आम धारणा के विपरीत है। अधिक हिंसा या बड़े अन्याय के साथ हिंसा या अन्याय का जवाब देना एक दुष्चक्र है, सच्ची बहादुरी नहीं। असली बहादुरी अपराधी को क्षमा करने में है; उसके द्वारा, हम हिंसा का सहारा लेने की अपनी वृत्ति पर विजय प्राप्त करते हैं। यह हमें अपनी भावनाओं और कार्यों और इंद्रियों के नियंत्रण में होने का प्रतीक है, जो किसी भी अन्य की तुलना में एक बड़ी जीत है।

इसके अलावा, क्षमा करने से अपराधियों को उनके तरीकों की त्रुटि दिखाई देगी, और उनमें एक नैतिक परिवर्तन की ओर अग्रसर होगा, जिससे एक पुण्य चक्र की स्थापना होगी जहां अन्याय करने वालों को अपनी और पूरी मानव जाति की बेहतरी के लिए सुधार किया जाएगा। वर्तमान समय में भी, हम ऐसी कई स्थितियों का सामना करते हैं जहाँ अनजाने में या उद्देश्यपूर्ण ढंग से हमारे साथ अन्याय किया गया हो। ऐसे में हमें बदला लेने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। बल्कि हमें अनजाने में किया गया अन्याय क्षमा करने का प्रयास करना चाहिए। यदि उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया जाता है, तो हमें बदला लेने और और भी अधिक द्वेष के साथ प्रतिक्रिया करने के बजाय, अपराधी में परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। देश भर में होने वाले सांप्रदायिक दंगे और दुनिया भर में आतंकवाद का खतरा यह दशार्ता है कि वर्तमान समय में गांधीजी का उद्धरण कितना महत्वपूर्ण है, और बोलने के लगभग एक सदी बाद इसका क्या महत्व है। क्षमा एक हृदय परिवर्तन है जब पीड़ित प्रतिशोध के बजाय स्वेच्छा से गलतियों या अपराधों को क्षमा कर देता है। क्षमा करने के लिए क्रोध पर नियंत्रण जरूरी है। क्रोध व्यक्ति को प्रतिशोध की ओर धकेलता है और हमारी तर्क शक्ति को धूमिल कर देता है। क्षमा करने के लिए अपराधी और अपराध के बीच अंतर करना आवश्यक है। किसी को प्रतिशोध की तात्कालिकता से परे देखने, अन्याय या अपराध के मूल कारण का पता लगाने और उसे संबोधित करने की आवश्यकता है। क्षमा करने के लिए किसी को इस कथन में कारण खोजने की आवश्यकता है कि जैसे को तैसा दुनिया को अंधा बना देगा। हम उन्हें आसानी से माफ कर देते हैं जिन्हें हम प्यार करते हैं क्योंकि हम उनकी सुधार करने की क्षमता में विश्वास करते हैं। दूसरों को या कुल अजनबियों को माफ करने के लिए हर इंसान की मानवता की अच्छाई में विश्वास होना चाहिए और विश्वास करना चाहिए कि हमेशा सुधार की संभावना है। क्षमा अक्सर तब आती है जब पीड़ित को लगता है कि अपराधी दोषी महसूस कर रहा है और उसे अपनी गलतियों का एहसास होता है। किसी के साथ अन्याय होने पर भी दूसरों की भावनाओं को देखने के लिए संयम और गहरी अंतर्दृष्टि की आवश्यकता होती है। इस प्रकार क्षमा भावनात्मक रूप से बुद्धिमान, सहानुभूतिपूर्ण, समतामूलक और उचित व्यक्तित्व का गुण है।

आज की दुनिया में हम देखते हैं कि भौतिकवाद और व्यक्तिवाद बढ़ रहा है। हमारे आस-पास के कई सामाजिक-आर्थिक संघर्ष बिना सोचे-समझे बदला लेने और गुस्से के फटने पर आधारित हैं। एक सरल उदाहरण रोड ड्राइविंग है जहां छोटे संघर्ष साथी सड़क उपयोगकताओं के प्रति आक्रामक व्यवहार की ओर ले जाते हैं। हम यह भूल जाते हैं कि सड़क एक सामान्य सामाजिक स्थान है और सामाजिक जीवन तभी संभव है जब हम बात करें, चर्चा करें और एक-दूसरे की छोटी-छोटी गलतियों को क्षमा करें। क्षमा के लिए एक आवश्यक मूल्य इस प्रकार प्रत्येक मनुष्य के लिए सम्मान है। आतंकवादी गतिविधियां, उग्रवाद, नक्सलवाद, सांप्रदायिक दंगे आदि खुद को बदले की कार्रवाई के रूप में और अतीत में की गई गलतियों को सुधारने की कोशिश करने वाले कृत्यों के रूप में सही ठहराते हैं। इस तरह के कृत्यों का उद्देश्य गलत के बजाय गलत करने वाले का सफाया करना ही संघर्षों को बढ़ाता है। हमें अपने शिकायत निवारण के लिए सत्याग्रह का मार्ग सीखना होगा। सत्याग्रह अहिंसक साधनों का उपयोग करके इस मुद्दे के पीछे की सच्चाई को उजागर करने पर आधारित है। इस प्रक्रिया में सत्याग्रही दर्द, चोट सहने के लिए तैयार हैं लेकिन वे अपराधी से घृणा नहीं करेंगे। क्योंकि नफरत से गुस्सा पैदा होता है जो हिंसा के रूप में सामने आता है। इसके बजाय वे अपराधी को माफ कर देंगे और उसमें सच्चाई देखने के लिए मानवता की अपील करेंगे। हिंसा वह नहीं कर सकती जो अनुनय कर सकता है। हृदय परिवर्तन एक लंबे समय तक चलने वाला परिवर्तन है। केवल मजबूत ही दर्द सह सकता है, क्षमा कर सकता है और फिर भी इस तरह के बदलाव के लिए प्रयास कर सकता है, कमजोर नहीं। क्षमा उस व्यक्ति के प्रति बदला या क्रोध की भावना नहीं रखने का एक कार्य है, जिसने कोई नुकसान किया है यानी मानसिक, शारीरिक या भावनात्मक रूप से। महात्मा गांधी के अनुसार क्षमा का अभ्यास किसी भी व्यक्ति को कमजोर नहीं बनाता है और न ही यह पीड़ित की अक्षमता को दिखाता है कि वह गलत काम करने वाले को जवाब दे सके। उनका मानना है कि क्षमा पाप करने वाले की सोच में सुधार का अवसर देती है। उसी तरह से कार्य करने से बीमार व्यक्ति समाधान की ओर नहीं ले जाता है क्योंकि दो गलत एक सही नहीं बनाते। और यह भी शक्ति केवल हिंसा के माध्यम से नहीं दिखाई जाती है, यहां तक कि एक व्यक्ति जो अपने भीतर की शांति में है खुद भी मजबूत है।

वर्तमान स्थिति में भी यही उद्धरण सही है जब भारत असहिष्णुता के विभिन्न मामलों का सामना कर रहा है। धार्मिक समुदाय धार्मिक संस्कृतियों के व्यवहार में केवल मतभेदों पर एक-दूसरे से लड़ रहे हैं और परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई है। आमतौर पर बदला लेने के लिए एक लड़ाई के बाद दूसरी लड़ाई की जाती है। लेकिन क्या आंख के बदले आंख को गहराई से देखने से समस्या का समाधान हो सकता है? नहीं, यह इसे हल करने वाला नहीं है। वास्तव में किसी के कदाचार को क्षमा करना और शांति को बढ़ावा देना आदर्श वाक्य होना चाहिए। आज, भारतीय समाज उस चौराहे पर है जहां विभिन्न समुदाय या वर्ग समाहित हो रहे हैं, इसलिए शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए क्षमा और स्वीकृति के कार्य का अभ्यास करना चाहिए। चूँकि शांति प्रत्येक मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है जो बिना किसी क्रोध या द्वेष के केवल मन के द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है।

5जी और गांव में नेटवर्क की समस्या

बबली सोरागी

भारत भले ही आज 5जी नेटवर्क की तरफ तेजी से कदम बढ़ रहा हो, लेकिन देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लोगों को मामूली नेटवर्क तक उपलब्ध नहीं हो पाता है. उन्हें इंटरनेट स्पीड मिलना तो दूर की बात है, अपनों से फोन पर भी बात करने के लिए गांव से कई किमी दूर नेटवर्क के क्षेत्र में जाना पड़ता है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों की आज यही स्थिति है, जहां नेटवर्क की पहुंच नाममात्र की है. इन्हीं में एक बागेश्वर जिला स्थित कपकोट ब्लॉक का बघर गांव भी है. ब्लॉक से लगभग 40 किमी दूर पहाड़ की घाटियों में बसे इस छोटे से गांव की आबादी लगभग दो सौ के करीब है. यह इस क्षेत्र का इंसानी आबादी वाला अंतिम गांव है. जहां सरकार की लगभग सभी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है. गांव में न तो पक्की सड़कें हैं और न ही अस्पताल की बेहतर सुविधा उपलब्ध है. इस गांव में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा का भी घोर अभाव है. कहने को तो गांव गांव में इंटरनेट का जाल बिछा दिया गया है, लेकिन बघर गांव में सरकार का यह दावा बिल्कुल ही खोखला नजर आता है. यहां के ग्रामीणों और छात्रों को मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में इंटरनेट विलासिता का नहीं बल्कि मूलभूत जरूरतों में से एक बन गया है. आज बहुत से युवा इंटरनेट के माध्यम से अपना काम घर बैठे कर रहे हैं. उन्हें नौकरी दिलाने में भी इंटरनेट एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है. लेकिन बघर गांव के बहुत से युवा केवल इसलिए नौकरियों से वंचित रह जाते हैं क्योंकि इंटरनेट की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें समय पर इसकी जानकारियां उपलब्ध नहीं हो पाती हैं. जब तक वह अपडेट होते हैं तब तक आवेदन करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी होती है। जिससे उन्हें बहुत नुकसान का सामना करना पड़ता है. नेटवर्क की कमी के कारण इंटरनेट की सुविधा नहीं होने का खामियाजा छात्रों को भी भुगतनी पड़ती है. गांव की किशोरी नेहा का कहना है कि वह बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही है, ऐसे में विषय से संबंधित अपडेट रहने की जरूरत पड़ती रहती है. लेकिन इंटरनेट की सुविधा नहीं होने के कारण वह इससे वंचित है और उसे केवल पुस्तकों पर ही निर्भर रहना पड़ता है. वह कहती है कि यदि गांव में इंटरनेट की सुविधा होती, तो हमें अनेक विषयों के बारे में नवीनतम जानकारियां आसानी से प्राप्त हो सकती थीं. हम यूट्यूब के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई भी कर सकते थे. स्कूल में कई बार जिन विषयों के बारे में हमें नहीं बताई जाती है वह हमें इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त हो सकती थी. इंटरनेट न होने के कारण बहुत सी जानकारियां हमसे छूट जाती है, हमें नहीं पता होता है कि हमारे आसपास, हमारे देश में क्या चल रहा है? नेहा के अनुसार इस प्रकार की समस्या से गांव की लगभग सभी किशोरियां जूझ रही है. गांव की एक अन्य किशोरी सोनिया का कहना है कि अगर हमारे गांव में इंटरनेट की सुविधा होती तो हमें दूर जंगलों में जाकर इंटरनेट चलाने की जरूरत नहीं पड़ती. वहां जाना हमारी मजबूरी होती है जबकि वहां जंगली जानवरों का डर भी सताता रहता है कि कही कोई हिंसक जानवर हम पर हमला न कर दे. हम चाहते हैं कि हम भी देश और दुनिया की खबरों से रुबरु रहें इसलिए हम लोग वहां जाते हैं. नेटवर्क की कमी से जहां युवा और विद्यार्थी परेशान हैं तो वहीं गांव के आम लोग भी इस सुविधा की कमी से परेशान हाल हैं. गांव की महिला खीला देवी का कहना है कि इंटरनेट नहीं होने की वजह से हमें बहुत दिक्कत होती है. जो काम हम इंटरनेट के जरिए घर बैठकर कर सकते हैं उसके लिए हमें गांव से दूर जाना पड़ता है. जानकारी के अभाव के कारण हमारे बच्चों के नौकरी के फार्म की तारीख भी निकल जाती है. पढ़ाई में आगे कौन सा कोर्स करना चाहिए, कब किस कॉलेज के फॉर्म निकलेंगे? उन्हें इसकी कोई जानकारी समय पर नहीं मिल पाती है, यह बहुत बड़ी समस्या है, जिस कारण से हमारे बच्चे पीछे रह जाते हैं. गांव की बुजुर्ग महिला जमुना देवी का कहना है कि सरकार द्वारा जो बुजुर्गों के लिए योजनाएं चलाई जाती है वह इंटरनेट की कमी के कारण हम तक समय से नहीं पहुंच पाती हैं और हम उसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं. वह कहती हैं।

संक्षिप्त खबरें

गोपालगंज में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

गोपालगंज। जिले के गोपालपुर थाना के लक्ष्मीपुर गाव के समीप बगीचे में एक पेड़ से फाँसी के फंदे पर झूलता हुआ एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। बरामद शव को पेड़ से उतार कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज ममाले कि जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान गोपालपुर थाना के छत्तरपट्टी गाव निवासी किशनाथ यादव के 30 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय कुमार यादव उर्फ दरोगा यादव के रूप में की गई। मृतक के परिजनो द्वारा आरोप लगाया गया है कि देर शाम उसके कुछ दोस्त घर पर आए थे और उसे बुलाकर अपने साथ ले गए तब से वह घर नही लौटा वही कुछ लोग जब बगीचे के ओर गए तो कटहल के पेड़ से लटका उसका शव देख कर शेर मचाया। शव मिलने की सूचना पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई शव देखने वालों की भीड़ एकत्रित हो गई। वही ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है। वहीं मृतक के शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमे आर्थिक तंगी और बीमारी का जिक्र किया है। हलाकिं परिजनों ने आरोप लगाया है कि मृत्यंजय के दोस्तो ने देर शाम फोन कर उसे बुलाया और उसकी हत्या कर पेड़ से लटका दिया है। परिजनों का आरोप है कि यह घटना मृतक के गाव छत्तरपट्टी से करीब ढाई किलो मीटर दूर लक्ष्मीपुर में घटी है। इससे अंदाजा लगाया जाता है कि उसे बुलाकर हत्या की गई है। हालांकि की मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस हत्या व आत्महत्या दोनो पहलुओं पर जांच कर रही है।

सडक हादसे में मेला देख लौट रहे युवक की मौत

गोपालगंज प्रातः किरण संवाददाता

जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के बाईपास पर मेला देख लौट रहे एक युवक को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगो की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंहा डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। वही सूचना पाकर पंडुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के बदरजिमी गांव कलिस्टर सहनी के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि मृतक कलीस्टर सहनी बाइक पर सवार होकर घर से मेला घूमने के लिए मीरगंज गया था। मेला घूम कर जब वह वापस घर लौट रहा था इसी बीच बाईपास पर अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

कॉलेज गयी किशोरी का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी अपनी बहन के साथ भोरे बाजार गयी थी। किशोरी अपना फॉर्म भरने एस एस बालिका कालेज नवतन चली गयी एवं उसकी बहन बीपीएस कालेज भोरे में पढ़ने चली गयी। फॉर्म भरने गयी किशोरी लौट कर अपने घर नही आयी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गयी लेकिन किशोरी का कहीं पता नही चला। थक हार कर किशोरी की मां ने स्थानीय थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

चाकूबाजी मामले में एक आरोपित को पुलिस किया गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के मांझागढ थाना क्षेत्र के गौसिया गांव में पुलिस ने छापेमारी कर पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट व चाकूबाजी मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित विपुल तिवारी बताया गया है। बताया जाता है कि मांझागढ़ थाना क्षेत्र के गौसिया गांव में 1 अक्टूबर को पूर्व के विवाद को लेकर विपुल तिवारी एवं अशोक पटेल के बीच जमकर मारपीट व चाकूबाजी हुई थी। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले के आरोपित विपुल तिवारी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

55 बोतल शराब व बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। अवैध शराब के खिलाफ भोरे पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में उस समय एक सफलता हाथ लगी, जब पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर पुरानी बाजार से 55 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक को भी जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि स्थानीय थाने के एसआई बिरेन्द्र तिवारी के द्वारा अवैध शराब की बरामदगी को लेकर अपनी टीम के साथ अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि हुस्सेपुर पुरानी बाजार से होकर कुछ लोग शराब लेकर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने वहां वाहन जांच शुरू कर दी। इसी बीच एक बाइक पर सवार एक शख्स को पुलिस ने पकड़ा।

दुर्गापूजा मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक दर्जन घायल

गोपालगंज के एनएच 27 पर अरार मोड के समीप हुआ हादसा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज में नगर थाना क्षेत्र के अरार मोड़ स्थित एनएच-27 पर बस पलटने से करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगो के मदद से ततकल ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

वही इस हादसे के बाद सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुंचे एसडीपीओ संजीव कुमार व एसडीओ डॉक्टर प्रदीप कुमार ने घायलों की स्थिति का जायजता लिया और चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिया।घटना के सनदर्भ में बताया जाता है कि बुधवार की रात गोपालगंज शहर के चिराई घर से एक मिनी बस यात्रियो को बैठा कर बैकुंठपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान बस में मेला घूम कर बैकुंठपुर बरौली, सिधवलिया व माँझा के करीब 50 लोग सवार थे। यात्रियों से भरी बस जैसे ही अरार मोड़ के पास एनएच 27 पर पहुँची तभी वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क किनारे पलट गई। बस पलटते ही पलभर में चीख पुकार मच गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचित कर तत्तकाल घायलों को ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा गया जहां सभी जख्मियों का ईलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में सिधवलिया प्रखण्ड के बरहिमा गाँव की रैफ्यून खातून, रंजीत, लक्ष्मी कुमारी, मांझा प्रखण्ड के लहलादपुर गांव की काजल कुमारी, बरौली प्रखण्ड के चैनपुर गांव के नीतीश कुमार, रमिता देवी, बरहिमा गांव के पूजा कुमारी, बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के महुवाँ गांव के चंदन कुमार, बरौली के सरफरा गांव की पूनम देवी, बैकुण्ठपुर के रेवतीत गांव की लक्ष्मी गुप्ता और बरहिमा गांव की बच्ची देवी समेत अन्य लोग शामिल है। बस पर सवार घायलों ने बताया कि बस पर करीब 50 लोग सवार थे। जिसमें 20 लोगो को चोट लगी है। जबकि एक दर्जन लोगो को गंभीर चोटे आई है। वही सदर एसडीएम डॉक्टर प्रदीप कुमार एवं सदर एसडीपीओं संजीव कुमार घटना स्थल एवं सदर अस्पताल में पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

गोपालगंज में गर्भवती नवविवाहिता को दहेज के दानवों ने मार डाला

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। नगर थाना क्षेत्र के कोन्हवां गांव में दहेज लोभियों ने दहेज के लिए शादी के महज छह माह के अंदर चार माह की गर्भवती महिला की हत्या कर दी। हत्या के बाद दहेज लोभी ससुराल वाले फरार बताए जा रहे है। घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। और मामले की जांच पडताल में जुट गयी है। मृतक महिला सोनी बतायी गयी है। बताया जाता है कि यादोपुर थाने के बाबू विशुनपुर गांव के दूधनाथ साह की पुत्री सोनी देवी की शादी 9 मई 2022 को नगर थाने के कोन्हवा गांव के राधेश्याम साह के पुत्र बिजेंद्र साह के साथ हुई थी। परिवार ने हैसियत के मुताबिक सामान और शादी की खर्च के लिए नगद पैसे भी दिया था, लेकिन दहेज रूपी दानवों ने दहेज की डेढ़ लाख और नगद की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का सिलसिला शुरू कर दिया। परिवार के लोगों का आरोप है कि सोनी को मायके बात करने के लिए दिया गया मोबाइल फोन तक छिनकर रख लिया गया था। 4 अक्टूबर की रात के 12 बजे सोनी के पति बिजेंद्र साह ने ससुराल फोन कर हत्या की खबर दी। उसके बाद सभी फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपी सास तीजा देवी को गिरफ्तार कर लिया है। सदर एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जल्द ही हत्या में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

लूटपाट करने वाले गिरोह का पदार्फाश, नौ बदमाश गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में राहगीरों से लूटपाट व छिनतई करने वाले गिरोह का गोपालगंज पुलिस ने पदार्फाश किया है। गिरोह से जुड़े नौ बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। साथ हीं नकली पिस्तौल के अलावा लूटी गई तीन बाइक बरामद, घटना में प्रयुक्त तीन बाइक, लूट के चार मोबाइल फोन, लूट की नगद राशि सहित अन्य कागजात बरामद किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक आंनद कुमार ने आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि पर्व त्यौहार के अवसर पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में राहगीरों से लूटपाट की सूचना मिल रही थी। जिसको लेकर सभी थानो को अर्लट कर सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में श्रीपुर ओपी क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान लूट की बाइक के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उनके अन्य साथियों ने फुलविरया, थावे, मीरगंज तथा उचकागांव थाना क्षेत्र में आने जाने वाले राहगिरों से नगदी, मोबाइल के अलावे बाइक की लूटपाट की है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर हथुआ एसडीपीओ नरेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। गठित टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर इस गिरोह में शामिल नौ अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मीरगंज थाने के भटवलिया गांव का सनोज कुमार यादव, विशाल यादव, फुलवरिया थाने के संग्रामपुर गांव के पवन कुमार, अभय कुमार, पकौली बदो गांव के विक्की कुमार, उचकागांव थाने के अमठा भुवन गांव के अंकित यादव, छोटका भुवन गांव के विक्की मिश्रा, ब्रहमाइन गांव के अभिषेक कुमार और सिसवनिया गांव के पियुष पाण्डेय बताए गए है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से लूटी गई तीन हीरो स्पेलंडर बाइक, लूटी गयी चार मोबाइल फोन, लूटा गया बैग कागजात सहित, लूट की राशि, चाकू व घटना में प्रयुक्त तीन बाइक के अलावे ऑटोमेटिक पिस्टल जैसा दिखने वाला खिलौना बरामद किया गया।

टीम में डीएसपी के अलावा मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार, उचकागांव थानाध्यक्ष, श्रीपुर ओपी प्रभारी समेत जवान शामिल थे। गिरफ्तार अपराधियों द्वारा कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई है। एसपी ने बताया कि टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

गोपालगंज में कैदी ने की आत्महत्या की कोशिश

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। गोपालगंज के चनावे मंडल कारागार में हत्या के एम मामले में सजा काट रहे बन्दी ने ब्लेड से गला काट कर आत्महत्या की कोशिश की। वहीं जेल प्रशासन द्वारा उसे तत्काल ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका ईलाज चल रहा है। बन्दी बरौली थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव का इंद्रजीत मांझी बताया गया है। बंदी के परिजनों ने बताया कि इंद्रदेव मांझी की पुत्री का गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच उसकी पुत्री अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। इसके बाद दोनो पक्षों में हुयी मारपीट की घटना में प्रेमी के चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए इंद्रजीत को व उसके पुत्र और उसकी पत्न ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के तीन साल बाद भी जमानत नही मिलने और घर मे कोई पैरविदार नही होने के कारण वह काफी परेशान रहने लगा। और उसने अपने जिंदगी से तंग आकर ब्लेड से गला काट कर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन समय रहते मौके पर मौजुद अन्य बंदियों व पुलिस द्वारा उसे तत्तकाल ईलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहाँ डॉक्टरों के देख रेख में उसका ईलाज चल रहा है।

शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के तिवारी चकिया गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि तिवारी चकिया गांव निवासी नागेश्वर राम द्वारा शराब पीकर पड़ोसियों के साथ गाली-गलौज की जा रही थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर मेडिकल जांच करायी। शराब पीने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

गोपालगंज में रिटायर्ड गार्ड के घर डकैती का पुलिस ने किया खुलासा

सीआरपीएफ से बर्खास्त जवान निकला डकैती का मास्टरमाइंड, पुलिस ने पांच डकैतों को किया गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के आजाद नगर वार्ड नम्बर 22 में 14 सितम्बर को हुयी डकैती कांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में छः लूटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लूटेरो के पास से लूटे गए जेवरता और लूट की नगद राशि बरामद की गयी है। पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने प्रेस वार्ता कर डकैती कांड का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र भीतभेरवा पेट्रोल पम्प से आगे नहर के पास दो मोटर साईकिल पर सवार आधा दर्जन अपराधी एकत्रित होकर अपराध की योजना बना रहे है। जिसके बाद सदर एसडीपीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा, एक पिस्टल, दो कारतूस, पांच मोबाइल, दो लूट की पल्सर बाइक और आभूषण बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशो ने पूछताछ के दौरान आजाद नगर में हुए डकैती में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। जिसके निशान देही पर लूटे गए सोने एवं चांदी के आभूषण एवं घटना में शामिल प्रयुक्त मोबाईल फोन को बरामद कर लिया गया। एसपी ने बताया कि घटना के मास्टर माइंड सीआरपीएफ से बर्खास्त जवान की पहचान पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया निवासी मोहम्मद असलम के रूप में हुई है। जिस मकान में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था, वह उसी मकान में किराये पर रहता था। इसी दौरान उसने डकैती की साजिश रची और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। घटना में शामिल सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उन्होने बताया कि डकैती कांड का सफल उदभेदन करने वाली टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानति किया जाएगा।

गोपालगंज में बीडी नही देने पर मारा चाकू

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मीरगंज थाने के मटिहानी नैन गांव में महज एक बीड़ी के लिए हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जंहा बुधवार की रात महज एक बीड़ी के विवाद में युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद जख्मी युवक के परिजनों ने आरोपी युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक युवक मकसूद नट बताया गया है जो अपनी बहन के घर मटिहानी नैन गांव में दुर्गा पूजा का मेला घूमने आया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। घटना में घायल युवक असगर नट को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि बुधवार की रात दुर्गा पूजा का मेला था। मेला में असगर नट अपनी पत्न ी और बच्चों के साथ घूमने निकला था। इसी दौरान मृतक मकसूद नट ने बीड़ी की मांग की। असगर द्वारा एक बार बीड़ी देने के बाद दोबारा नहीं दिये जाने पर उसने चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि मृतक ने असगर नट की पत्नी के साथ भी मारपीट की। वहीं घटना के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हथुआ एसडीपीओ नरेश कुमार का कहना है कि पुलिस इस मामले में मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी है। प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

भोरे में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ दशहरा का त्योहार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे प्रखंड क्षेत्र में विजयादशमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। लगभग सभी जगह की प्रतिमाओं को विसर्जित कर दी गई। दशहरा के अवसर पर पूजा अर्चना को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराने के लिए मंदिरों, पूजा पंडालों व चैक चैराहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। प्रखंड के सिसई, कावे, लामीचैर, हुस्सेपुर, महरादेउर, कोरेया, छठियाव, भोरे दुर्गा मंदिर आदि स्थानों पर मां आदिशक्ति भगवती दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर कई स्थानों पर प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मंदिरों को इलेक्ट्रॉनिक लाइट लगाकर भव्य तरीके से सजाया गया था। इसके साथ ही मंदिरों को रंग बिरंगी फूलों से डिकोरेट भी किया गया था।

आरक्षण समाप्त करना चाहती है महागठबंधन सरकार : विनोद

नगर निकायों को अफसरों के हवाले करने की चल रही साजिश

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

शहर के अम्बेडकर चैंक पर भाजपा जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्य मंत्री सह नगर विकास मंत्री तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के बाद जिलाध्यक्ष ने कहा कि ज्ञात हो कि बिहार सरकार के गलत रवैया के कारण विगत 4 नवम्बर को पटना हाई कोर्ट के द्वारा बिहार के नगर निकाय चुनाव में अतिपिछड़ा का आरक्षण समाप्त कर चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था।

राज्य सरकार को चाहिए कि तत्काल सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए नगर निकाय चुनाव कराए। उन्होने कहा कि बिहार सरकार पटना हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने की बात कर नगर निकायों को अफसरो के हवाले करने की साजिश रच रही है। बिहार सरकार ने जिस प्रकार से अति पिछड़ा समाज की हकमारी करने का काम किया है वह निंदनीय है। उन्होने कहा कि बिहार में जब जब भाजपा सरकार में आई है अतिपिछड़ा समाज को आरक्षण मिला है और पुरी तरह सुरक्षित भी रहा है। भाजपा शाशनकाल में ही अतिपिछड़ा समाज को सरकारी नौकरीयो आरक्षण देने व पंचायत और नगर निकाय चुनावों में आरक्षण देने का काम किया गया है। और आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री तेजस्वी यादव है तो यह जोड़ी क्यों अतिपिछड़े के आरक्षण को नहीं बचा पा रहा है। अति पिछड़ों का आरक्षण पर ग्रहण राजद शासन काल में ही होता आया है, आज तो नगर विकास मंत्री स्वयं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ताक पर रख कर नगर निकाय चुनाव को घोषणा कर दिए ताकि कोर्ट को आधार मिल सके और अतिपिछड़े को आरक्षण समाप्त हो जाय। पुतला दहन में उमेश प्रधान, प्रकाश लाल श्रीवास्तव, संदीप गिरी, दीपक कुमार दीपु, राजू सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, जयहिंद प्रसाद, तनवीर अहमद, भरत सिंह, चंद्रमोहन पांडेय, अभिषेक कुमार, सानु सिंह, राणा राहुल प्रताप सिंह, रजत राय आदि शामिल थे।

जनता दरबार लगा डीएम ने सुनी समस्याएं

गोपालगंज। समाहरणालय में गुरुवार को जिला पदाधिकारी का जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें शिकायतों पर सुनवाई की गयी। डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी ने जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। डीएम द्वारा कुछ फरियादियों को समझाया गया कि वे अपनें विवाद को आपसी सुलह समझौता के माध्यम से सुलह करने का प्रयास करें। ऐसा करने से दोनो पक्षों के लिए बेहतर होगा। डीएम के सुझाव पर फरियादी संतुष्ट दिखे। जनता दरबार में मुख्य रूप से विजयीपुर प्रखंड के नौतन गांव के रामश्रृँगार शर्मा, मीरगंज के परमानंद प्रसाद, बसडीला के मैनूद्दीन, रामायन प्रसाद, गुलाम सरवर और जरीना खातून ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डीएम ने सभी फरियादियों की फरियाद सुनने के बाद त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। वही दुसरी तरफ पुलिस अधीक्षक आंनद कुमार के द्वारा भी जनता दरबार लगाकर दर्जनों मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया।

फुलवरिया में सारण स्नातक निर्वाचन नामावली में नाम जोड़ने को लेकर बैठक

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया प्रखंड मुख्यालय के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को सारण स्नातक निर्वाचन नियमावली में नाम जोड़ने को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार रोशन ने की। बैठक में निर्वाचन से संबंधित कर्मी बीएलओ सहित अन्य शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए बीडीओ श्री रोशन ने कहा कि सारण स्नातक निर्वाचन नियमावली में नाम जोड़ने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि दिए गए टास्क में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित कर्मी पर विभागीय अनुशंसा कर कार्रवाई की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित कर्मी खुद होंगे। वही बैठक के बाद बीडीओ श्री रौशन ने पत्रकारों से कहा कि जो नागरिक 31 अक्टूबर 2019 तक स्नातक की परीक्षा में सफलता पा लिए हो, वे प्रखंड कार्यालय में आकर अपना फार्म जमा कर सकते हैं। वैसे प्रखंड के बारहों पंचायत से स्नातक की परीक्षा में सफलता पाए हुए नागरिक एक अक्टूबर से अपना फार्म जमा कर रहे हैं। जो 17 अक्टूबर तक फॉर्म जमा कर सकते हैं। बैठक में बीएलओ चन्द्रिका बैठा, सुजीत कुमार रजक, रमेश साह गोड़, प्रदीप कुमार रवि, केशव दुबे, छोटेलाल यादव, जमशेद अली, हृदयानंद महतों तथा मनीष कुमार सहित अन्य बीएलओ व कर्मी मौजूद रहे।

गोपालगंज उपचुनाव आज से होगा नामांकन तैयारी पुरी

चुनाव को लेकर डीएम ने की सभी कोषांगो की बैठक

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी की अध्यक्षता में गोपालगंज विधान सभा उप निर्वाचन को लेकर गठित सभी कोषांगो के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की आयोजित की गयी। समीक्षा के दौरान जिला स्तर पर संपादित निर्वाचन के कार्यो के बारे में जिला पदाधिकारी ने जानकारी ली। और सभी कोषांगो से निर्वाचन संबंधित कार्यो को पूर्व से ही तैयार रखने के निर्देश दिया। इसके साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर गांवो में भीटीआर सुची के आधार पर आकलन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास करने के निर्देश दिया। डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कोषांग चुनाव के लिए गठित कोषांगो में प्रतिनियुक्त कर्मियों को उसी दिवस से बुलावें जब से उनके कार्य की आवश्यकता हो। आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग कार्य आज ही पुर्ण कर लेने को कहा गया। वही विभागीय पत्रों के त्वरितव निस्तारण नहीं होने पर खेद प्रकट करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निदेश दिया गया कि हर हाल में विभागीय पत्रों का निस्तारण होना चाहिए। डीएम ने अधिकारियों को कार्य शैली में बदलाव के लिए सुझाव दिये और औचक निरीक्षण करने को भी कहा गया। सीडब्लूजेसी, एमजेसी के मामले मे किसी भी परिस्थिती में शिथिलता न बरतने के निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह स्थापना उप समाहर्ता बिरेन्द्र कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर डॉ० प्रदीप कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी इरफान आलम, वरीय उप समाहर्ता राहुल सिन्हा, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनंत कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी शशिकान्त आर्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजुद थे।

संक्षिप्त खबरें

विजयीपुर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवक की मौत

गोपालगंज।जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र में नवरात्र मेला के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन गए एक युवक की मौत खनुआ नदी में डूबने से हो गयी।मृतक थाना क्षेत्र के खापे गांव के गोपाल भगत का 18 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार था।बताया गया कि वह बुधवार की शाम में गाजे-बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन जुलूस में शामिल हुए।जुलूस खनुआ नदी के किनारे माड़र घाट पर पहुंचा।जहां मां भवानी की प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा था।कुछ युवक प्रतिमा को लेकर नदी के बीचोंबीच गहरे पानी की तरफ चले गए।प्रतिमा को पानी में डूबोने के बाद अन्य युवक तैरकर वहां से निकल आए।लेकिन, गोलू नहीं निकल पाया और डूब गया।डूबने का शोर सुनकर आसपास के मल्लाह आकर नदी में चारों तरफ ढूंढना शुरू किए ,लेकिन वह नहीं मिला।बाद में पहुंची पुलिस ने भी काफी देर तक खोजबीन करायी। लेकिन, देर रात तक वह नहीं मिला। वहीं, गुरुवार की सुबह उसके गांव के कुछ युवक फिर से नदी में उसे खोजने पहुंचे। इस दौरान डूबने के स्थान से थोड़ी दूरी पर उसका शव उपलते दिखा। इसके बाद शव को बाहर निकाला गया और परिजन शव अपने साथ लेकर घर चले गए।

सिधवलिया में नदी और गड्ढे में डूबने से वृद्ध व युवक की मौत

गोपालगंज । जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई।मृतकों में बली छापर गांव के 40 वर्षीय रामाशंकर यादव एवं बुचेयां गांव के 65 वर्षीय विश्वनाथ प्रसाद शामिल हैं।घटना के संबंध में बताया गया कि बली छापर गांव के रामाशंकर यादव सुबह से लापता थे।अगले दिन शौच के लिए बाहर गए ग्रामीणों ने घघरी नदी में उनका शव देखकर परिजनों को सूचना दी। उधर, बुचेयां गांव के विश्वनाथ प्रसाद सुबह में रेलवे क्रॉसिंग के पूरब शौच करने के लिए गए थे। संतुलन बिगड़ने के कारण वे पानी से भरे गड्ढे में गिर पड़े।जिससे उनकी मौत हो गई।

विद्यालय का ताला तोड़कर कम्प्यूटर की चोरी

गोपालगंज। जिले के भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी स्मारक उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के कम्प्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर कम्प्यूटर के सामानों की चोरी कर ली है।कालेज के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयश्री प्रसाद ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।बताया जाता है कि प्रखंड मुख्यालय के सामने स्थित गांधी स्मारक विद्यालय के रात्रि प्रहरी उमेश शर्मा बुधवार की देर शाम विद्यालय परिसर में आये तो कम्प्यूटर कक्ष का ताला टूटा हुआ था। रात्रि प्रहरी ने इसकी जानकारी प्रधानाध्यापक को दी।जानकारी मिलते ही प्रधानाध्यापक जयश्री प्रसाद विद्यालय में पहुंचे। कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के उपरांत संगीत भवन का ताला टूटा हुआ मिला।साथ ही बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आपूर्ति की गयी मॉनिटर, यूपीएस, प्रिंटर, की बोर्ड एवं माउस गायब थे।मामले में पुलिस छानबीन में जुटी है।

चिकित्सकों के हड़ताल से ओपीडी सेवा ठप

गोपालगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांझा के चिकित्सकों के एक दिवसीय हड़ताल पर जाने से ओपीडी सेवा ठप रही। विदित हो कि भाषा एसोसिएशन के तत्वावधान में चिकित्सकों ने अपनी पुरानी मांगों के समर्थन में गुरुवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। जिसके कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी सेवा दिन भर ठप रही। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डा खुर्शीद जमाल ने बताया कि विभाग द्वारा अस्पतालों में बायोमेट्रिक सिस्टम से चिकित्सकों को हाजिरी बनाने का निर्देश दिया गया है।जबकि चिकित्सकों का ड्यूटी का निर्धारण आज तक नहीं किया गया।उन्होंने बताया कि चिकित्सकों का ड्यूटी निर्धारण, चिकित्सकों के लिए रहने एवं खाने की व्यवस्था करने, मेडिकल एवं अकास्मिक अवकाश की व्यवस्था, सहित अन्य मांग है। उन्होंने कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर आगे भी चिकित्सा सेवा को ठप किया जायेगा।

आरा जंक्शन पर बनेगा दो लिफ्ट व दो एस्केलेटर

आरा।पूर्व मध्य रेल की ओर से ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में आरा जंक्शन के एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने में सुविधा को ले दो एस्केलेटर और लगाए जायेंगे। ताकि वरिष्ठ नागरिक,महिला एवं दिव्यांगजन विशेष रूप से लाभान्वित हो सकें। बतादें कि पहले से दो एस्केलेटर कार्य कर रहे है।लिफ्ट व दो एस्केलेटर को ले टेंडर निकाल दिया गया है।जल्द ही आरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म एक पर उतरने और चार पर यात्रियों के चढने के लिए एस्केलेटर लगाया जायेगा।जबकि प्लेटफॉर्म एक और दो पर लिफ्ट लगेगा। मालूम हो कि आरा जंक्शन पर लिफ्ट की सुविधा नहीं थी। चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में इसे मूर्त रूप दिया जायेगा।

रामलीला मैदान में आयोजित रावण दहन समारोह में भारी संख्या में लोग शामिल

डीएम व एसपी ने लिया रावण वध का आनंद, जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी रहे मौजूद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला के दसवें दिन आसपास का इलाका आतिशबाजी से गूंज उठा। धूं-धू कर जलते रावण के जुटे लोगों ने ताली बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। समारोह में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी और विशिष्ट अतिथि एसपी। इस अवसर अपने संबोधन में कहा कि विजयादशमी का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रावण को उसके गलत कृत्य की सजा भगवान राम ने दी एवं उसका वध कर दिया।

उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही समाज व देश का भला हो सकता है। दशहरा केवल त्यौहार नहीं है, यह भारतीय सभ्यता का प्रकटीकरण है जो हर साल हमें यह याद दिलाता है कि हम अपने अन्दर के दानव को खत्म करें। रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है। इससे समाज को एक नई दिशा मिलती है। यहां पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भगवान राम का अनुसरण करना चाहिए। 25 फीट का रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र रहा। दूर-दूर से लोग रावण दहन को देखने पहुंचे। यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ थी। यहां पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके लिए भरी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, जिसमें इंस्पेक्टर और दरोगा शामिल थे। पंकज ललन मेजर राणाप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता पर्यावरणप्रेमी आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया ।उद्घाटन के पश्चात अध्यक्ष प्रेमपंकज ललन ने आगत अतिथियो का स्वागत अंग वस्त्र से किया व महासचिव शंभु नाथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद उपाध्यक्ष शंभूनाथ केशरी सन्नी शाहबादी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया विजयादशमी के पावन अवसर पर असत्य पर सत्य का विजय व बुराई पर अच्छाई के महापर्व के अवसर पर श्री राम रावण युद्ध के पश्चात विशालकाय रावण पुतला दहन सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ

जिसे देखकर भक्तों में बहुत उत्साह देखा गया किया: जिसे देखकर भक्तों में बहुत उत्साह देखा गया वहीं जिलाधिकारी राजकुमार व पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह सपरिवार उपस्थित थें इस आयोजन और आरती किया भगवान का मंच संचालन पर्यावरणप्रेमी आनंद कुमार व धन्यवाद ज्ञापन दिलीप कुमार गुप्ता ने किया । संरक्षक मेजर राणाप्रताप सिंह अध्यक्ष प्रेमपंकज ललन कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद महासचिव शंभु नाथ प्रसाद ,सह सचिव विष्णु शंकर, उपाध्यक्ष शंभूनाथ केशरी ,सन्नी शाहबादी, गौतम कुमार राजा विशाल कुमार गुप्ता आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

नेपाल में हो रही बारिश से जिले में बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। गंडक नदी के जलस्तर में अगले दो दिनों में एक बार फिर वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। गंडक के जल ग्रहण क्षेत्र में एक बार फिर बारिश हो रही है। आगे और बारिश की संभावना जताते हुए जल संसाधन विभाग ने नदियों के किनारे के जिलों में अलर्ट किया है।

बताया गया है कि अगले तीन दिनों तक नेपाल व उत्तर बिहार में माध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इससे इन जिलों में बाढ़ का संकट फिर से गहरा सकता है। पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी से डिस्चार्ज की मात्रा बढ़ रही है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गुरूवार की शाम वाल्मीकिनगर बराज से गंडक नदी के डाउनस्ट्रीम में 3.14 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। सदर, बरौली, सिधवलिया, माझागढ़ तथा बैकुंठपुर प्रखंडों के 42 गांवों के लोगों के लिए एक बार फिर परेशानी खड़ी सकती है। जिले के जल अधिग्रहण क्षेत्रों में मानसून कमजोर पड़ने के कारण नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट हो रही थी। लेकिन नेपाल में हो रही बारिश के बाद बराज से छोड़े गए पानी के बाद जिले में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। तटबंध के नीचले इलाकों मे रहने वाले लोगो को माइकिंग के जरीय अलर्ट रहने की चेतावनी दी जा रही है।

प्रत्याशियों का भविष्य खराब करने और नगर निकायो को अफसरों के हवाले करने के खिलाफ भाजपा ने बिहार सरकार का पुतला दहन किया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आज भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के जिलाध्यक्ष डॉ.प्रेम रंजन चतुवेर्दी के नेतृत्व मे बिहार मे हुए नगर निकाय चुनाव स्थगित होने के जिम्मेदार बिहार सरकार के खिलाफ आक्रोश मार्च और पुतला दहन किया गया।

कार्यक्रम स्थानीय सरकारी बस स्टैंड से शुरू हुआ और एक कारवें के रूप मे बिहार सरकार के खिलाफ गगनभेदी नारो के साथ त्रिभुवानी कोठी मोड़ पर सभा का रुप ले लिया ।सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेम रंजन चतुवेर्दी ने कहा कि आज बिहार को देश भर मे लज्जित करने का कार्य बिहार सरकार ने की है ।बिहार के महागठबंधन सरकार ने पिछड़ो और अतिपिछड़ों को अंधकार मे रखने का काम हमेशा से करती आ रही है।

आज पता चल गया है कि लालु प्रसाद यादव और नीतीश कुमार पिछडो. और अति पिछड़ो को केवल ठगने का काम करते है। आरक्षण के सभी नियम पता होते हुए भी जानबूझकर नगर निकाय का चुनाव कराने का जिद नीतिश कुमार का पोल खोल दिया है।आज 4600 प्रत्याशियों का भविष्य को बर्बाद कर दिया गया। बिहार सरकार नगर निकायो को अफसरो के हवाले कर मोटी कमाई करना चाहती है। हाइकोर्ट द्वारा फैसला सुनाने के बाद भी इसमे सुधार के बावजूद सुप्रीम कोर्ट जाकर इसे लटकाना चाहती है ।भारतीय जनता पार्टी बिहार सरकार के कोई भी दोषपूर्ण नीति को सफल नही होने देगी। सभा को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेन्द्र पांडेय,मिथिलेश कुशवाहा, अमरेन्द्र शक्रवार ने भी संबोधित किया ।सभा के बाद भाजपा कार्यकताओं द्वारा बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया और सरकार के खिलाफ आक्रोशपूर्ण नारे लगाए गए। कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, लव पांडेय,महामंत्री श्रीभगवान सिंह, जिला मंत्री वंदना राजवंशी,वरुण सिंह, पुनम कुशवाहा, मीडिया संयोजक संजय कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष दीपक सिंह, प्रवक्ता नवीन प्रकाश,राजीव तिवारी, धीरज सिंह,आईटी संयोजक कुमार गौतम,किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह,पिछडा. मोर्चा अध्यक्ष हरेराम चंद्रवशी, युवा मोर्चा के महामंत्री मृत्युंजय तिवारी, संतोष तिवारी,सुमित सिंह,राम प्रकाश पांडेय, अनसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शैलेन्द्र राम,,प्रहलाद राय,रमेश कर्ण,उदय प्रताप सिंह,अजय सिंह,शिवजी सिह,संतोष सिंह संटु,करोडपति सिंह,संतोष चंद्रवंशी,अंकेश सिंह,पोखराज सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

शिव मंदिर में से श्रीराम जानकी लक्ष्मण हनुमान जी की सौ साल पुरानी मूर्ति चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के बथुआ बाजार अंतर्गत बरैठा स्थित प्राचीन शिव मंदिर से बुधवार की देर रात अष्टधातु की बेशकीमती आठ मूर्तियों की अज्ञात चोरों ने मंदिर के गर्भगृह का ताला तोड़ चोरी कर लिया है। जिसमे भगवान श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण और हनुमान जी के अलावे चार ठाकुर जी की मूर्तियां चोरी में शामिल हैं। बेशकीमती अष्टधातु की ये सभी मूर्तियां लगभग सौ साल पुरानी हैं। मंदिर के पुजारी मैनेजर चैधरी ने इस भीषण चोरी को लेकर स्थानीय थाने में पुलिस को एक लिखित शिकायत सौंपी है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद व थाने में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। जहां घंटो अपने स्तर से जांच उपरांत कर कार्रवाई की बात कही। वही प्राचीन शिव मंदिर से दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों का आस्था जुड़ा हुआ है। मंदिर में चोरी के बाद श्रद्धालुओं की माने तो सभी मूर्तियां अष्टधातु की थी। जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। उधर इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुट गई है। चोर किसी भी सूरत में बक्से नहीं जाएंगे, चोरी हुए भगवान की सभी मूर्तियों की अति शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा।

वीकेएसयू - 21 यूजी कॉलेजों की जांच को ले बन रही कमेटी

एक दो दिनों में जारी होगी अधिसूचना , कमेटी जांच कर विवि में देगी रिपोर्ट

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से सत्र 2023 -26 के लिए नव संबंधन और स्थायी संबंधन की मांग करने वाले डिग्री कॉलेजों के भौतिक सत्यापन को ले कमेटी का गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक दो दिनों में इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी जायेगी। कमेटी दशहरा की छुट्टी बाद जांच कर अपनी रिपोर्ट विवि को जमा करेगी। बतादें कि जिलावार कमेटी का गठन किया जा रहा है। कमेटी में वरीयता के हिसाब से शिक्षकों को रखा गया है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद विवि प्रशासन नव संबंधन समिति और सिंडिकेट की बैठक कर प्रतिवेदन को अनुमोदित करेगी। उसके बाद राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजी जायेगी, ताकि सरकार स्तर से संबंधन में विलंब न हो सकें। मालूम हो कि इस बार राज्य सरकार के पोर्टल पर भी आवेदन किया जाना था। विवि के पास 21 यूजी यानि स्नातक स्तरीय डिग्री कॉलेजों ने आवेदन किया है। विवि की कमेटी भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट विवि को देगी ।मालूम हो की कमेटी भूमि, भवन, पुस्तकालय, लैब, बुनियादी सुविधा आदि की जांच करेगी। राज्य सरकार के गाइड लाइन के तहत की कमेटी को रिपोर्ट जमा करना है। जो कॉलेज स्थायी होने के मापदंड पूरा करते है उन्हें स्थायी मान्यता देने की अनुशंसा करनी होगी।इस बार छह के करीब नए कॉलेजों ने संबंधन को आवेदन किया है ।जबकि बाकी स्थाई की मांग किए है ।बतादें कि गत वर्ष कुल 53 कॉलेजों की जांच को ले कमेटी बनी थी। उसके बाद 45 के करीब कॉलेजों की रिपोर्ट संतोषजनक पायी गयी। इसे आगे के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी है। वहीं आठ कॉलेजों की रिपोर्ट के आधार पर प्रस्ताव अस्वीकृत किया गया था। सरकार स्तर से भी कई कॉलेजों का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ है ।इस बार संख्या काफी कम है।

सात कॉलेजों ने पीजी कोर्स के लिए किया है आवेदन: इस बार पीजी कोर्स खोलने के लिए सात कॉलेजों ने आवेदन किया है ।इनकी जांच के लिए भी कमेटी बनाई जा रही है। वहीं छह बीएड कॉलेजों में सीट वृद्धि के लिए एनओसी की मांग की है ।एनओसी से पूर्व सीट वृद्धि की जांच को कमेटी बनाई जा रही है। वहीं दो कॉलेज के बीसीए, एक कॉलेज के लाइब्रेरी और एक लॉ कॉलेज के एलएलएम पाठ्यक्रम को कमेटी बन रही है।

गड़हनी में धूमधाम से मनाया गया सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी।पुरानी रीति-रिवाजों को समेटते हुए हर साल की भांति इस साल भी गड़हनी पुरानी बाजार श्री दुर्गा पूजा समिति के द्वारा विजयदशमी को अथिति एवं सदस्य सम्मान समारोह मनाया गया।श्री दुर्गा पूजा समिति पुरानी बाजार गड़हनी के समर्पित सदस्यों को स्थानीय पूर्व प्रमुख सुनय कुमार परमार उर्फ बब्लू सिंह के मौजूदगी में एक-एक करके सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। विजयादशमी के रात्रि रंगमंच का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख सुनय परमार उर्फ बब्लू सिंह,गड़हनी तालूक के पूर्व समिति छोटन सिंह,युवा नेता प्रमोद यादव,सामाजिक कार्यकर्ता शंकर प्रसाद,डॉ० मनोज गुप्ता,संतोष गुप्ता(प्रियांशु),यमुना गुप्ता,हरिद्वार सोनी,भूतपूर्व सैनिक उदय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।उद्घघाटन के बाद पूर्व प्रमुख सह कमिटी संरक्षक सुनय कुमार परमार उर्फ बब्लू सिंह ने पुजारी प्रदीप ओझा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।सम्मान समारोह का संचालन कमिटी के मुख्यसलाहकार एम०एम० जोशी ने किया।इस मौके पर श्री दुगार्पूजा समिति पुरानी बाजार के अध्यक्ष सुमन चौरसिया, संयोजक राहुल सिंह,सचिव समर गुप्ता, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता,रजत गुप्ता,पूर्व सचिव चन्दन सोनी,नीरज गुप्ता,कमलेश केशरी, ,पूजा प्रभारी दीपक केशरी,दीपक सोनी मुख्यसलाहकार पत्रकार मुरली मनोहर जोशी सहित सभी सम्मानित सदस्य, गड़हनी नगर एवं प्रखंड के सम्मानित जनता-जनार्दन सहित सैकड़ों देवी भक्त मौजूद थे।

शोधार्थी मंगलम ने राष्ट्रीय सेमिनार में पेपर किया प्रस्तुत

आरा।राजनीति विज्ञान में युवाओं की रुचि दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।ये समाज मे लिए एक अच्छी बात है।क्योंकि राजनीति के क्षेत्र में जीत तरह युवाओं की रुचि चाहे विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति हो या कोई भी चुनाव अब तो लकड़ियाँ भी राजनीति में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।इसका प्रभाव समाज पर निश्चय ही सकारात्मक रूप से पड़ेगा। हाँ ये जरूर की इसमें रिस्क भी है।करियर बनाने हेतू अगर कोई राजनीति विज्ञान का अध्ययन करता है तो इसके बहुत से क्षेत्र भी हैं जैसे सिविल सर्विसेज, या स्टेट सर्विसेज साथ ही अब तो मंत्री और बड़े बड़े नेताओं व्यवसायी तक अपने सलाकार के रूप में ऐसे युवाओं की तलाश में रह रहे है।अगर राजनीति को साफ सुथरी तरीके से किया जाए तो ये क्षेत्र भी बहुत ही बढ़िया हैं।देर से ही सही मौका लगे रहने पर निश्चित मिलेगा । राष्ट्रीय सेमिनार में अपनी पेपर बिहार में जातियों की राजनीतिकरण प्रस्तुत करते हुए कुमार मंगलम पांडेय शोधार्थी राजनीति विज्ञान वीरकुंवर सिंह विश्वविद्यालय ,आरा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में युवा और जाति ये राजनीति के उपयोगी जरूरत हो गयी है।जाती बिना राजनीति की कल्पना बेकार हैं। साथ ही शोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध जो भी हो गुणवतापूर्ण होनी चाहिये बहुत जल्द सरकार भी बहाली निकालने जा रही है।इसलिये समय से शोध कार्य पूरा कर लेना सबसे जरूरी है।

प्रत्याशियों के बीच चुनाव चीन्ह का हुआ था वितरण,चुनाव स्थगित

चुनाव रद्द होने पर प्रत्याशी के मनसूबे पर फिरा पानी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा/ गड़हनी स्थानीय नगर पंचायत चुनाव के दुसरे चरण में 20 अक्टूबर के होनेवाले चुनाव को लेकर गड़हनी में बीते 30 सितंबर को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया।पुनः अगले दिन एक अक्टूबर को चुनाव चिन्ह वितरण कर दिया गया था।चुनाव आयोग ने हाई कोर्ट के फैसले के बाद पहले व दूसरे चरण के चुनाव को स्थगित(रद्द) कर दिया।अब जो भी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्ह लेकर मैदान में थे कि 4 अक्टूबर के शाम को सभी के लिए सामत आ गई,सभी के मनसुबे पर पानी फिर गया,बाजार में इसकी चर्चा जोरों पर हैं कि उसने इतने रुपये खर्च कर चुनाव में हिस्सा लिया था अब क्या होगा।वही एक दुकानदार ने बताया कि चुनाव रद्द होने से प्रत्याशियों के बीच बेचैनी बढ़ गई हैं मुझे लगता हैं कि कुछ प्रत्याशी कोमा में चले गए हैं।बतादें की गड़हनी नगर पंचायत में पहली बार निकाय चुनाव होना था।वही मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड के पार्षद के लिए कुल 112 प्रत्याशी के बीच 89 तरह के चुनाव चिन्ह आवंटित किए थे।वही गड़हनी में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आरा सदर डीसीएलआर श्वेता मिश्रा को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया था।वही मुख्य पार्षद के एक पद के लिए 10, उप मुख्य पार्षद के एक पद के लिए 14 व वार्ड पार्षद के 12 पद के लिए 88 लोगो ने नामांकन दर्ज कर चुनाव चिन्ह प्राप्त कर चुके थे। इस बार तीनों पदों के लिए ईवीएम के माध्यम से चुनाव कराया जाना था। मुख्य पार्षद के चुनाव में उतरे अभ्यर्थियों में से किसी को कप प्लेट,मोटरसाइकिल तो किसी को ताला-चाबी चुनाव चिह्न मिला था। इसी तरह कि किसी को नल तोकिसी को चरखा, टमटम, कबूतर आदि चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। इसी तरह उप मुख्य पार्षद के लिए रोड रोलर, पीपल का पत्ता, कुल्हाड़ी, गेंहू की बाली, तितली, घड़ा, चश्मा आदि का चुनाव चिह्न अभ्यर्थियों को दिया गया।

अंचल अधिकारी की लापरवाही और भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की वजह से बिहार राज्य में जमीन से संबंधित है विवाद : आम जनता

मुंगेर। जमीन से संबंधित कई विवाद को खत्म कराने के लिए सीओ और थानेदार के संयुक्त रूप से थाना में कैंप लगाकर जमीन विवाद का निपटारा कराना है लेकिन कई ऐसे मामले हैं जिसमें कानून की पेज फंसने के कारण थानेदार और सीओ जमीन से संबंधित कई जटिल विवाद का निराकरण नहीं करा पाते हैं हालांकि थाने पर लगने वाले जनता दरबार में लोगों का विश्वास उठता जा रहा है आम जनता पुलिस के भय से थाने पर तो पहुंच जाया करते हैं लेकिन सिविल मामले से संबंधित थानेदार को शक्ति प्राप्त नहीं होने के कारण आम जनता के जमीन से संबंधित विवाद का खात्मा नहीं हो पाता है लिहाजा आम जनता बैरंग वापस लौट जाते हैं आम जनता का आरोप है कि बिहार में जमीन से संबंधित उत्पन्न विवाद का मुख्य कारण राजस्व कर्मचारी अंचल निरीक्षक और अंचलाधिकारी की लापरवाही और भ्रष्टाचारी होने की वजह है आम जनता का कहना है कि देश के आजादी के बाद जमीन से संबंधित कई कानून बनाया गया है जिसका अनुपालन आम जनता को करनी है।

मां आरण्य देवी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के द्वारा विजय दशमी के मौके पर आरा की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ हुआ। जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भीम सिंह भवेश, पुजारी मनोज बाबा एवं बब्लू बाबा द्वारा संपन्न कराया गया। निर्माण कार्य का प्रारंभ की तिथि संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज द्वारा निर्धारित की गई थी। इस मौके पर निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार एवं मजदूरों को मां का अंग वस्त्र चुनरी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष एमएलसी राधाचरण उर्फ सेठ जी, सचिव अरविंद कुमार पांडेय, बीडी सिंह, जीतू चंद्रवंशी, कावेरी मोहन, संतोष कुमार सिंह, मुन्ना कुशवाहा, मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार, नवीन प्रकाश, जीतू सिंह, रितेश चौरसिया, जय शंकर तिवारी, राजू पटेल, भीम पांडेय, रंगनाथ मिश्र, भीम पांडेय, गजेन्द्र सिंह, नीलेश उपाध्याय, मिथलेश कुमार, ठेकेदार जय प्रकाश यादव, शंकर यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। जीर्णोद्धार कार्य के पूर्व ट्रस्ट द्वारा मां से अनुमति के निमित्त दुर्गा सप्तशती का पाठ (मुख्य संरक्षक भीम सिंह भवेश यजमान और पंडित शशि कांत मिश्र उर्फ बबलू मिश्र) कराकर आज्ञा ली गई थी।

स्नातक पार्ट थर्ड आर्ट्स संकाय का वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने जारी किया रिजल्ट

आरा।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2018-21 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। रिजल्ट का टी आर कॉलेजों को ई मेल कर दिया गया है। कॉलेज खुलने पर विद्यार्थी अपना रिजल्ट देख सकते है।मालूम हो कि कुलपति की देखरेख में रिजल्ट प्रकाशन का कार्य दिन रात हुआ। जिसका परिणाम रहा की चार अक्टूबर तक रिजल्ट घोषित हो गया।कुलपति ने चार तक रिजल्ट देने का वायदा भी किया था। अब विवि के स्नातक के उक्त सत्र के विद्यार्थी सीजीएल का परीक्षा फॉर्म भर पायेंगे। मालूम हो कि रिजल्ट जारी नहीं होने से विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हो रहे थे। शिकायत मिलने पर विवि के वीसी ने इसे गंभीरता से लिया। कुलपति प्रो चतुवेर्दी ने परीक्षा विभाग से सभी तथ्यों को समझते हुए इसे चुनौती के रूप में लिया। दशहरा की छुट्टी होने के बावजूद भी विवि का कंप्यूटर सेंटर खोला रखा गया। अविलंब रिजल्ट तैयार करने के लिए तीन दर्जन से अधिक कंप्यूटर ऑपरेटर को लगाया गया। तीन शिफ्ट में कर्मियों ने कार्य कर रिजल्ट लगभग तैयार कर लिया । मालूम हो कि पार्ट थर्ड के उक्त सत्र का कॉमर्स और विज्ञान संकाय का रिजल्ट तैयार कर घोषित कर दिया गया था। सिर्फ आर्टस संकाय का रिजल्ट जारी होना बाकी था। इस बार कंप्यूटर सेंटर से ही अंक पत्र की छपाई की जा रही है।अंक पत्र कॉलेज में दो से तीन दिनों में भेजा जाएगा। स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2018-21 का रिजल्ट घोषित होने के बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन पीजी के एडमिशन की तैयारी शुरू करेगा।

संक्षिप्त खबरें

बिहार के लाल डॉ0संजय को मिला: विश्वशांति मानव सेवा सम्मान-2022

संग्रामपुर। विश्व शांति मानव सेवा समिति तथा बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी आगरा उ0प्र0 की ओर से गांधी जयंती के अवसर पर डॉ0संजय कुमार झा, समाजशास्त्र विभाग, एबीएम कॉलेज, जमशेदपुर, कोल्हानविश्वविद्यालय चाईबासा,झारखंड को वर्ष 2022 का ₹विश्वशांति मानव सेवा सम्मान ₹ से सम्मानित किया गया।डॉ0 झा ,का पैतृक निवास बिहार राज्य के मधेपुरा जिला अन्तर्गत बिहारीगंज प्रखंड के मधुकरचक गांव में हैं।विश्व शांति मानव सेवा समिति केअध्यक्ष श्रीजयकिशनएकलव्य,बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष डॉ0 मुकेश कुमार ऋषि वर्मा, कानूनी सलाहकार सह अधिवक्ता डॉ0 नरेश निहाग ने डॉ0संजय के उज्जवल भविष्य, दीघार्यु एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए इस सम्मान से सम्मानित होने के लिए बधाई दिये है। महाविद्यालय के कई प्रोफेसर प्रोफेसर डीके दुबे दी रांची के प्रोफेसर डॉक्टर सुमंत कुमार झा शिवाजी सिंह परमार शिक्षक गण तथा मित्रों मधेपुरा के मनमोहन पाठक मनोज पाठक कार्तिक गोविंद कश्यप असरगंज के सुनील कुमार झा संग्रामपुर से विमलेश ने बधाई व शुभकामनाएं देकर ख़ुशी जाहिर किये है विदित हो कि डॉ0 झा को इससे पूर्व ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया अवार्ड गीनी देवी राष्ट्र गौरव सम्मान, भारतेंदु हरिश्चंद्र राष्ट्र भाषा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

विभिन्न मांगों को लेकर डॉक्टरों ने किया हड़ताल

मखदुमपुर।विभिन्न मांगों को लेकर चिकित्सकों ने एक दिवसीय हड़ताल किया है।जिसमें इमरजेंसी सेवा छोड़ कर ओपीडी सहित अन्य सेवा को हड़ताल में समिल रखा है।जानकारी देते हुए सुखदेव प्रसाद वर्मा रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के प्रभारी चिकित्सक डॉ हेमंत कुमार ने बताया कि रेफरल अस्पताल मखदुमपुर में इमरजेंसी सुविधा छोड कर डॉक्टर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर गए हुए हैं। वहीं डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से ग्रामीण क्षेत्र से इलाज के लिए आए मरीज परेशान होते दिखे, बता दे के अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चिकित्सकों ने एक दिवसीय हड़ताल किया है।

सड़क दुर्घटना में 26 वर्षीय महिला की हुई मौत

हुलासगंज।हुलासगंज जहानाबाद रोड मे लक्ष्मी नारायण मंदिर हुलासगंज के समीप ठोकर से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से 26 वर्षीय महिला बुरी तरह जख्मी हो गई जिसे इलाज के क्रम में पीएमसीएच में हुई मौत।मालूम हो कि पिता की मौत की खबर सुनकर अपने ससुराल कटौली से भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से मायके केऊर जा रही थी जाने के क्रम में लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप हुलासगंज जहानाबाद रोड मैं ठोकर एवं गड्ढा रहने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें महिला पूरी तरह से जख्मी हो गई आम लोगों के द्वाराआनफानमे सरकारी हॉस्पिटल में एंबुलेंस के लिए फोन से संपर्क किया गया एंबुलेंस नहीं आने के कारण लोगों ने टेंपू पर लादकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुलासगंज में इलाज हेतु लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा टेंपू पर ही प्राथमिक इलाज करने के बाद सदर अस्पताल जहानाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से प्रारंभिक इलाज के बाद पीएमसीएच पटना भेज गया जहां उसे इलाज के क्रम में मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर कटोली एवं केऊर गांव में मातम छा गया।

सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

मखदुमपुर । टेहटा ओपी क्षेत्र के कुर्था इमलिया मोड़ नहर के समीप बाइक दुर्घटना में घायल हुई महिला की मौत हो गई, जानकारी के अनुसार मंगलवार के दिन कुर्था इमलिया मोड़ नहर के समीप बाइक के धक्के से मखदुमपुर थाना क्षेत्र के बाला विगहा निवासी कांति देवी नामक महिला घायल हो गई थी, जिसे इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया था जिसकी मौत बुधवार को हो गया, ओपी प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न, विधि व्यवस्था में मुस्तैद दिखे अधिकारी और पुलिसकर्मी

काको।बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग सेसंपन्न हो गया । इस अवसर पर कहीं से भी किसी तरह की कोई अप्रिय घटनाकी सूचना नहीं मिली है। विदित हो कि प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गाँव में दुर्गा पूजा का पर्व भव्यता के साथ मनाया जाता है ।विषेषकर काको ,अमथुआ, काजी सराय,भेलावर,हाटी ,दक्षणी पाली समेत कई गाँव में दुर्गा पूजा का पर्व काफी भव्यता के साथ मनाया गया जो लोगों के बीच मे आकर्षक रहा। दुर्गा पूजा के दिन हजारों की संख्या में भक्तों ने पंडालों में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन किया , इन जगहों में दुर्गा पूजा के दिन मेला का भी आयोजन किया गया था ।

सतर्कता के साथ उठाएं त्यौहार का आनंद, मास्क, वैक्सीन और सामाजिक दूरी का मंत्र अपनाकर रहें सुरक्षित : सिविल सर्जन

मास्क और हैंड सैनिटाइजर के साथ करें पंडालों की सैर

मुंगेर संवादाता प्रात : किरण

नवरात्रि दीपावली एवं छठ के शुरूआत के साथ ही खुशियां अपने आगमन का संकेत देने लगी है। दशहरा, दीपावली व लोक आस्था के त्यौहार छठ को लेकर लोग घर आने वाले अपने परिजनों के इंतजार में हैं। इसके साथ ही त्यौहार को लेकर बाजार में भी खरीदारी कर रहे हैं । इसके साथ ही मिलने- जुलने वाले लोगों के स्वागत की तैयारी में भी जुट गए हैं। बावजूद इसके यहां यह ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि कोरोना वायरस का संक्रमण अभी कम भले हुआ है लेकिन अभी भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ । पहले की तरह इस बार की दीपावली भी बिल्कुल अलग है।

इन त्यौहारों को कई मायनों में हमें खास बनाना होगा। अभी के दौर में भी कोविड-19 के संक्रमण का खतरा बना हुआ और सरकार हमें सतर्कता के साथ त्यौहार का आनंद उठाने की सलाह दे रही है। इस दौरान थोड़ी सी सतर्कता एवं सावधानी से हम सभी संक्रमण मुक्त रह सकते एवं त्यौहार की खुशी लोगों के साथ साझा कर सकते हैं। इसमें विशेषकर हाथ धोने, मास्क पहनने और 6 फीट की दूरी रखने जैसे नियमों का पालन भी जरूरी है।

दवा, वैक्सीन और दूरी का मंत्र अपनाकर रहें सुरक्षित: मुंगेर सिविल सर्जन डॉ. पीएम सहाय ने बताया कि त्यौहार के सीजन में सतर्कता ही सुरक्षा है। कोविड टीका का बूस्टर डोज अनिवार्य रूप से लेकर ही सभी लोग त्यौहार का आनंद लें। पूर्ण रूप से टीकाकृत होकर सभी लोग संक्रमित होने से बच सकते और समुदाय को भी संक्रमण से सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। इस समय सभी जगह अत्यधिक भीड़ देखी जा रही और यह संक्रमण को आमंत्रण दे सकती है। इसलिए लोगों को हर हाल में दवा और दूरी के मूलमंत्र को अपनाते हुए तमाम कामों के साथ कोविड के सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा तभी हम खुशियों को खुद से और सभी से साझा कर सकते हैं।

मास्क और हैंड सैनिटाइजर के साथ करें पंडालों की सैर : उन्होंने बताया कि हैंड सैनिटाइजर और मास्क के साथ ही घर से बाहर किसी भी काम के लिए निकलें। त्यौहार में लोगों के एक जगह इकट्ठा होने की पूरी सम्भावना है। ऐसे में मास्क, हैंड सैनिटाइजर और दो गज की सामाजिक दूरी के नियम का पालन अनिवार्य रूप से करें। यह कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव में सबसे उपयोगी साबित हो सकती है। मास्क इस समय सर्दी, प्रदूषण और कोरोना तीनों से बचाव कर सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय हमेशा मास्क का प्रयोग जरूर करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरतें। यह सही है कि इस समय कोरोना का रिस्क ज्यादा है। ऐसे में लोग त्यौहार मनाने के उत्साह में कोरोना को लेकर बिल्कुल भी लापरवाह न हो। किसी भी वस्तु या जगह को छूने से बचें और स्पर्श अगर हुआ हो तो अपने हाथों को सैनिटाइज अवश्य करें।

स्वास्थ्य विभाग है अलर्ट मोड़ में : सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना टेस्ट ज्यादा किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने व्यवस्था को दुरुस्त रखने और ड्यूटी पर मुस्तैदी के निर्देश दिए हैं। भीड़भाड़ वाले पूजा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन सहित कोरोना की जांच की जाएगी और जांच में भी तेजी लाई जाएगी। इस दौरान किसी प्रकार से कोरोना की स्थिति या संदेह उत्पन्न होने पर निकट के सरकारी अस्पतालों में संपर्क कर सकते हैं। सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रखा गया है। कोरोना जांच के साथ समुचित चिकित्सीय प्रबंधन की व्यवस्था की गई है।

गंगा में डूबे युवक का शव तीन दिन बाद हुआ बरामद

प्रात : किरण संवाददाता।

सबौर (भागलपुर)। प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा के मौके पर प्रखंड मुख्यालय के सहयोग से कलश शोभायात्रा प्रखंड मुख्यालय से होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर बजरंगबली चौक सफिया घड़ी मुस्लिम टोला होते हुए कलश लेकर बाबूपुर घाट पहुंची। इस कलश यात्रा के दौरान बाबूपुर घाट में काफी भक्त श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किए। गंगा स्नान करने के दौरान चंदेरी के निवासी अरुण पंडित का 17 वर्षीय पुत्र स्वतंत्र कुमार जब गंगा में डुबकी लगाया तो डुबकी लगाने के दौरान गंगा में तेज धार में डूब गया। इस घटना जानकारी को लेकर आसपास के ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की। काफी खोजबीन के बाद युवक का शव नहीं मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह को दी। वही घटना को लेकर सबौर थाना पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम एवं अंचलाधिकारी को सूचना दी। सूचना मिलते ही 17 वर्षीय छात्र वर्जित घाट बाबूपुर में डूबने की सूचना पाते ही अंचलाधिकारी अजीत कुमार झा एसडीआरएफ की टीम थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच युवक की खोजबीन में जुट गई। एसडीआरएफ की टीम की ओर से 2 दिन से लगातार 17 वर्षीय छात्र का खोजबीन जारी रही थी, खोजबीन के तीसरे दिन एसडीआरएफ टीम की ओर से मृत युवक के शव को पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद आधार कार्ड के अनुसार चंदेरी के निवासी अरविंद कुमार के 17 वर्षीय पुत्र स्वतंत्र कुमार पंडित के रूप में शिनाख्त की। इधर मृतक युवक के परिवार में 3 दिनों से माता पिता व अन्य परिवार के लोगों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिवार वाले का रोते-रोते बुरा हाल हो चुका है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम का माहौल बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि मृतक 17 वर्षीय छात्र सरकारी स्कूल में 8 क्लास का छात्र है। वही घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि हमारे पुत्र कलश यात्रा के दौरान बाबूपुर घाट गंगा स्नान करने के लिए पहुंचा था। गंगा घाट पर पहुंचने के बाद गंगा स्नान करने के दौरान गंगा के तेज बहाव में डूब जाने से मृत्यु हो गई। इस घटना को लेकर आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

विजयादशमी के अवसर पर किया गया रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन

जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक के हाथों हुआ अहंकारी रावण का वध

प्रात : किरण ब्यूरो भागलपुर।

भागलपुर । बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा के अवसर पर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को नाथनगर के सीटीएस मैदान में जलाया गया। नवमी पूजा के दिन हुए बारिश के चलते पूरा मेला अस्त व्यस्त हो गया था, परंतु विजयादशमी के उपलक्ष्य में मौसम साफ रहने पर हजारों की संख्या में लोग रावण दहन कार्यक्रम में इकट्ठा हुए, जिला प्रशासन द्वारा रावण दहन कार्यक्रम में कुछ बातों का विशेष ध्यान रखा गया था, रावण के स्मृति पुतले में बम पटाखा नहीं लगाए गए थे।

गोलदारपट्टी स्थित रामलीला समिति ने रावण वध कार्यक्रम को लेकर आतिशबाजी की अनुमति मांगी की गई थी परंतु एसडीओ धनंजय कुमार ने आतिशबाजी की अनुमति नहीं दी। कुछ महीने पहले काजबलीचक बम धमाके के बाद एहतियात बरतने हेतु आतिशबाजी की अनुमति नहीं दी गई। बता दें कि भागलपुर में दुगार्पूजा पर रावण वध की परंपरा को लेकर कई दशकों से प्रथा चली आ रही है। जिले के शहरी क्षेत्रों के अलावा आसपास के कई गांव से लोगों की भीड़ रावण दहन कार्यक्रम को देखने का इंतजार रहता है, कई गांव के हजारों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।विगत दो साल में कोरोना महामारी को लेकर उक्त कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो पाया था, लेकिन वर्तमान में पद स्थापित जिला प्रशासन द्वारा नाथनगर के सीटीएस मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का जोड़ सोर से उत्साह के साथ कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया था। कार्यक्रम में करीब 50 से 60 हजार लोगों की भीड़ मेले में जुटी हुई थी। लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरे सीटीएस मैदान में सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी लगाकर मॉनिटरिंग की जा रही थी, साथ ही चप्पे-चप्पे पर प्रशासन की मुस्तैदी के साथ विशेष तौर पर की गई थी।

रावण के पुतले को बनाने में भागलपुर हसनगंज के कारीगर मथुरा ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार्य को अंतिम रूप दिया था, कारीगरों ने बताया कि रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को बनाने में कपड़ा, सुतली , कांटी और बाँसों का उपयोग किया गया है, इस बार रावण के पुतले में किसी तरह की आतिशबाजी के पटाखे नहीं लगाए गए हैं, इसे तैयार करने में लगभग एक लाख रुपये का खर्च आया है।

विजयादशमी पर रावण दहन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम के द्वारा की गई। कलाकारों ने 40 फीट का रावन ,35 फीट का कुंभकरण और 30 फीट का मेघनाथ का पुतला बनाया गया था।

नम आंखों से दी गई माँ दुर्गा की विदाई

संवादाता प्रात : किरण

रक्सौल। कैसे सही माई के जुदाई, की झर-झर अंखिया से लोर चुअता..आदि गीतों के साथ जगत कल्याणी माँ अम्बे की विदाई एकादशी रोज गुरुवार को किया गया। मां दुर्गा पूजा की तैयारी में समिति के सभी सदस्य एक माह पूर्व सक्रिय होकर माँ के आगमन के लिए जन मानस से भी सहयोग लेते हैं, तत्पश्चात एक बड़ा सा पंडाल का निर्माण कर लाईट व अन्य सामग्री से साजो- सजावट करते हैं। सप्तमी को जब माँ का पट खुलता है तो सभी भक्त माँ के दर्शन को व्याकुल होकर पूरे झुंड के साथ दर्शन को निकलते हैं, जो कि मेला का रूप ले लेता है।

दशहरा के 10 दिनों तक माहौल पूरा भक्तिमय हो जाता है। सभी लोग छुट्टियों का आनंद लेते हैं और माँ का दिव्य दर्शन कर मन्नतें मांगते है। भक्तो की मुरादे भी पूरी होती है। पूरे देश में एक अजब सा उत्साह होता है, हर चेहरे माँ के दर्शन कर खिल जाते हैं। अंत में विसर्जन के पश्चात एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगा कर जश्न मनाते हैं। वही इस साल भी अन्य पंडालों की तरह नागा रोड दुर्गा पूजा समिति में स्थापित मां अम्बे की प्रतिमा के समीप आचार्य मुन्ना उपाध्याय, विकाश शुक्ला एवं नीरज मिश्रा द्वारा विधि विधान से एकादशी को विसर्जन कराने के उपरांत विदाई पूरे हर्सोल्लास के साथ तमाम श्रद्धालु भक्तों ने नृत्य करते हुए जुलूस निकाल व नगर भ्रमण कर किया। मौके पर प्रभु यादव, संतोष कुमार, संदीप कुमार, अमरदीप गुप्ता, शिवपूजन प्रसाद, कृष्णा साह, राकेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, होरिल साह, बृजकिशोर साह, विक्की साह, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, विकाश कुमार, सोनू कुमार, सत्येंद्र कुमार, मुन्ना श्रीवास्तव, मुकेश भारती, गुड्डू श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, बादल गुप्ता, विजय साह, द्वारिका साह, विकाश शर्मा, रोहित शर्मा आदि मौजूद थे।

पुरानी शिक्षा पद्धति से शिक्षा प्रदान करना बस औपचारिकता : नूरूल होदा

संवादाता प्रात : किरण

आदापुर। आज के इस आधुनिक युग में भी पुरानी शिक्षा पद्धति से शिक्षा प्रदान करना बस औपचारिकता निभाने जैसा लगता है, क्योंकि आज के इस दौर में अगर हम अपनी शिक्षा पद्धति में बदलाव नहीं करते हैं तो शिक्षार्थी अपनी शिक्षा का अपने व्यवहारिक जीवन में पूर्ण रूप से इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

उक्त बातें प्रमुख शिक्षा विद, कई सम्मान से सम्मानित शिक्षक नूरूल होदा ने कही। उन्होंने कहा कि छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीक एवं कौशलों को अपनाकर शिक्षा के स्तर को उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए अपने कार्यशैली में बदलाव के साथ-साथ आवश्यक संसाधनों के उपयोग पर बल देने की आवश्यकता है। ऐसा नहीं करके हम इस आधुनिक युग में व्यवहारिक ज्ञान का प्रकाश नहीं फैला पाएंगे। बदलाव की जरूरत इसलिए है कि आज प्रतियोगिता का दौर में रटंत एवं पारंपरिक शिक्षा की कोई सार्थकता नहीं दिखती। आज के इस सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में पारंपरिक शिक्षा को ढोने के बजाय व्यवहारिक ज्ञान देने पर बल देने की आवश्यकता है।

इसके लिए छात्रों को करके सीखने के अवसर प्रदान करना, छोटे-छोटे प्रयोगों, गतिविधियों, नवाचारों एवं खेल के माध्यम से शिक्षा देना लाभकारी सिद्ध हो रहा है। मो. होदा ने कहा कि जहां तक मुझे लगता है कि शिक्षकों को समय-समय पर आधुनिक शिक्षण तकनीकों एवं उनके शिक्षण कौशलों को विकसित करने के लिए उचित एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रशिक्षण के नाम पर खानापूर्ति एवं कागजी प्रशिक्षण मात्र से परिस्थितियों में बदलाव संभव नहीं है। बदलाव के लिए वास्तविक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षकों का कर्तव्यनिष्ठता के साथ बदलाव के लिए एक ईमानदार प्रयास और आदरणीय जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय सर जैसे कर्मयोगी पदाधिकारी का सहयोगात्मक अनुसमर्थन की आवश्यकता है। सर की कार्यशैली एवं नवाचारों ने पूर्वी चम्पारण जिला में शिक्षा की तस्वीर काफी तेजी से बदली है। मैं समझता हूं कि अगर शिक्षा विभाग के सम्मानित पदाधिकारी गणों को भी सर का अनुकरण कर शिक्षा की तस्वीर बदलने के लिए शिक्षकों के साथ मित्रवत व्यवहार एवं सहयोगात्मक अनुसमर्थन के साथ एक ईमानदार प्रयास करने की आवश्यकता है। निश्चित तौर पर बिहार शिक्षा के क्षेत्र में अपने पुराने विश्व विख्यात प्रसिद्धि को प्राप्त कर पाएगा।

गुफा मंदिर से माता वैष्णव देवी को निकाल भक्त डोली पर नगर फरमान कराया

संवादाता प्रात : किरण

अमनौर। शारदीय नवरात्र के बिजय दशमी के दिन माता बैष्णव देवी को गुफा मंदिर से बाहर निकाल फूलों से सजा डोली पर नगर भ्रमण कराया गया। गुरुवार की सँध्या नगर भर्मण के दौरान हाथी घोड़ा गाजे बाजे के साथ बड़े बड़े धवज लिए हजारो हजार की संख्या में श्रद्धालुभक्त ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। डोली को कन्धा लगाने के लिए श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा।ब्लॉक रोड से होकर एच आर कॉलेज होते हुए श्री रूढ़ी के घर तक माता रानी का नगर भरमन कराया गया।यात्रा के दौरान राधे कृष्ण,सीता राम,शिव गण की भव्य झांकी भी निकाली गई थी।जगह जगह पर माता की आरती करने हेतु भक्त दिप फूल माला लिए आपने द्वार पर खड़े थे।जय माता दी, जय माता दी,शेरा वाली जय माता दी ,पहाड़ा वाली जय माता दी,प्रेम से बोलो जय माता दी कि जय जय कारा से पूरा बाजार गुंजयमान हो रहा था।महिलाये माता रानी के जय जय कारा पर खूब झूम रही थी। अखबार बिक्रेता बुल्लू पाण्डेय की पुत्री निधि कुमारी(बिहार पुलिस) के द्वारा भेंट की गई 125 किलो ग्राम की लड्डू लिए 120 कन्याओं शोभा यात्रा शामिल थी।

दूर दूर से आये श्रद्धालु माता रानी के एक दर्शन हेतु आतुर दिख रहे थे।शोभा यात्रा के बाद माता रानी को गुफा में स्थापित कर भव्य सिंगार की गई।आचार्य उमा तिवारी,ए बिरेन्द्र तिवारी के मंत्रो उच्चारण के साथ सावा किंटल के लड्डू फल से माता रानी का भोग लगाया गया।शोभा यात्रा के दौरान 3 घंटो तक अमनौर में महाजाम की स्थिति बनी रही ।थाना अध्यक्ष सुजीत कुमार चैधरी कुमार,प्रशिक्षु एसएचओ कुंदन तिवारी अन्य पुलिस बल सुरक्षा को लेकर मुस्तैदी से तैनात थे।शोभा यात्रा में मुख्य रूप से मंदिर के संस्थापक मेघ नाथ प्रसाद,पूर्व मुखिया विजय कुमार विद्यार्थी,विजय शर्मा,विनोद प्रसाद राजद अध्यक्ष बिकाश कुमार महतो राज कुमार कुशवाहा,दीपू सिंह हजारो श्रद्धालु भक्त शामिल थे।

स्थापना दिवस पर दर्जनों रक्तवीरों ने किया रक्त दान

संवादाता प्रात : किरण

छपरा। युवा क्रांति रोटी बैंक का चैथा वार्षिकोत्सव पर रक्त दान शिविर का आयोजन बल्ड बैंक छपरा में किया गया रक्तदाता अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा कि रक्तदान जैसा महादान कोई दान दूसरा नहीं है। मौके पर संस्थापक ई. विजय राज द्वारा दर्जनों रक्तविकारों से रक्तदान करवाए गए । उपाध्यक्ष अरूण कुमार, बिंदिया जयसवाल, रागिनी सिंह ने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी।वही मिडिया प्रभारी अर्जुन सिंह ने कहा कहा कि एक यूनिट रक्त से किसी की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता। रक्तदाता ई०चांदनी प्रकाश श्रॉफ ने कहा कई बार ऐसी स्थिति देखने में आती है, जिसमें खासतौर पर गर्भवती महिलाएं शामिल होती है, जिनके अंदर रक्त की भारी कमी पाई जाती है तथा डिलीवरी के समय उन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एक-एक रक्तदाता महत्वपूर्ण हो जाता है। उपाध्यक्ष बिंदिया जयसवाल ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है।

लायंस क्लब द्वारा आयोजित हुआ भव्य डांडिया उत्सव

संवादाता प्रात : किरण

रक्सौल। राधा कैसे न जले .... और हे नाम रे..सबसे बड़ा तेरा नाम रे! जैसे सुमधुर गीतों पर डांडिया नृत्य उत्सव में शामिल प्रतिभागीयों ने रंग जमा दिया। उत्सव इतना हंगामेदार मनोरंजक रहा कि देर रात्रि तक कार्यक्रम पूरे शबाब पर रहा। जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया ने बताया कि यह उत्सव रक्सौल के आर्य समाज मन्दिर परिसर में विजयादशमी पर्व के शुभ अवसर आयोजित किया गया। लायन्स क्लब ऑफ रक्सौल द्वारा आयोजित डांडिया नृत्य उत्सव में निमोडा -निमोडा जैसे हिट गानो पर युवक-युवती-बच्चों ने उत्सव को जानदार शानदार बना दिया।

वहीं हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डांडिया उत्सव एक अलग छाप छोड़ गई। इस मौके पर बतौर मुख्य प्रायोजक तारा होण्डा रक्सौल एवं स्थानीय व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने भी बैनर प्रयोजक के रूप में क्लब सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। क्लब के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं नूतन चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन के बाद इस उत्सव आयोजन को स्वस्थ्य व सौहार्दपूर्ण समाज के लिये आवश्यक बताते हुए कहा कि परम्परा, संस्कृति के संरक्षण के लिये प्रबुद्ध वर्ग को आगे आने के जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज के समय भाग दौड़ की जिंदगी में लोग सिमट रहे है। पर्व के उत्साह को ऐसे आयोजनों से जीवंत व जानदार बनाया जा सकता है। इस मौके पर स्थानीय एवं पड़ोसी देश नेपाल के प्रबुद्ध मनोरंजन प्रेमियों ने डांडिया खेलते हुए खूब धूम जमाया और इसे उत्सवी बना दिया। साथ ही बच्चों ने डांडिया गाने पर मनोरम नृत्य भाव भंगिमा से खूब तालियां व प्रशंसा भी बटोरी। वहीं सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन ने बताया कि कार्यक्रम में बेस्ट कपल विनर आवृत्ति व सुरज रहे। बेस्ट कॉस्ट्यूम स्वीटि कुमारी व बेस्ट डांडिया प्लेयर (महिला) कुमारी ईशा एवं बेस्ट डांडिया नृत्य रनर के लिए अक्षरा तथा नैंसी बनी। वहीं (पुरुष) बेस्ट डांडिया प्लेयर डांस में अविराज गुप्ता ने मारी बाजी। साथ ही साथ प्रवेश पत्र क्रम संख्या के लिए भी लक्की ड्रा द्वारा पुरस्कार देकर प्रथम विजेता मुकेश गुप्ता, द्वितीय रिचा चौधरी तथा तृतीय अंजलि गुप्ता को क्लब द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन संस्था के प्रो. रजनीश गुप्ता एवं सीमा वर्णवाल ने अपनी मधुर संगीतमय भाव भंगिमा एवं उद्घोषणा से वातावरण में मौजूद मनोरंजन प्रेमियों का बहुत शानदार जानदार मनोरंजन करते हुए उत्साहवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद चौरसिया ने करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ रक्सौल स्थापना काल से हीं रक्सौल में डांडिया उत्सव का आयोजन करते हुए आया है, जिसमें स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों, प्रबुद्धजनों एवं व्यवसायिक बंधुओं का भरपूर स्नेह तथा सहयोग प्राप्त होता रहा है, जिसके लिए हमसभी लायन सदस्य उनका बहुत बहुत धन्यवाद करते हैं।मौके लायन गणेश धनोठिया, सुशीला धनोठिया, नारायण रुंगटा, रेणु रुंगटा,राजू कुमार गुप्ता, पूनम गुप्ता, हेमंत अग्रवाल, अंशु अग्रवालज्योति राज गुप्ता, रवि मस्कारा, राकेश कुशवाहा,आनंद रुंगटा,रजनीश प्रियदर्शी,आलोक कुमार श्रीवास्तव, संजय गुप्ता समेत गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran

संक्षिप्त खबरें

पंजाब का जीएसटी संग्रह पहली छमाही में पहली बार 10,000 करोड़ रुपये के पार हुआ

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में राज्य का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह पहली बार 10,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है वित्त, योजना और उत्पाद शुल्क एवं कराधान मंत्री चीमा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 22.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष के पहले छह महीने में 8,650 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह प्राप्त हुआ था और इस वर्ष अतिरिक्त 1,954 करोड़ रुपये प्राप्त हुए जिसे मिलाकर कुल जीएसटी संग्रह 10,604 करोड़ रुपये रहा है। चीमा ने एक बयान में कहा कि इस वर्ष सितंबर में 1,710 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह प्राप्त हुआ है जो सितंबर, 2021 के 1,402 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ऐसा अनुमान है कि 2022-23 में कुल 20,550 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि राज्य ने 50 प्रतिशत से अधिक जीएसटी पहले छह महीने में ही प्राप्त कर लिया है।

अमेरिका और भारत की ऊर्जा वार्ता में शामिल होंगे पुरी

नई दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिका-भारत सामरिक स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी (यूएसआईएससीईपी) की मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, पुरी छह से 11 अक्टूबर तक अमेरिका के वाशिंगटन और ह्यूस्टन में एक आधिकारिक और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बयान में कहा गया, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी अमेरिका के ऊर्जा मंत्री जेनिफर ग्रानहोम के साथ सात अक्टूबर, 2022 को वाशिंगटन में होने वाली यूएसआईएससीईपी की मंत्रिस्तरीय चर्चा की सह-अध्यक्षता करेंगे। यूएसआईएससीईपी को अमेरिका-भारत जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी के तहत शुरू किया गया था। पिछले साल अप्रैल में आयोजित जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसकी घोषणा की थी। बयान के अनुसार, केंद्रीय मंत्री इस दौरान अमेरिका की ऊर्जा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ भी चर्चा करेंगे।

अगले साल व्यापार में वृद्धि धीमी रहने का अनुमान : डब्ल्यूटीओ

जिनेवा। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने अगले साल व्यापार में महज एक प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है। इसका कारण मौजूदा संकट और चुनौतियों के कारण ऊर्जा की कीमतों और ब्याज दरों में वृद्धि तथा चीन में कोविड-19 महामारी के असर से विनिर्माण क्षेत्र को लेकर अनिश्चितता समेत बाजार पर पड़ने वाला असर है। डब्ल्यूटीओ ने बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के बीच इस साल भेजे जाने वाले सामान की मात्रा में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह अप्रैल में जताये गये तीन प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। अगले साल व्यापार मात्रा केवल एक प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पूर्व में जताये गये 3.4 प्रतिशत से काफी कम है। डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक नगोजी आकोन्जो इवेला ने कहा, निश्चित रूप से अगले साल जोखिम कम होंगे। विश्व व्यापार संगठन ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से ऊर्जा के ऊंचे दाम समेत अन्य कारण व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं। युद्ध के कारण यूरोपीय संघ के सदस्य देशों समेत कई देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाये हैं, जिससे ऊर्जा के दाम चढ़े हैं। यूरोपीय संघ रूसी तेल और गैस का सबसे बड़ा ग्राहक है। इवेला ने कहा, आज, वैश्विक अर्थव्यवस्था विभिन्न संकटों का सामना कर रही है। अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में मौद्रिक नीति को कड़ा किये जाने का वृद्धि पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यूरोप में, ऊर्जा की ऊंची कीमतें घरों और कंपनियों के खर्च को प्रभावित कर रही हैं। चीन में कोविड-19 महामारी अब भी बनी हुई है।

वैश्विक व्यापार पूवार्नुमान को एक फीसद घटाया

- विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने विश्व व्यापार के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार व्यापार में मंदी आ रही है। भारत पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और देश के सामने कई मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

नई दिल्ली,एजेंसी।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विश्व व्यापार की वृद्धि दर 2023 में धीमी होकर एक प्रतिशत रहने की संभावना है। इसके अलावा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने इस साल वैश्विक व्यापार में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि अप्रैल में 3 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया था। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने एक बयान में कहा कि विश्व व्यापार की गति 2022 की दूसरी छमाही में कम होने की आशंका है। 2023 में इसके घटकर और धीमा होने की आशंका है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का कहना है कि इन दिनों वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक के बाद एक कई झटकों का सामना करना पड़ रहा है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 2022 में वैश्विक व्यापार 3.5 प्रतिशत रहेगा। यह अप्रैल में 3 प्रतिशत के पूवार्नुमान से थोड़ा बेहतर है। हालांकि 2023 के लिए अर्थशास्त्री केवल एक प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। यह पिछले अनुमान 3.4 प्रतिशत से बहुत नीचे है। विश्व व्यापार संगठन के अनुसार विभिन्न कारणों से प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में विकास धीमा होने के कारण आयात मांग में नरमी आ सकती है। यूरोप में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा की बढ़ती कीमतें घरेलू खर्च को कम कर देंगी और विनिर्माण लागत बढ़ा देंगी। इसमें आगे कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में, मौद्रिक नीति सख्त होने से आवास, मोटर वाहन और निश्चित निवेश जैसे क्षेत्रों में ब्याज पर आधिरत खर्च प्रभावित होगा।

क्या होगी चीन की स्थिति

चीन कमजोर बाहरी मांग के साथ उड्शक्क-19 के प्रकोप और प्रोडक्शन क्राइसिस से जूझ रहा है। ईंधन, खाद्य और उर्वरकों के बढ़ते आयात बिल विकासशील देशों में खाद्य असुरक्षा और ऋण संकट का कारण बन सकते हैं।

भारत के लिए खतरे की घंटी है ये पूवार्नुमान

यह पूवार्नुमान भारत के लिए अच्छा नहीं है। भारत इन दिनों अपने निर्यात को बढ़ाना चाहता है। इंजीनियरिंग, तैयार वस्त्र, कपड़ा और चावल जैसे क्षेत्रों में गिरावट के कारण निर्यात में गिरावट आई है। सितंबर में देश का कुल आउटबाउंड शिपमेंट 3.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 32.62 बिलियन अमरीकी डालर हो गया।

वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही में हुए 20.57 अरब लेन-देन

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान क्षेत्र में देश में 2022 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में 36.08 लाख करोड़ रुपये के 20.57 अरब लेन-देन हुए। वर्ल्डलाइन ने जारी इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट में वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही के आंकड़े पेश किए। रिपोर्ट के अनुसार दूसरी तिमाही के आंकड़ो में व्यक्ति से व्यक्ति(पी2पी) को किए गए यूपीआई भुगतान की मात्रा 49 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 67 प्रतिशत रही लेकिन व्यापार की दृष्टि से व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) को किए गए भुगतानों की मात्रा 34 प्रतिशत और मूल्य के अनुसार 17 प्रतिशत रही।

क्रेडिट और डेबिट कार्डों से किए गए भुगतानों का हिस्सा मात्रा की दृष्टि से आठ प्रतिशत और मूल्य को लेकर 14 प्रतिशत रहा। इस दौरान यूपीआई का डिजिटल भुगतानों में वर्चस्व देखा गया, लेकिन क्रेडिट कार्डों की वृद्धि में भी तेजी दर्ज की गयी और यह बड़े भुगतानों के लिए पहली पसंद रहा। रिपोर्ट के अनुसार छोटे लेनदेन में भी यूपीआई की बड़ी मात्रा में उपस्थित दर्ज की गयी। आलोच्य तिमाही में यूपीआई से 17.4 अरब से अधिक लेने देने हुए जो राशि के हिसाब 30.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हैं। यह वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही से संख्या और राशि के अनुसार क्रमशः 118 और 98 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान शीर्ष भेजने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक और पेटीएम पेमेंट्स बैंक रहे जबकि शीर्ष लाभार्थी बैंक पेटीएम पेमेंट्स बैंक, यस बैंक, एसबीआई, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक थे। रिपोर्ट में बताया गया कि जून 2022 में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वार्षिक आधार पर 92 प्रतिशत बढ़कर 19.52 करोड़ के करीब पहुंच गयी। ऑनलाइन क्षेत्रों, ई-कॉमर्स (वस्तुओं और सेवाओं के लिए खरीदारी), गेमिंग, यूटिलिटी और वित्तीय सेवाओं ने मात्रा के अनुसार 86 प्रतिशत और मूल्य में 47 प्रतिशत से अधिक डिजिटल भुगतान हुआ।

आईडीबीआई बैंक ने स्थापना दिवस पर शुरू की विभिन्न योजनाएं

नई दिल्ली,एजेंसी।

- ओएनडीसी एक खुला नेटवर्क है जो एमएसएमई और अन्य खुदरा व्यापारियों को अपने डिजिटल स्टोर स्थापित करने और डिजिटल वाणिज्य लहर का लाभ उठाने में मदद करेगा। आईडीबीआई बैंक ओएनडीसी सेलर्स ऐप पर व्यापारियों को इस प्लेटफॉर्म पर आने के लिए सक्षम बनाएगा।

निजी क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक ने अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्राहक केंद्रित और लगातार विकसित हो रहे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कई योजनाओं की शुरूआत की। आईडीबीआई ने एक बयान में कहा कि बैंक ने ग्राहकों और व्यापार में शामिल गैर-ग्राहकों के लिए ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में प्रवेश की घोषणा की। ओएनडीसी एक खुला नेटवर्क है जो एमएसएमई और अन्य खुदरा व्यापारियों को अपने डिजिटल स्टोर स्थापित करने और डिजिटल वाणिज्य लहर का लाभ उठाने में मदद करेगा। आईडीबीआई बैंक ओएनडीसी सेलर्स ऐप पर व्यापारियों को इस प्लेटफॉर्म पर आने के लिए सक्षम बनाएगा।

बैंक ने पूर्ण डिजिटल और बिना कागज के बैंक के कामकाज को सक्षम करने के लिए ऋण आवेदन की जांच के लिए अंतर्निहित क्षमताओं के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के लिए डिजीकेसीसी प्लेटफॉर्म शुरू किया। केसीसी ऋणों के डिजिटलीकरण के लिए यह अपनी तरह की पहली पहल है, अभी इसे महाराष्ट्र में शुरू किया गया है, धीरे-धीरे इसे उन राज्यों में विस्तारित किया जाएगा, जहां भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सुव्यवस्थित किया जा चुका है। बैंक ने वेयर हाउस रसीदों पर ऋण के लिए एक संपूर्ण एकीकृत डिजिटल समाधान के लिए डब्ल्यूपीएस (वेयरहाउस रसीद प्रोसेसिंग सिस्टम) भी लॉन्च किया। आईडीबीआई बैंक ने एक रेपो दर से जुड़ी सावधि जमा योजना भी शुरू की है। बैंक ने 10 करोड़ रुपये तक के अवरुद्ध ऋण के एकमुश्त निपटान के माध्यम से अपने वसूली प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक शर्तों पर अमृत महोत्सव ऋण भुगतान योजना की एक विशेष योजना की घोषणा की। इसके साथ ही बैंक ने अन्य विभिन्न योजनाओं का भी एलान किया।

बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में मंदी से भारत का सर्विस सेक्टर प्रभावित, ग्रोथ रेट में भारी गिरावट

नई दिल्ली,एजेंसी।

- एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज की ओर से जारी किए गए डाटा के मुताबिक सितंबर में भारतीय सर्विस सेक्टर की ग्रोथ रेट में बड़ी गिरावट आई है और मार्च के स्तर के करीब पहुंच गई है।

ग्लोबल अर्थव्यवस्थाओं में आ रही मंदी का असर अब भारतीय सर्विस सेक्टर पर दिखने लगा है। गुरुवार को जारी हुए एक निजी मासिक सर्वे में बताया गया कि भारतीय सर्विस सेक्टर की व्यापारिक गतिविधियां छह महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। इसके साथ ही नए व्यापार में भी मार्च के बाद सबसे कम तेज गति से वृद्धि हुई है।

एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज की जारी किए गए सर्वे के मुताबिक, सितंबर महीने में सर्विसेज पीएमआई घटकर 54.3 पर आ गया है, जो कि अगस्त में 57.2 पर था और यह मार्च के बाद सबसे कम पीएमआई है। हालांकि राहत की बात यह है कि यह लगातार 14 वां महीना है, जब सर्विस सेक्टर का पीएमआई 50 से अधिक बना हुआ है। इसका 50 से नीचे आना यह दिखाता है कि सर्विस सेक्टर में गिरावट हो रही है।भारत का सर्विस सेक्टर मजबूत स्थिति बनी हुई है।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की इकोनॉमिक्स एसोसिएट डायरेक्टर पोल्याना डी लीमा का कहना है कि भारतीय सर्विस सेक्टर ने पिछले कुछ महीनों में काफी सारी मुश्किलों का सामना किया है।

जारी हुआ नया पीएमआई डाटा इस तरफ इशारा कर रहा है। सितंबर में ग्रोथ रेट को कुछ नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन ये अभी भी मजबूत

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए माहौल चुनौती भरा

लीमा ने आगे कहा कि अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने के कारण पिछले कुछ समय में रुपये की कीमत में तेजी से गिरावट आई है। इसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए माहौल काफी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। डॉलर के मुकाबले रुपये के सस्ता होने के कारण आयात महंगा हुआ और निर्यात सस्ता हुआ है।

आरबीआई ने बढ़ाई ब्याज दर

महंगाई को काबू करने के लिए आरबीआई पिछले पांच महीनों में चार बार ब्याज दरों में इजाफा कर चुका है।

बीते महीने आरबीआई ने ब्याज को 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर 5.90 प्रतिशत कर दिया था।

कर संग्रह में तेजी पर भारी पड़ेगा अतिरिक्त सब्सिडी का बोझ, राजकोषीय घाटे के 6.6 प्रतिशत रहने की संभावना

नई दिल्ली,एजेंसी।

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच-छह महीनों के दौरान कर संग्रह के मोर्चे पर प्रदर्शन तो सरकार की उम्मीदों से बेहतर है, लेकिन इसके बावजूद सरकार के खजाने की सेहत बहुत अच्छी नहीं दिख रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि पिछले तीन महीनों में जिस तरह से उर्वरक और खाद्य सब्सिडी में वृद्धि की तस्वीर बनी है उसे देखते हुए राजकोषीय घाटे के बजटीय अनुमान से बढ़ने की उम्मीद मजबूत हुई है।

वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने एक बार फिर भरोसा जताया है कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 6.4 प्रतिशत ही रहेगा, लेकिन आर्थिक विषयों पर शोध करने वाली एजेंसियों का कहना है कि अगर सरकार के खर्च में कटौती नहीं की गई तो यह 6.6 प्रतिशत तक हो सकता है। सरकार के लिए यह राहत की बात है कि उक्त दो सब्सिडियों के अलावा दूसरे खर्चे काफी हद तक काबू में दिख रहे हैं। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि 8 सितंबर, 2022 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.48 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 35.46 प्रतिशत ज्यादा है। निजी शोध एजेंसी कोटक की तरफ से लोक वित्त पर जारी ताजी रिपोर्ट में इसे उम्मीद से बेहतर माना गया है। रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध कर संग्रह में अतिरिक्त 1.12 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि की सूरत बन रही है।

हालांकि इसके बावजूद सरकार की राजकोषीय स्थिति दबाव में होगी। वजह यह है कि सरकार पर तकरीबन 2.6 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ सब्सिडी की वजह से पड़ता दिख रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न देने की योजना की अवधि तीन महीनों के लिए और बढ़ा दी है, जिससे 45 हजार करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा अन्य दूसरे खाद्यान्न सब्सिडी में 80 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था करनी पड़ रही है और उर्वरक सब्सिडी के मद में 1.15 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ने की संभावना है।

दशहरा के दिन सोने और चांदी की कीमतों में आया उछाल आपके शहर में क्या है नया रेट

नई दिल्ली,एजेंसी।

दशहरा का त्योहार लोगों के लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आता है। इस दिन सोना और चांदी जैसे कीमती धातुओं की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि लोग इन्हें सम्पन्नता का प्रतीक मानते हुए इनकी खरीदारी करते हैं। लेकिन बढ़ी हुई मांग के कारण देश में सोना और चांदी की कीमतें बढ़ गई हैं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की कीमत में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत मंगलवार को 980 रुपये बढ़कर 10 ग्राम के लिए 51,718 रुपये हो गई। चांदी की कीमत 58,207 प्रति किलोग्राम से 3,790 बढ़कर 61,997 प्रति किलोग्राम हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,710 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी 20.99 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। हालांकि आज कमोडिटी मार्केट की बंदी की वजह से सोने और चांदी का ऑफिसियल रेट तय नहीं हो पाया है। अगर आज की बात करें तो गुडरिटर्न्स वेबसाइट के अनुसार, 22 कैरेट सोने के 10 ग्राम की कीमत आज 47,350 रुपये है, जो एक दिन पहले 47,850 थी। दूसरी ओर 8 ग्राम 22 कैरेट सोना इस समय 400 रुपये बढ़कर 37,880 पर मिल रहा है। 24 कैरेट सोने की कीमत में भी पिछले दिन की तुलना में तेजी देखी गई। 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की 51,660 और 8 ग्राम की कीमत आज 41,328 रुपये है। कल के मुकाबले इसमें क्रमशः 550 और 440 रुपये की तेजी आई है। आपको बता दें कि सोने और चांदी की ये दरें पर जीएसटी, टीसीएस और अन्य शुल्कों के बिना हैं। सटीक दर के लिए आपको लोकल जौहरी के पास जाना पड़ेगा। अगर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरता है तो भारत में सोना महंगा हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय कारकों में अस्थिर नीतियां, धीमी आर्थिक वृद्धि और अमेरिकी डॉलर की मजबूती शामिल हैं। दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 47,500 रुपये प्रति ग्राम है। बेंगलुरु में यह 47,400 और चेन्नई में यह 47,750 और हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई का रेट 47,350 रुपये है। दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में चांदी की कीमत 618 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

वाहनों के पंजीकरण के लिये नई भारत श्रृंखला 24 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू

नई दिल्ली। देशभर में व्यक्तिगत वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने गाड़ियों के पंजीकरण के लिये नई भारत श्रृंखला (बीएच-श्रृंखला) शुरू की है। परिवहन विकास परिषद की सालाना बैठक के ब्योरे से यह जानकारी मिली। परिषद की 41वीं बैठक पिछले महीने बेंगलुरु में हुई। बैठक के ब्योरे के अनुसार, नीति की शुरूआत के बाद से 24 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 20,000 वाहन पंजीकृत हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सरकार ने वाहनों के पंजीकरण की नई व्यवस्था अधिसूचित की थी। यह व्यवस्था वाहन मालिकों को एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने और वहां स्थानांतरित होने पर वाहनों के दोबारा से पंजीकरण से मुक्त करती है। बैठक के ब्योरे के अनुसार, जांच चौकियों पर रुके बिना और स्थानीय/राज्य नियमों के अनुसार करों के भुगतान के बिना पर्यटकों की निर्बाध आवाजाही के लिये सड़क मंत्रालय की पहल सफल रही है। तीस हजार से अधिक परमिट और 2,75,000 अधिकार पत्र अबतक जारी किये जा चुके हैं। इसमें कहा गया है कि राज्य सरकारों को बड़े और छोटे शहर से जुड़े मार्गों पर बाधा रहित यातायात सुविधा प्रदान करने के लिये गति सीमा प्रतिबंधों पर फिर से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

गैस कीमत निर्धारण व्यवस्था में बीच में बदलाव से निवेश में देरी

नई दिल्ली,एजेंसी। उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गैस कीमत निर्धारण की समीक्षा के लिये सरकार की तरफ से गठित समिति से कहा है कि दरों पर कृत्रिम रूप से अंकुश लगाने का कोई भी कदम प्रतिगामी होगा। इससे राजकोषीय नीति के मोर्चे पर अस्थिरता बढ़ने के साथ निवेश में देरी होगी और ईंधन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के देश के प्रयास को झटका लगेगा। पूर्ववर्ती योजना आयोग के सदस्य रहे किरीट पारेख की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष अपने प्रतिवेदन में कंपनी ने कहा है कि केजी डी-6 में शुरू होने के करीब पहुंचे क्षेत्र में ईंधन भंडार समुद्री क्षेत्र की गहराई में स्थित है और इसे प्राप्त करने के लिये अरबों डॉलर का निवेश किया गया है। उसने प्रतिवेदन में इस बारे में विस्तार से बताया कि विभिन्न कीमतों के तहत क्षेत्र के अर्थशास्त्र पर किस प्रकार का असर पड़ेगा। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के अनुसार कीमत सीमा के जरिये बीच में बदलाव न केवल नीतियों के जरिये सरकार की तरफ से कीमत निर्धारण और विपणन को लेकर दी गयी स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा, बल्कि यह राजकोषीय व्यवस्था के लिये भी अनिश्चितता उत्पन्न करेगा, जिसका असर निवेश पर पड़ेगा। सरकार अधिशेष गैस वाले देशों में मूल्यों के आधार पर साल में दो बार गैस के दाम निर्धारित करती है। इस फॉर्मूले के अनुसार दरें अक्टूबर, 2015 से छह साल 3 से 3.5 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) रही। लेकिन पिछले एक साल में पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत पांच गुना बढ़कर 8.57 डॉलर प्रति इकाई, जबकि कठिन माने जाने वाले क्षेत्रों में 12.46 डॉलर प्रति इकाई पहुंच गयी हैं।

- सरकार की तरफ से गठित समिति से कहा है कि दरों पर कृत्रिम रूप से अंकुश लगाने का कोई भी कदम प्रतिगामी होगा। इससे राजकोषीय नीति के मोर्चे पर अस्थिरता बढ़ने के साथ निवेश में देरी होगी और ईंधन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने के देश के प्रयास को झटका लगेगा।

डीएलएफ ने गुरुग्राम की नई परियोजना के सभी आवास 1,800 करोड़ रुपये में बेचे

नई दिल्ली। रियल्टी क्षेत्र की कंपनी डीएलएफ ने गुरुग्राम में जिस परियोजना को कुछ दिन पहले पेश किया था उसके सभी 292 महंगे आवास (लक्जरी) 1,800 करोड़ रुपये से अधिक में बेच दिए हैं। यह आवास ऋण तथा संपत्ति के दामों में वृद्धि के बावजूद मांग में मजबूती को दशार्ता है। डीएलएफ ने 26 सितंबर को हरियाणा के गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-5 में द ग्रोव नाम की परियोजना शुरू की थी। अब कंपनी ने विज्ञापन देकर बताया है कि इस परियोजना की सभी इकाइयां बिक चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि परियोजना पेशकश के आठ दिन के भीतर ही पूरी तरह से बिक गई है और इसका कुल बिक्री राजस्व 1,800 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। डीएलएफ समूह के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कारोबार अधिकारी आकाश ओहरी ने 26 सितंबर को परियोजना की पेशकश करते हुए इससे 1,700 से 1,800 करोड़ रुपये का बिक्री राजस्व जुटाने की उम्मीद जताई थी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल बिक्री बुकिंग के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी ने 8,000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है।

बदलाव देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96 .72 रुपये प्रति लीटर और एक लीटर डीजल 89 .62 रुपये में मिल रहा है।

तेल कंपनियों ने शहरों में कम किए पेट्रोल-डीजल के दाम

नई दिल्ली,एजेंसी।

सरकारी तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल- डीजल के दाम जारी कर दिए गए हैं। गुरुवार को भी पेट्रोल- डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि कुछ शहरों में कीमतों में मामूली उतार-चढ़ाव देखा गया है। यह लगातार पांचवां महीना है, जब सरकार ने पेट्रोल- डीजल की कीमत में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी परिवर्तन नहीं किया है। आखिरी बार पेट्रोल-डीजल की कीमत में 21 मई 2022 को कम हुई थी। उस समय केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर 8 रुपये और डीजल पर 6 रुपये एक्साइज ड्यूटी कम थी।

देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये प्रति लीटर और एक लीटर डीजल 89.62 रुपये में मिल रहा है। कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 106.03 रुपये और डीजल की कीमत 92.76 प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये में बिक रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। गुरुग्राम में पेट्रोल की कीमत 97.18 से कम होकर 96.97 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं, एक लीटर डीजल की कीमत 90.05 रुपये से घटकर 89.84 पर आ गई है।

नोएडा में पेट्रोल की कीमत 96.76 से घटकर 96.59 रुपये प्रति लीटर हो है। वहीं, डीजल की कीमत 89.93 रुपये प्रति लीटर से घटकर 89.76 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है।

जयपुर में पेट्रोल की कीमत 108.48 रुपये से बढ़कर 108.56 रुपये और डीजल की कीमत 93.72 से बढ़कर 93.80 रुपये प्रति लीटर हो गई है। पटना में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 107.80 रुपये घटकर 107.54 रुपये और डीजल की कीमत 94.56 रुपये से घटकर 94.32 रुपये हो गई है।

संक्षिप्त खबरें

ऑस्ट्रेयलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान पेन की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी

ब्रिसबेन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने पिछले साल अप्रैल में टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद पहली बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की है। पेन ने 2017 में अपनी एक सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल से लंबा विश्राम ले लिया था। पेन को क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के लिए तस्मानिया की अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। तस्मानिया ने गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और उसने पेन को मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शामिल किया है।

स्वियातेक, क्वितोवा ऐजल ओपन के क्वार्टर फाइनल में

ओस्ट्रावा। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक और दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऐजल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन विजेता स्वियातेक तब अपनी प्रतिद्वंद्वी अजला टोमयानोविच से 7-5, 2-2 से आगे चल रही थी जब उनकी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी ने बाएं घुटने में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। क्वितोवा ने स्पेन की दूसरी वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना विंबलडन विजेता एलेना रयबकिना से होगा, जिन्होंने अलियाक्सांद्रा सासनोविच को 6-7 (5), 6-4, 7-5 से पराजित किया।

आईसीसी टी 20 विश्व कप के लिए गुरुवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई भारतीय क्रिकेट टीम



मुंबइ। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम आगामी आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के लिए गुरुवार सुबह ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया अकाउंट्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले पूरे टीम की एक तस्वीर पोस्ट की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, पिक्चर परफेक्ट है, चलो हम इसे करते हैं। विश्व कप हम आ रहे हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में जीत दर्ज की है, लेकिन इन दोनों श्रृंखला में भारतीय टीम की गेंदबाजी चिंता का विषय रही है, खासकर डेथ ओवरों में। भारतीय टीम को विश्व कप में इस समस्या से जल्द से जल्द निजात पाना होगा। जसप्रीत बुमराह सोमवार को पीठ की चोट के कारण चार सप्ताह के टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बुमराह को शुरू में विश्व कप टीम में शामिल किया था, लेकिम अब उनका न होना एक बड़ा झटका है। बीसीसीआई ने अभी तक बुमराह के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। हालांकि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और दीपक चाहर पहले से ही टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय पर हैं। अपना विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ अभ्यास मैच खेलेगा। भारतीय टीम 23 अक्टूबर को मेलबर्न में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी।

युवा क्रिकेटर रजत पाटीदार की कहानी :बल्लेबाजी से मचाई धूम

नई दिल्ली,एजेंसी

इंदौर के रहने वाले युवा क्रिकेटर रजत पाटीदार आज साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले वनडे मैच में टीम इंडिया के लिए सेलेक्ट हुए हैं क्छछ के पिछले सीजन में अपने बल्ले से धूम मचाने वाले रजत ने उसके बाद घरेलू क्रिकेट में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 29 साल के रजत बचपन में बॉलर बनना चाहते थे। मैंने यह नहीं तय किया है कि मुझे यह करना है और वो करना है। मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि जब भी खेलूं अपना बेस्ट दूं। प्लेइंग मिलने पर भी ऐसा ही करने का प्रयास करूंगा।जवाब- मैं सारे फॉर्मेट पसंद करता हूं। मेरे पास तीनों फॉर्मेट देश का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता है। हालांकि तीनों फॉर्मेट की प्रोसेस अलग-अलग है और मैं कोशिश करता हूं कि जब जो चैलेंज सामने आए उससे जुड़ी प्रोसेस फॉलो करूं। ऐसा नहीं है कि स्ट्रगल केवल क्रिकेट में ही है। आपको अपना टारगेट पाने के लिए स्ट्रगल करना पड़ता है। मैं इसको लेकर ज्यादा नहीं सोचता, क्योंकि जो मेरे हाथ में नहीं है उसके लिए परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। मैं कोशिश करता हूं जहां भी खेल रहा हूं अपना बेस्ट दूं। मैंने हमेशा खेल पर फोकस रखा और अब देश की टीम में चुने जाने का सपना पूरा हुआ है क्रिकेट की शुरूआत 8 या 9 साल की उम्र में की थी। घरवालों का मुझे पूरा सपोर्ट मिला। उन्होंने कभी पढ़ाई, नौकरी या बिजनेस के लिए नहीं कहा। घरवालों ने जब जान लिया कि क्रिकेट ही मेरा जुनून है तो सबने मेरा साथ दिया। तब से मेरे लिए क्रिकेट ही सब कुछ बन गया।बचपन से ही क्रिकेट को लेकर पैशन था। इसलिए खेलने लगा। मुझे 19 साल के बाद समझ में आया कि इसमें करियर बना सकता हूं। फिर मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।मेरे करियर में तीन कोच का बहुत बड़ा रोल रहा है। मैं शुरूआत में विजय क्लब में अभ्यास करता था। मैंने सचिन धोलपुरे सर से बेसिक सीखी। स्टेट टीम में आने पर अमय खुरासिया सर और अब चंद्रकांत पंडित सर का मार्गदर्शन मिल रहा है। मैं अमय सर को अपनी प्रतिभा पहचानने का ज्यादा क्रेडिट दूंगा, क्योंकि अंडर-19 में मैं जब किसी टीम का हिस्सा नहीं था तब उन्होंने ही मुझे बल्लेबाजी की बारीकियों के बारे में बताया।

भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप

अल खोबार, एजेंसी

थांगलसुन गंगटे के दो गोल की मदद से भारत ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर्स फुटबॉल प्रतियोगिता में कुवैत को 3-0 से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा। भारत ने अपने पहले मैच में मालदीव को 5-0 से पराजित किया था। गंगटे के दो गोल से भारत ने कुवैत के खिलाफ भी तीन अंक हासिल किए। इस तरह से भारतीय टीम ने अभी तक एक भी गोल नहीं गंवाया है।

भारत की इस जीत में गोलकीपर साहिल ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कई शानदार बचाव किए जिससे भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक गोल नहीं खाने का अपना रिकॉर्ड कायम रखा। भारतीय टीम ने शुरू से ही हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे फायदा भी मिला। उसने लगातार कुवैत के गोल पर हमले किए जिसका फायदा उसे 16वें मिनट में मिला जब गंगटे ने टीम को बढ़त दिलाई। साहिल ने इसके बाद दो शानदार बचाव किए जिससे भारत मध्यांतर तक 1-0 से आगे रहा। कोरू के पास 60वें मिनट में गोल करने का अच्छा मौका था लेकिन उनका हेडर क्रॉसबार से ऊपर निकल गया। इसके चार मिनट बाद हालांकि वह भारत की बढ़त को दोगुना करने में सफल रहे। साहिल ने 69वें मिनट में एक और शानदार बचाव किया जिसके दो मिनट बाद गंगटे ने अपना दूसरा और टीम की तरफ से तीसरा गोल दागा। भारतीय टीम ने इसके बाद कुवैत को कोई मौका नहीं दिया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल से बाहर हुईं इंग्लिश तेज गेंदबाज इस्सी वोंग

मेलबर्न, एजेंसी

इंग्लैंड की तेज गेंदबाज इस्सी वोंग चोट के कारण महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) से बाहर हो गई हैं। वोंग होबार्ट हरिकेंस टीम का हिस्सा थीं। वोंग ने हाल के घरेलू सत्र के दौरान तीनों प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। वोंग, जो पहले सिडनी थंडर के लिए खेल चुकी हैं, की जगह न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर हेले जेन्सेन को टीम में शामिल किया गया है, जो 2020-21 सीजन में हरिकेंस की प्रतिस्थापन खिलाड़ी थीं। होबार्ट हरिकेंस द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में जेन्सेन ने कहा, जिस तरह से यह अवसर मेरे लिए आया है, यह इस्सी के लिए वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मैं निश्चित रूप से इसे दोनों हाथों से लेने जा रही हूं। उन्होंने कहा, यह वास्तव में एक असामान्य स्थिति थी जब मैंने 2020 में डब्ल्यूबीबीएल में आखिरी बार हरिकेंस के लिए खेला था, मुझे हरिकेंस टीम में वास्तव में काफी सम्मान मिला है और मैंने टीम में अपने समय का आनंद लिया है। मैं ऑस्ट्रेलिया में आने, टीम के साथ बैठक करने और वहां कुछ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।

(राउंडअप) राष्ट्रीय खेल : ऋतिका श्रीराम ने गोताखोरी में दूसरा गोल्ड जीता

राजकोट, एजेंसी

महाराष्ट्र की ऋतिका श्रीराम ने बुधवार को यहां सरदार पटेल एक्वेटिक्स कॉम्प्लेक्स में महिलाओं की 10 मीटर प्लेटफॉर्म स्पर्धा जीतकर राष्ट्रीय खेल डाइविंग प्रतियोगिता में गोल्डन हैट्रिक दोहराने की राह पर खुद को बनाए रखा है। यह तीन दिनों में उनका दूसरा स्वर्ण है और राष्ट्रीय खेलों के चार संस्करणों में उनका 10वां ताज है। सोलापुर की रहने वाली गोताखोर ऋतिका अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थी, लेकिन उन्होंने खिताब हासिल करने के लिए अधिकतम 179.30 अंक हासिल किए। पलक शर्मा (मध्य प्रदेश) ने 175.10 अंकों के साथ रजत और ईशा वाघमारे (महाराष्ट्र) ने 172.35 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। तीनों ने 48 घंटे पहले 3ट स्प्रिंगबोर्ड प्रतियोगिता में इसी क्रम में समाप्त किया था। इस बीच, अहमदाबाद में रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स में गुजरात की टेनिस खिलाड़ी जील देसाई ने अनुभवी अंकिता रैना की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए अपने राज्य को महिला एकल स्वर्ण बरकरार रखने में मदद की। तीसरी वरीयता प्राप्त जील कर्नाटक की शर्मदा बालू के खिलाफ 6-2, 3-2 से आगे चल रही थी, जब शमार्दा के टखने की चोट के कारण मैच हार गईं। जील का दबदबा साफ दिखाई दिया, जब उन्होंने अपने शानदार ग्राउंड स्ट्रोक की बदौलत शुरूआती सेट आसानी से जीत लिया। शमार्दा बालू ने दूसरे सेट के पहले दो गेम जीतकर उन्हें दबाव में लाने में कामयाबी हासिल की, लेकिन स्थानीय खिलाड़ी ने तीसरे सेट में जल्दी ही ब्रेक हासिल कर लिया। तमिलनाडु के मनीष सुरेश कुमार को भी विपक्षी खिलाड़ी की शारीरिक परेशानी और पसली में दर्द से फायदा हुआ। महाराष्ट्र के अर्जुन काधे ने शुरूआती सेट में जीत लिया था। दूसरे सेट में अर्जुन को पसली में दर्द हुआ और उन्हें मेडिकल टाइम-आउट लेने पड़ा। उसके बाद वह उसी लय को कायम नहीं रख सके और मनीष सुरेश कुमार ने मौके का फायदा उठाते हुए 2-6, 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की। वापस राजकोट में, आज दो नेशनल गेम्स रिकॉर्ड टूटे क्योंकि भारतीय तैराकी में सबसे बड़े नाम तरणताल में फिर से लहरों पर सवार होकर सबसे आगे निकल गए। पहले दिन महिलाओं की 100 मीटर बटरफ्लाई में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत चुकीं असम की आस्था चौधरी ने 200 मीटर बटरफ्लाई की हीट में 2:21.52 का समय निकाल करके ऋचा मिश्रा के 2:21.66 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पंजाब की चाहत अरोड़ा ने भी एवी जयवीना (तमिलनाडु) द्वारा कायम किए गए 34.43 सेकेंड के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए महिलाओं की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में 33.17 सेकेंड लेकर नया कीर्तिमान बनाया।

इंडिया कैपिटल्स बना लीजेंड लीग चैंपियन

जयपुर, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर की शानदार पारी से इंडिया कैपिटल्स ने शुरूआती झटकों से उबरकर भीलवाड़ा किंग्स को 104 रन से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। गौतम गंभीर की अगुवाई वाली इंडिया कैपिटल्स का स्कोर एक समय चार विकेट पर 210 रन था लेकिन इसके बाद टेलर ने 41 गेंदों पर 82 रन की धुआंधार पारी खेली जबकि मिशेल जॉनसन ने 35 गेंदों पर 62 और एस्ले नर्स ने 19 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने सात विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भीलवाड़ा की तरफ से राहुल शर्मा ने चार और मोंटी पनेसर ने दो विकेट लिए। टेलर और जॉनसन ने 126 रन की साझेदारी की। इसके जवाब में भीलवाड़ा किंग्स की टीम 18.2 ओवर में 107 रन बनाकर आउट हो गई।

उसकी तरफ से शेन वाटसन ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। कैपिटल्स की तरफ से पंकज सिंह, प्रवीण तांबे और पवन सुयाल ने दो-दो विकेट लिए।

चैंपियन्स लीग : मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड जीते, पीएसजी ने ड्रॉ खेला

जिनेवा,एजेंसी

मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की लेकिन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लियोनेल मेसी के गोल के बावजूद पहली बार ड्रॉ खेलना पड़ा। मेसी ने खूबसूरत गोल दागकर पीएसजी को बढ़त दिलाई थी लेकिन बेनफिका उसे आखिर में 1-1 से ड्रॉ पर रोकने में सफल रहा। मेसी का चैंपियंस लीग में यह 127 वां गोल था। इस बीच सेविला ने बोरुसिया डॉर्टमुंड से 4-1 से हारने के बाद मैड्रिड के पूर्व कोच जुलेन लोपेटेगुई को बर्खास्त कर दिया। मैनचेस्टर सिटी ने इलिंग हालैंड के दो गोल की मदद से कोपेनहेगन को 5-0 से करारी शिकस्त दी। नार्वे के फॉरवर्ड हालैंड अभी तक चैंपियंस लीग के तीन मैचों में पांच गोल दाग चुके हैं। रियाल मैड्रिड ने शाख्तर डोनेट्स्क को 2-1 से हराया। उसकी तरफ से युवा ब्राजीलियाई फॉरवर्ड रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने गोल किए। इस जीत से उसने ग्रुप एफ में पांच अंकों की बढ़त बना ली। अन्य मैचों में युवेंटस ने ग्रुप एच में मकाबी हैफा को 3-1 से हराया जबकि चेल्सी ने ग्रुप ई में एसी मिलान को 3-0 से पराजित किया।

वर्ष 2030 के फीफा विश्व कप का स्पेन और पुर्तगाल के साथ यूक्रेन भी करेगा मेजबानी

मैड्रिड/कीव, एजेंसी

वर्ष 2030 विश्व कप की मेजबानी स्पेन और पुर्तगाल के साथ युद्धग्रस्त यूक्रेन भी करेगा। यह तीनों देशों के फुटबाल संघ के अध्यक्षों ने फैसला लिया है। स्पेनिश फुटबॉल संघ (आरएफईएफ) के अध्यक्ष लुइस रुबियल्स ने कहा कि संस्थागत मुख्यालय मैड्रिड में है, प्रशासनिक मुख्यालय लिस्बन में है। अब यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल हमारे साथ एकजुट होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में हम व्यावहारिकताओं पर काम करेंगे। आरएफईएफ ने कहा कि रॉयल स्पेनिश फुटबॉल महासंघ और पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने 2030 विश्व कप के आयोजन के लिए यूक्रेनी फुटबॉल संघ (यूएएफ) को इबेरियन बोली में शामिल किया। वर्ष 2026 के संस्करण की मेजबानी का अधिकार पहले ही तीन देशों कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका को दिया जा चुका है।

इंडिया कैपिटल्स के सिर सजा लीजेंड्स लीग क्रिकेट का ताज

जयपुर, एजेंसी इंडिया कैपिटल्स ने रॉस टेलर (82 रन) और मिशेल जॉनसन (62) के तूफानी अर्द्धशतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे संस्करण का खिताब जीत लिया है। भारत में पहली बार हो रही इस लीग की विजेता टीम को पुरस्कार के तौर पर दो करोड़ रुपये जबकि उपविजेता को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार मिला। कैपिटल्स ने बुधवार को खेले गये फाइनल में किंग्स के सामने 20 ओवर में 212 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में किंग्स 107 रन ही बना सकी। कैपिटल्स के 21 रन पर चार विकेट गिरने के बाद टेलर और जॉनसन ने पांचवें विकेट के लिये 126 रन की विशाल साझेदारी की। इसके बाद एश्ले नर्स ने 19 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के के साथ नाबाद 42 रन की विस्फोटक पारी खेलकर कैपिटल्स को 211/7 के स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स कभी भी सहज नहीं दिखी। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण किंग्स की पारी 18.2 ओवरों में 107 रनों पर सिमट गई। इससे पहले, किंग्स ने टॉस जीतकर कैपिटल्स को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों को जल्दी पवेलियन भेज दिया। मोंटी पनेसर (13/2) ने कप्तान गौतम गंभीर (08) और ड्वेन स्मिथ (03) को आउट किया जबकि राहुल शर्मा (30/4) ने हैमिल्टन मसाकाद्जा (01) और दिनेश रामदीन (शून्य) का विकेट निकाला। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे टेलर ने किंग्स के खिलाफ अपना लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ते हुए जॉनसन के साथ शतकीय साझेदारी की। जॉनसन ने भी लीग में अपना पहला अर्द्धशतक पूरा किया। जॉनसन हालांकि 35 गेंदों पर सात चौके और तीन छक्के लगाने के बाद आउट हो गए। इसी बीच, कप्तान इरफान पठान ने राहुल को गेंद थमाई जिन्होंने टेलर का विकेट चटका दिया। टेलर ने 41 गेंदों का सामना करके चार चौके और आठ छक्के लगाए। राहुल यहीं नहीं रुके और अपने चौथे ओवर में लियाम प्लंकेट को शून्य रन पर चलता कर चौथी सफलता हासिल की। इसके बाद नर्स ने 42 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर कैपिटल्स को 200 रन के पार पहुंचाया। मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स ने 44 रनों के कुल योग तक मोर्ने वान विक (05), विलियम पोर्टरफील्ड (12) और यूसुफ पठान (06) के विकेट गंवा दिए। पवन सुयाल ने पोर्टरफील्ड और यूसुफ को चलता किया जबकि जॉनसन ने विक को पवेलियन भेजा। शेन वॉटसन ने किंग्स के लिये 19 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 27 रन बनाये जबकि जेसल कारिया ने 17 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 22 रन जोड़े। वॉटसन-कारिया के बीच चौथे विकेट के लिये 32 रन की साझेदारी हुई, लेकिन आवश्यक रनगति बढ़ने के कारण दोनों अपना विकेट गंवा बैठे और इसके बाद किंग्स की पारी बिखर गयी। वॉटसन का विकेट 79 रन पर गिरने के बाद किंग्स अपने आखिरी पांच विकेटों के बदले केवल 28 रन जोड़ सकी और 107 रन पर ऑलआउट हो गयी। कैपिटल्स के लिए पवन सुयाल, प्रवीण तांबे और पंकज सिंह ने दो-दो विकेट लिए जबकि जॉनसन और प्लंकेट को एक-एक सफलता मिली।

विश्व कप में ब्राजील होगी शीर्ष रैंकिंग की टीम

ज्यूरिख, एजेंसी ब्राजील ने गुरुवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर चल रहे बेल्जियम पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जिससे वह इस साल कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले विश्व कप में शीर्ष रैंकिंग टीम के तौर पर मैदान पर उतरेगी। ब्राजील ने सितंबर में घाना और ट्यूनीशिया के खिलाफ अपने दो अभ्यास मैच जीते जबकि बेल्जियम को नेशन्स लीग के दो में से एक मैच में नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना तीसरे नंबर पर और 2018 विश्व कप चैम्पियन फ्रांस चौथे स्थान पर बरकरार है। मेजबान कतर 50वीं रैंकिंग की टीम है जो सऊदी अरब (51वीं रैंकिंग) से महज एक पायदान आगे है। घाना की टीम 61वें स्थान से विश्व कप में निचली रैंकिंग की टीम होगी। विश्व कप में ग्रुप बी रैंकिंग के हिसाब से काफी मजबूत है जिसमें सभी चार टीमें शीर्ष 20 में शामिल है। इसमें इंग्लैंड (पांचवीं), अमेरिका (16वीं), वेल्स (19वीं) और ईरान (20वीं) की टीमें मौजूद हैं। इटली की टीम एक पायदान के फायदे से रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गयी है। पर वह विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। इस तरह इटली लगातार दो चरण में विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर पायी। स्पेन एक पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर है जबकि शीर्ष 10 की अन्य टीम नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं 2014 की चैम्पियन जर्मनी 11वें स्थान पर है। रूस 2022 में कोई मान्यता प्राप्त मैच नहीं खेलने के बावजूद दो पायदान के फायदे से 33वें स्थान पर पहुंच गया है। यूक्रेन पर हमले के कारण रूस की टीम को निलंबित कर दिया गया था।

भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच आधा घंटा देर से शुरू होगा

लखनऊ, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच गुरुवार को यहां बारिश के कारण आधा घंटा देरी से शुरू होगा। यहां पिछले दो दिनों से बारिश हो रही है और मैच के दौरान भी बारिश होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्वीट किया ,ह्यह्यबारिश के कारण देरी। शुरूआती निरीक्षण के बाद भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में वनडे मैच का समय आधे घंटे आगे बढ़ा दिया गया है।ह्लह्ल मैच अब दोपहर बाद दो बजे शुरू होगा जबकि टॉस एक बजे के बजाय एक बजकर 30 मिनट पर होगा। बारिश के कारण भारतीय टीम बुधवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भी भाग नहीं ले पाई थी।

अभियान भारतीय टीम ने पिछले दो मैचों में कुल मिलाकर आठ बदलाव किए।

विजय अभियान जारी रखने के लिए पाक के खिलाफ मजबूत टीम के साथ उतरेगा भारत

सिलहट, एजेंसी

पिछले मैचों में नए खिलाड़ियों को मौका देने के बावजूद आसान जीत दर्ज करने वाला भारत महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विजय अभियान जारी रखने के लिए मजबूत टीम के साथ उतरेगा। भारतीय टीम ने पिछले दो मैचों में कुल मिलाकर आठ बदलाव किए और अपनी दूसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को मौके दिए लेकिन खिताब का प्रबल दावेदार माने जा रहे पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम संभवतः अपने प्रमुख खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। पाकिस्तान को गुरुवार को थाईलैंड की कमजोर टीम के हाथों चार विकेट की हार झेलनी पड़ी। उसकी टीम को भारत के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले इस उलटफेर से उबरने का पर्याप्त मौका भी नहीं मिलेगा। यह दोनों टीमें अभी तालिका में पहले दो स्थान पर बनी हुई हैं। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और वह तालिका में शीर्ष पर है। श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद भारत ने शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी को पिछले एक-एक मैच में विश्राम दिया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत शुरूआत के लिए इन दोनों का फिर से एक साथ उतरना तय माना जा रहा है। लंबे शॉट खेलने वाली शेफाली पर दबाव होगा क्योंकि उनका आत्मविश्वास डिगा हुआ लगता है। उन्होंने मलेशिया के खिलाफ क्रीज पर कुछ समय बिताया लेकिन वह किसी भी समय अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलते हुए नहीं दिखी। अब जबकि महिला टी20 विश्व कप में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब यह युवा बल्लेबाज अपने नैसर्गिक अंदाज में आक्रामक पारी खेलकर अपना खोया आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंची हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स शानदार फॉर्म में है। श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी अर्धशतक बनाया। इस मैच में दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़ा था। भारतीय गेंदबाजों ने पिछले तीनों मैच में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ वे इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है तो उसके बल्लेबाजों को मलेशिया और बांग्लादेश के खिलाफ खास मौका नहीं मिला क्योंकि उनके सामने छोटा लक्ष्य था, लेकिन थाईलैंड के खिलाफ वे प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने इस मैच में पांच विकेट पर 116 रन बनाए और केवल सिदरा अमीन ही अर्धशतक जड़ पाई। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन थाईलैंड के खिलाफ उनके सामने बचाव के लिए बड़ा स्कोर नहीं था। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर हमेशा ही उत्सुकता बनी रहती है लेकिन इस साल इन दोनों टीमों के बीच जो दो मैच अभी तक खेले गए हैं उनमें भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की। भारत ने जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में पाकिस्तान को आसानी से हराया था। इन दोनों टीमों के बीच जो पिछले पांच मैच खेले गए हैं उनमें भारत विजयी रहा।

संक्षिप्त खबरें

कनाडा में मंकीपॉक्स के 1406 मामलों की पुष्टि

ओटावा। कनाडा ने अस्पतालों में भर्ती मंकीपॉक्स के 38 मरीजों सहित कुल 1,406 मामलों की पुष्टि की है।

कनाडा की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा बुधवार को पुष्टि किये मामलों में ओंटारियो के 674, क्यूबेस के 521, ब्रिटिश कोलंबिया के 162, अल्बर्टा के 41, सस्केचेवान के तीन, युकोन के दो और नोवा स्कोटिया, मैनिटोबा और न्यू ब्रंसविक का एक-एक मामला है। टीकाकरण पर राष्ट्रीय सलाहकार समिति (एनएसीआई) ने उच्चतम जोखिम वाले लोगों को टीके की दो खुराक दिये जाने की सिफारिश की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा में दूसरी खुराक दिया जाना इसी सप्ताह शुरू हो रहा है। दूसरी खुराक केवल उन लोगों के लिए जिनमें लक्षण नहीं हैं और यह पहली खुराक के 28 दिन बाद दी जा सकती हैं।

पुतिन की धमकियों के बढ़ते डर के बीच पोलैंड ने अमेरिका से मांगे परमाणु हथियार

वाशिंगटन/वारसा। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच यूरोपीय देश पोलैंड ने अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका से परमाणु हथियारों की मांग की है। पोलैंड ने आशंका जताई है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की हमलावर सेना का सफाया करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। पोलैंड के राष्ट्रपति डूडा की परमाणु हथियारों की मांग इस संकेत का ताजा उदाहरण है कि अमेरिका और उसके सहयोगी युद्ध में परमाणु के उपयोग को रोकना चाहते हैं। डूडा की यह टिप्पणी रूस द्वारा पड़ोसी बेलारूस में परमाणु हथियारों में अनुमति देने के बाद आई है। पोलिश राष्ट्रपति ने कहा कि पोलैंड के लिए परमाणु साझाकरण कार्यक्रम में शामिल होने का यह एक अवसर है। जिसके तहत अमेरिका पोलैंड को परमाणु बम की तकनीक हस्तांतरण के साथ प्रशिक्षण का अवसर दे सकता है। पोलैंड में अमेरिकी परमाणु हथियारों को ले जाना परमाणु अप्रसार संधि और 1997 में नाटो-रूस संस्थापक अधिनियम का उल्लंघन का मामला सामने आ सकता है।

अपहृत सिख परिवार के चारों सदस्य मिले मृत

सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में अपहृत सिख परिवार के चारों सदस्य एक बगीचे में मृत मिले हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मूल रूप से पंजाब के होशियारपुर के हरसी पिंड के रहने वाले इस परिवार का सोमवार को अपहरण कर लिया गया था। मर्सेड काउंटी के शेरिफ वर्न वार्नके ने बताया कि आठ माह की बच्ची आरुही धेरी, उसकी मां जसलीन कौर (27), पिता जसदीप सिंह (36) और जसदीप के भाई अमनदीप सिंह (39) के शव इंडियाना रोड एंड हचिनसन रोड के पास एक बगीचे से बरामद हुए। वार्नके ने बताया कि बगीचे के पास खेत में काम करने वाले एक मजदूर ने शव देखे और उसने तुरंत अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सभी शव एक साथ मिले। वार्नके ने बुधवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं अपना रोष शब्दों में बयां नहीं कर सकता। शेरिफ ने मामले में संदिग्ध जीसस मैनुअल सालगाडो के बारे में कहा, इस इंसान को नरक में जगह मिलेगी।

म्यांमा की अदालत ने जापानी पत्रकार को दस साल कैद की सजा सुनाई

बैंकॉक। सैन्य शासित म्यांमा की एक अदालत ने जुलाई में देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार जापानी पत्रकार को दस साल की जेल की सजा सुनाई है। जापान के एक राजनयिक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जापानी दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख तेत्सुओ कितादा ने कहा कि तोरू कुबोता को बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन कानून का उल्लंघन करने के जुर्म में सात साल और उकसावे के अपराध में तीन साल की सजा सुनाई गई।

शिनजियांग से लोगों के बाहर जाने पर लगा प्रतिबंध, फ्लाइट और बस पर भी लगा बैन

● चीन के शिनजियांग में कोरोना को लेकर सख्ती बढ़ाई गई है। लोगों पर शिनजियांग से बाहर जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके अलावा फ्लाइट और बस सर्विस पर भी बैन लगा दिया गया है।

हॉन्ग कॉन्ग, एजेंसी।

चीन के शिनजियांग में कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन लगाया गया है। शिनजियांग में लोगों पर प्रतिबंधों को अब और बढ़ा दिया गया है। लोगों के शिनजियांग छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुछ ही हफ्ते पहले प्रतिबंधों में ढील दी गई थी, लेकिन अब सख्ती बढ़ाई जा रही है।

शिनजियांग के वाइस चेयरमैन लियू सुशे ने कहा कि देश के अन्य हिस्सों में वायरस ना फैले, उसके लिए एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों और चेकप्वाइंट पर एहतियात बरती जा रही है। बाहर से आने वाली ट्रेनों, बसों और ज्यादातर फ्लाइट्स को भी निलंबित किया जाएगा।

38 मरीजों में नहीं मिला लक्षण

करीब दो करोड़ की आबादी वाले शिनजियांग में कई अल्पसंख्यक भी रहते हैं। सीएनएन ने बताया कि प्रांत में कोरोना के 38 मरीजों में कोई लक्षण नहीं मिला है। इसी वजह से शिनजियांग में सख्ती बढ़ाने का फैसला लिया गया। लियू सुशे ने लोगों से अपील की है कि वे इलाके तब तक ना छोड़े, जब तक बहुत जरूरी काम ना हो। फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी के मुताबिक, उरुमकी एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली 97 फीसदी और लैंड करने वाली 97 फीसदी फ्लाइट्स पर बुधवार को प्रतिबंध लगा दिया है। इसी बीच, शिनजियांग के दूसरे सबसे बड़े शहर काशगर से उड़ान भरने वाली सभी फ्लाइट को रद कर दिया गया है। शिनजियांग में कोविड-19 के 5,790 मामले

लियू ने कहा, ह्यशिनजियांग के इतिहास में कोरोना संक्रमण मौजूदा दौर में सबसे तेजी से फैलने वाला, सबसे व्यापक, सबसे संक्रामक और नियंत्रित करने में सबसे कठिन है।ह्न बता दें कि 30 जुलाई से अब तक प्रांत में कोविड-19 के 5,790 मामले सामने आ चुके हैं।

बन्नी उत्सव में घायल हुए 70 से ज्यादा लोग

अमरावती, एजेंसी।

● आंध्र प्रदेश के कुरनूल में बन्नी उत्सव में 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। बन्नी उत्सव में दो समूह के लोग लाठी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में कई लोग गंभीर रूप से भी घायल हुए हैं। ये परंपरा हर साल दशहरा के मौके पर निभाई जाती है।

देशभर में 5 अक्टूबर को दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। हालांकि, आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में इस त्योहार की रौनक फीकी पड़ गई। दरअसल, देवरगट्टू गांव में बन्नी उत्सव के दौरान लाठियों से हमले में 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार, यहां हर साल दशहरा के मौके पर आयोजित बन्नी उत्सव में डंडे मारे जाते हैं। परंपरा के चलते इस बार भी दो समूहों के लोगों ने एक-दूसरे पर डंडे बरसाए, इस दौरान 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को अडोनी और अलूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। बन्नी उत्सव के दौरान कर्नाटक का रहने वाला एक बच्चा रविंद्रनाथ रेड्डी भी मृत पाया गया है। पुलिस को आशंका है कि उसकी मौत कार्डियक अरेस्ट के चलते हुई है। गौरतलब है कि माला मल्लेश्वर स्वामी मंदिर में हर साल दशहरा समारोह में छड़ी से लड़ाई की जाती है। इस बार पुलिस से इस आयोजन की मंजूरी नहीं थी, लेकिन फिर भी गांववालों ने अपनी परंपरा का हवाला देते हुए इसका आयोजन किया। वार्षिक उत्सव के तौर पर विभिन्न गांवों के लोग यहां देवता की मूर्तियों पर अपना नियंत्रण करने आते हैं।

पलक्कड़ बस दुर्घटना मामले में केरल हाईकोर्ट हुआ सख्त

● बस दुर्घटना के मीडिया रिपोर्टों के आधार पर स्वत संज्ञान लेने वाले जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और पी.जी. अजितकुमार की खंडपीठ ने यह भी आदेश दिया कि वाहनों में चमकती लेजर लाइट और प्रतिबंधित हॉर्न का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

कोच्चि,एजेंसी।

केरल के पलक्कड़ जिले में बस दुर्घटना में पांच स्कूली छात्रों समेत नौ की जान चली गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पल्लकड़ में हुई इस बस दुर्घटना पर केरल हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है।

केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को पलक्कड़ बस दुर्घटना के संबंध में पुलिस और मोटर वाहन विभाग से जांच रिपोर्ट मांगी है। इस दुर्घटना में पांच स्कूली छात्रों सहित नौ लोगों की जान चली गई।

बस दुर्घटना के मीडिया रिपोर्टों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेने वाले जस्टिस अनिल के. नरेंद्रन और पी. जी. अजितकुमार की खंडपीठ ने यह भी आदेश दिया कि वाहनों में चमकती लेजर लाइट और प्रतिबंधित हॉर्न का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही यह निर्देश भी दिया कि ऐसे लाइट और हॉर्न वाले वाहनों को जब्त किया जाए।

अदालत ने पूछा, कैसे जारी किया गया फिटनेस प्रमाणपत्र

पीठ ने कहा कि निजी बस, जो तेज गति से जा रही थी और पीछे से केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (डरफ्छउ) की बस से टकरा गई। इसमें चमकती लेजर लाइट और साउंड सिस्टम थे, जो अदालत के आदेशों का उल्लंघन है। साथ ही पीठ ने पूछा कि बस को फिटनेस प्रमाणपत्र कैसे जारी किया गया? वहीं, अब इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

वैश्विक नीति पर एस जयशंकर ने कहा- विश्व में दोहरे मापदंड का चलन है पुराना

आकलैंड, एजेंसी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत वैक्सीन के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक है। भारत अपने देशवासियों को टीका लगाने के साथ ही अन्य देशों की भी मदद की है। उन्होंने आकलैंड सामुदायिक व्यवसाय को संबोधित करते हुए कहा, करोना महामारी के दौरान हम टीकों के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक थे और आज भी हैं।

महामारी के दौरान जब हम अपने लोगों को वैक्सीन लगा रहे थे उसी दौरान हमने दूसरों की भी मदद करने का निर्णय लिया। हमने सबसे पहले उन देशों को प्राथमिकता दी जिनके पास मुफ्त वैक्सीन की सुविधा नहीं थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व रूस-यूक्रेन युद्ध से ग्रसित है। उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान के अधिग्रहण को भी एक बड़ा मुद्दा बताया। दुनिया में दोहरे मापदंड और भारत की स्थिति पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोहरे मापदंड का चलन पुराना है। उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमने जो बदलाव देखे हैं उनमें से एक यह भी है कि अमेरिका अपने खुद के पुराने

● विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत वैक्सीन के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक है। भारत अपने देशवासियों को टीका लगाने के साथ ही अन्य देशों की मदद की है। करोना महामारी के दौरान हम टीकों के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक थे और आज भी हैं।

गठबंधन, संधि और रिश्ते से बाहर के देशों के साथ काम करने के लिए आगे बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि आपके पास अदालत जैसे तंत्र हैं, जिसमें अमेरिका के लिए कुछ गठबंधन शामिल हैं। हालांकि भारत जैसा भी देश है जो ऐतिहासिक रूप से गठबंधनों और संधियों से दूर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूजीलैंड की भारतीय मूल की पहली मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने कहा कि 1970 और 1980 के दशक में प्रमुख निर्णय जी-7 देशों के द्वारा लिए जाते थे, लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव हुआ और इसका केंद्र जी-20 देशों की ओर स्थानांतरित हो गया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इस दशक के अंत तक इसको दुनिया के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

अमेरिका ने फिर तैनात किया विमान वाहक पोत, उत्तर कोरिया ने दागीं और मिसाइल

सियोल। उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इससे पहले, प्योंगयांग द्वारा परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम मिसाइल का जापान के ऊपर से प्रक्षेपण करने के जवाब में अमेरिका ने कोरियाई प्रायद्वीप के पास एक विमानवाहक पोत को फिर से तैनात किया था।

मिसाइल के ताजा प्रक्षेपण इस बात का संकेत देते हैं कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन कर अपने परमाणु शस्त्रागार को मजबूत करने के लक्ष्य से हथियारों का परीक्षण जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई विशेषज्ञों का कहना है कि किम का लक्ष्य एक वैध परमाणु संपन्न देश के रूप में अमेरिका की मान्यता हासिल करना है और उस पर लगे प्रतिबंधों को हटवाना है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस प्रकार के कोई संकेत नहीं मिले हैं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि इन मिसाइल को उत्तर कोरिया के राजधानी क्षेत्र से 22 मिनट के अंतराल से कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच प्रक्षेपित किया गया। पहली मिसाइल ने 350 किलोमीटर (217 मील) की दूरी तय की और यह 80 किलोमीटर (50 मील) की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची, जबकि दूसरी मिसाइल ने 800 किलोमीटर (497 मील) की दूरी तय की और यह 60 किलोमीटर (37 मील) की अधिकतम ऊंचाई पर पहुंची। मिसाइल संबंधी यह जानकारी जापान द्वारा मुहैया कराई गई सूचना से मेल खाती है। जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा ने कहा था कि मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में नहीं पहुंची। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने सतर्कता बढ़ा दी है और वह अमेरिका के सहयोग से हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। अमेरिकी हिंद प्रशांत कमान ने कहा कि इन प्रक्षेपणों से अमेरिका या उसके सहयोगियों को तत्काल कोई खतरा नहीं है, लेकिन इसने उत्तर कोरिया के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों के संभावित प्रभावोंको रेखांकित किया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने इन प्रक्षेपणों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकने वाला बताया। उत्तर कोरिया ने पिछले दो सप्ताह से भी कम समय में छठी बार हथियारों का प्रक्षेपण किया है।

थाईलैंड के चाइल्ड केयर सेंटर में अंधाधुंध गोलीबारी, 22 बच्चों समेत 34 की मौत

● थाईलैंड के पूर्वोत्तर प्रांत में अंधाधुंध गोलीबारी और चाकू से हमले की घटना सामने आई है। मामले में कम से कम 34 लोग मारे गए हैं। गोलीबारी के बाद गनमैन ने खुद को भी मार डाला।

नई दिल्ली, एजेंसी।

थाईलैंड में अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में 34 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 22 बच्चे शामिल हैं। हमलावर ने फायरिंग के बाद खुद की भी जान ले ली। जिस वक्त हमलावर डे केयर सेंटर में घुसा, वहां करीब 30 बच्चे मौजूद थे। गनमैन ने पहले वहां के पांच स्टाफ पर फायरिंग की। वहीं कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में आज सोनिया गांधी ने भी हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीते कई दिनों से इस पदयात्रा में भाग ले रहे हैं। कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा कश्मीर तक चलेगी। इस बीच आज यात्रा के दौरान राहुल ने कर्नाटक सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यहां कि सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। दूसरी ओर रूस यूक्रेन युद्ध कई प्रयासों के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नरम रुख के बावजूद अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समझौते को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी बलों ने खेरसान के भी कई इलाकों पर अब अपना कब्जा वापस ले लिया है। फ्रांसीसी लेखक एनी एरनॉक्स ने जीता साहित्य का नोबेल पुरस्कार, उन्हें यह पुरस्कार निजी यादों की परतों, साहस और व्यक्तिगत स्मृति की जड़ों को स्पष्टता के साथ लिखने के लिए दिया गया है। विशेष सीबीआई अदालत ने सीबीआई को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 14 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। दिल्ली सीमा शुल्क ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से लगभग 28 करोड़ रुपये की सात महंगी घड़ियां जब्त कीं और यात्री को गिरफ्तार कर लिया है।

चेतावनी सीमाओं को पार करके इस्लामाबाद पर हमला करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इमरान खान पर भड़की शहबाज सरकार, इस्लामाबाद पर हमला करने के खिलाफ दी चेतावनी

● प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने पूर्व प्रधान मंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान को देशद्रोही कहा और उन्हें इस्लामाबाद पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी।

इस्लामाबाद, एजेंसी।

पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने पूर्व प्रधान मंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान को 'देशद्रोही' कहा और उन्हें इस्लामाबाद पर हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी।, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास में हुई बैठक के दौरान सत्तारूढ़ गठबंधन ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की सरकारों से देश में अराजकता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए 'उपकरण' बनने से परहेज करने को कहा इस्लामाबाद की ओर इमरान खान के लंबे मार्च आह्वान के संदर्भ में, बैठक के प्रतिभागियों ने फैसला किया कि उन्हें संविधान और कानून की सीमाओं को पार करके इस्लामाबाद पर हमला करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इससे पहले, पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने पार्टी कार्यकताओं को इस्लामाबाद में 'हकीकी आजादी मार्च' के लिए तैयार होने का निर्देश दिया और अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को शपथ लेने के लिए कहा कि वे देश के लिए जेहाद मानते हुए लंबे मार्च में भाग लेंगे। इमरान खान ने अभी भी मार्च की तारीख का खुलासा नहीं किया है। एक बैठक के दौरान, बैठक के सदस्यों ने इमरान खान को 'राज्य संस्थानों को संविधान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उकसाने' के लिए 'देशद्रोही, साजिशकर्ता और दंगा करने वाला' करार दिया। इमरान खान के लंबे मार्च को रोकने के लिए, शहबाज शरीफ की सरकार ने भी सेना को बुलाने और राजधानी शहर में सैनिकों को तैनात करने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों का हवाला देते हुए, डान ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के प्रवेश को रोकने के लिए राजधानी शहर के रेड जोन में पाकिस्तानी सेना को तैनात किया जाएगा।

क पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555